डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 81600 10 ग्राम

₹ 100000 01 किलो

सेंसेक्स 77,414.92 -191.51

डॉलर 85.534 -0.106

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




चैत्र शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 30 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-163, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

### भू-सत्यापन में बड़ा फर्जीवाड़ा

# सीसीएल व अंचल कार्यालय की मिलीभगत हुई उजागर

- फर्जीवाड़े का दायरा और बढ़ सकता है
- 22 लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप
- फर्जी वंशावली, हुकुमनामा और अवैध जमाबंदी से लाभ लिया गया।
- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने टंडवा थाना में शिकायत की।






**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** भू-सत्यापन में हेराफेरी कर अवैध तरीके से सीसीएल की परियोजना में नौकरी और मुआवजा दिलाने का मामला उजागर हुआ है। टंडवा अंचल कार्यालय और सीसीएल कर्मियों की संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने 248 पृष्ठों के साक्ष्य के साथ टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। छह सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में 22 लोगों द्वारा अंचल अधिकारी और सीसीएल कर्मियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से नौकरी व मुआवजा लेने के मामले सामने आए हैं। प्रशासन ने इस आधार पर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि बाहरी व्यक्तियों को फर्जी वंशावली, लगान, हुकुमनामा और अवैध जमाबंदी के आधार पर सत्यापन कर लाभ दिया गया। पिपरवार थाना क्षेत्र के मौजा कनौदा में अनुसूचित जाति के परिवारों की 11.12 एकड़ भूमि का दोहरा सत्यापन (ओवरलेप) कराया गया, जिसे संगठित गिरोहों ने हड़प लिया। रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि मामले की गहराई से जांच करने पर संगठित गिरोहों का नेटवर्क और बड़ा हो सकता है। कई सरकारी दस्तावेजों में हेरफेर कर बड़े पैमाने पर अवैध सत्यापन किए गए हैं। भुक्तभोगी लगातार वरीय अधिकारियों से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं मिला है।

> जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। इसी आधार पर प्रशासन की ओर से टंडवा थाना में लिखित शिकायत दी गई है। स्वतंत्र एजेंसी द्वारा की गई जांच में भी धांधली की पुष्टि हुई, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आगे की जांच में सभी तथ्य स्पष्ट होंगे और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।' प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह**

## जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उग्रवादियों के खिलाफ लातेहार पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर मुरी भुइयां उर्फ छोटू को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस संबंध में छिपादोहर थान में सीआरपीएफ के 11वीं बटालियन के कमांडेट यादराम बुनकर, डिप्टी कमांडेंट मुकेश कुमार सिंह, बरवाडीह एसडीपीओ भरत राम ने संयुक्त रूप से शनिवार को छिपादोहर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी। बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय दस्ता छिपादोहर थाना अंतर्गत कटैया जंगल में साइन बोर्ड के पास किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टीम गठित की। पलामू रेंज के अभियान डीआईजी के निर्देश पर व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कटैया जंगल में छापेमारी करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम मुरी भूइयां उर्फ छोटू, उर्फ पप्पू बताया। वह 35 वर्ष का है। वह पलामू जिले का रहने वाला है। पकड़े गए उग्रवादी ने खुद को जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का एरिया कमांडर बताया। उसने बताया कि वह अपने साथियों के साथ लातेहार व पलामू जिले में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी दल में छिपादोहर थाना प्रभारी शीतल कुमार सिंह, इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सहाय, रितेश कुमार राय, विकासेंद्र त्रिपाठी, आईआरबी के जवान, छिपादोहर थाना शामिल थे।

## वासंतिक नवरात्र

### प्रथम : शैलपुत्री



यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से प्रथम रूप है। मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं और इनकी पूजा से चंद्रमा से संबंधित दोष खत्म हो जाते हैं।

वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्द्धकृत शेखराम।
वृषारूढ़ा शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम॥

नवरात्र पूजन के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन होता है। पर्वतराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया है। मां शैलपुत्री दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प लिये अपने वाहन वृषभ पर विराजमान होती हैं। नवरात्र के इस प्रथम दिन की उपासना में साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। शैलपुत्री का पूजन करने से 'मूलाधार चक्र' जागृत होता है और यहीं से योग साधना आरंभ होती है, जिसससे अनेक प्रकार की शक्तियां प्राप्त होती हैं।

# टीएसपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- तीन गिरफ्तार, एक देसी कट्टा, मोबाइल, नक्सली पर्चा, मोटरसाइकिल बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने टीएसपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने वाला गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रंका थाना क्षेत्र में माइंस और क्रशर मालिकों से लेवी मांगने और दहशत फैलाने वाले तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। तीनों अपराधी खुद को टीएसपीसी का एरिया कमांडर बताकर रंगदारी मांग रहे थे। पुलिस ने उनके पास से अवैध हथियार, लूटे गए मोबाइल, नक्सली पर्चा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को को पत्रकारों को दी। एसपी ने बताया की माइंस संचालक मोहन मुरारी देव ने 18 मार्च को रंका थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि 16 मार्च की रात तीन अज्ञात अपराधी माइंस में घुसे और कर्मचारियों को धमकाया। अपराधियों ने टीएसपीसी के नाम पर लेवी मांगी और विरोध करने पर मोबाइल लूट कर फरार हो गए। अपराधियों ने धमकी दी कि अगर पैसा नहीं दिया गया तो गोली मार दी जाएगी और काम बंद करवा दिया जाएगा। गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम बनाई गई। 28 मार्च की रात पुलिस को सूचना मिली कि **शेष पेज 11 पर**

### ईद, सरहुल व रामनवमी को ले रांची पुलिस ने की मॉक ड्रिल

# स्कूल में गया आंसू गैस का धुआं, कई बच्चे हुए बेहोश

- सदर अस्पताल में भर्ती कराए गए, दो बच्चियों को छोड़ अन्य को मिली छुट्टी
- भाजपा विधायक सीपी सिंह ने घटना को पुलिस की लापरवाही बताई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर पुलिस ने शनिवार को कांके रोड स्थित रांची पुलिस लाइन में उपद्रवियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस की इस मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस लाइन स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय में आंसू गैस का धुआं पहुंचने से बच्चों की आंखों में जलन होने लगी। कई बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी और वे बेहोश हो गए। आनन फानन में दर्जन भर बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वैसे, बाद में दो बच्चों को छोड़कर अन्य को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में भर्ती दो बच्चियों की स्थिति अब बेहतर बताई जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक सीपी सिंह सदर अस्पताल पहुंचे और वहां उन्होंने डॉक्टर और बच्चों के अभिभावकों से बात की। रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाए और कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान स्कूल में आंसू गैस का धुआं चला जाना बिल्कुल सही नहीं है। पुलिस को घनी आबादी से दूर इलाके में **शेष पेज 11 पर**

> **स्कूल में मची अफरातफरी**
>
> स्कूल की प्रिंसिपल डॉ ज्योत्सना प्रसाद ने बताया कि अचानक एक धमाके की आवाज हुई और कुछ पल में ही क्लास रूम में आंसू गैस की दुर्गंध फैल गई। इस कारण बच्चों समेत शिक्षकों को भी दिक्कत होने लगी। तुरंत सभी बच्चों को क्लास रूम से बाहर निकाला गया। इस बीच दूसरा धमाका होने पर स्कूल कैंपस के बगल में मौजूद पुलिस लाइन में पहुंची। वहां पुलिस वालों ने बताया कि आगामी पर्व त्योहार के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की जा रही थी। वहां आंसू गैस के गोले दागे जा रहे थे। इसका असर स्कूल तक पहुंच गया। लेकिन, सूचना मिलते ही पुलिस के स्तर पर स्कूल में एंबुलेंस भेजा गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




## अभाविप के रांची महानगर के अध्यक्ष बने संतोष महतो

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची महानगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा शनिवार को सेंट्रल लाइब्रेरी के सभागार में की गई। रांची महानगर अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार महतो और रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे बने। इनके अलावा विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी दिया गया। रांची महानगर के निर्वाचन कार्यकारिणी के निर्वाचनकर्ता जिला प्रमुख आनंद ठाकुर ने पुरानी इकाई को भंग कर नई इकाई की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख रूप से केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम पुरोहित, विभाग संयोजक रोहित शेखर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रमुख शिवेंद्र सौरव, महानगर संगठन मंत्री बमभोला उपाध्याय मौजूद थे। महानगर मंत्री तुषार दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मूल्य ध्येय ज्ञान शील एकता को अंतर निहित करते हुए हम राष्ट्र प्रथम भाव से विद्यार्थियों के हित के लिए एवं समाज में सकारात्मक कार्य को गति देने का कार्य करेंगे। महानगर मंत्री सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि दायित्व है। यह दायित्व मुझे हमेशा बोध कराएगी कि पूरी रांची महानगर की शिक्षा का सुदृढ़करण हमारे कंधे पर है। विद्यार्थियों के हित के लिए 24 गुणा 7 मेरे साथ परिषद के तमाम कार्यकर्ता उनके हित में हमेशा तत्पर रहेगी। साथ ही साथ विकसित भारत पर संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ आनंद ठाकुर ने कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है, इसलिए हम सभी विद्यार्थी आज अपने आप को शैक्षणिक रूप से मजबूत कर विश्व पटल पर भारत को एक अलौकिक शक्ति में प्रदर्शित करें।

# उपायुक्त ने की सरहुल और रामनवमी को लेकर बैठक

- सभी तैयारियों पर क्रमवार समीक्षा की, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शनिवार को कार्यालय कक्ष में सरहुल और रामनवमी पर्व के अवसर पर विद्युत व्यवस्था सहित अन्य प्रशासनिक तैयारी की समीक्षा के लिए सभी सम्बंधित पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त की ओर से क्रमवार सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए सरहुल जुलूस एवं रामनवमी जुलुस मार्ग में सड़क मरम्मती, जेनेटर की ओर से बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सरहुल और रामनवमी जुलूस के दौरान बिजली के तार व्यवस्थित एवं खुले हुए न हो यह सुनिश्चित कर लें। जब तक जुलूस रात्रि में वापस नही हो जाती है, तब तक बिजली आपूर्ति न बहाल करें। सुनिश्चित होने के बाद में बिजली बहाल किया जाए। इसके लिए माइक्रो लेवल मॉनीटरिंग करें। आगामी सरहुल पर्व में जिला प्रशासन की ओर से शहर के प्रमुख मार्गो में विशेष साज-सज्जा किया जाएगा एवं प्रमुख जगहों पर रंगा-रंग कार्यक्रम झारखंड की संस्कृति पर आधारित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तैयारियों में लगा है कि इस प्राकृतिक महापर्व को भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सकें। सरहुल पर्व एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को लगाया जायेगा, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे हैं। साथ ही, ड्रोन कैमरे का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि असामाजिक तत्व किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं उठा पाएं।

## सुकमा मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापाल इलाके में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में नक्सलियों के प्रमुख लीडर जगदीश उर्फ बुधरा समेत 17 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। यह अभियान 28 मार्च से जारी है, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त टीम ने नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर ऑपरेशन शुरू किया। 29 मार्च को सुबह 8 बजे से देर शाम तक नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ लगातार जारी थी। जानकारी के अनुसार, जगदीश उर्फ बुधरा दरभा डिवीजन का इंचार्ज था और उसके ऊपर 25 लाख रुपए का इनाम था। वह सुकमा जिले के ग्राम पिट्टेडब्बा, थाना कूकानार, और ग्राम पाउरगुडेम, थाना पामेड़ का निवासी था। लगभग 40 साल की उम्र में बुधरा नक्सली संगठन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं, जिनमें एके-47, एसएलआर, इंसास राइफल, पॉइंट 303 राइफल, रॉकेट लांचर, बीजीएल लांचर और विस्फोटक पदार्थ शामिल हैं। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है, और सुरक्षा बलों ने इस ऑपरेशन में अभी और नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने की संभावना जताई है। इस ऑपरेशन के दौरान, डीआरजी के दो जवान घायल हो गए हैं।

# केटीपीएस में हुआ 6 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर प्लांट का ट्रायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) केटीपीएस जलाशय में छह मेगावाट की कुल क्षमता के लिए फ्लोटिंग सोलर पैनल का पहला सीओडी एक अक्षय ऊर्जा का ट्रायल सफल रहा। अप्रैल माह में केटीपीएस झारखंड विद्युत उर्जा निगम लिमिटेड की कोडरमा जिला को बिजली उपलब्ध कराएगी। यह योजना 39 करोड़ रुपए में पूरी हुई है। वर्तमान में विद्युत विभाग 38 मेगावाट और झुमरीतिलैया में 25 मेगावाट की आपूर्ति हो रही है और अप्रैल में छह मेगावाट आपूर्ति मिलने के बाद गांव में यह बिजली उपलब्ध कराने की योजना है। सब कुछ ठीकठाक रहा, तो बिजली मिलने से गर्मी में लोगों को कुछ राहत मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार इसका उद्देश्य 250 द्विमुखी सौर पैनलों के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए जल निकायों का उपयोग करना है। इसके अलावा, हरित ऊर्जा में परिवर्तन के अभियान में, डीवीसी तिलैया बांध में 150 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन जोड़ रहा है। ट्रायल के मौके पर मुख्य अभियंता मनोज कुमार ठाकुर सीजीएम और एचओपी, संजय कुमार सिन्हा सीनियर जीएम ओएंडएम, मानस कुमार मंडल सीनियर जीएम इलेक्ट्रीक, रंजीत दास जीएम सीएंडआई, सूरज पटनायक सीनियर मैनेजर इलेक्ट्रीक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी आशिम अमिताभ परिदा की उपस्थिति थे।

## इंडिया | आधुनिकता की भेंट चढ़ता भारतीय नववर्ष और इतिहास की जड़ें




लुप्त हो रही भाषा संस्कृति के दौर में भारतीय गिनती,पहाड़ा,सवैया की तरह इसके भारतीय शब्द और अंकों को अप्रचलित कर मिटाया जा रहा है और ऐसे में आज भारतीय और नेपाली नववर्ष मनाकर इन्हें बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आज से भारतीय और नेपाली सनातनी नववर्ष और विक्रम संवत 2082 प्रारंभ हो रहा है ।विक्रम संवत से पहले युधिष्ठिर संवत, कलियुग संवत और सप्तर्षि संवत भी प्रचलित रहे हैं। चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रवर्तित विक्रम संवत ही राष्ट्रीय संवत कहलाता है। इस संवत के निर्माण के 78 साल बाद शक संवत आरंभ हुआ।अपने स्वर्णिम अतीत को विस्मृत करने वाला भारतीय समाज अब अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है और पश्चिम के भौतिकवादी अशांति से ऊब कर प्राकृतिक होने की ओर कदम बढ़ा चुका है। हम अपने शुभ कार्यों में अंग्रेजी तिथियों का उल्लेख करते हैं पर मूल गणना में उन से कोई संबंध नहीं रहता। हम जानते हैं कि भारत में जितने भी त्यौहार एवं मांगलिक कार्य किए जाते हैं, उन सभी में केवल भारतीय काल गणना को ही प्रधानता दी जाती है। आधुनिक समाज जिन्हें असभ्य समझता है या राजनीति जिनपर की जाती है उस जनजातीय समाज से लेकर भारतीय ज्योतिष की गणना में इसका आधार ही भारतीय ऋतु आधारित गणना है। सैंकड़ों वर्ष पूर्व मौसम से लेकर प्राकृतिक आपदा तक का पूवार्नुमान किसी अन्य कालगणना में मशीनों के बिना संभव ही नहीं है।वर्तमान में हम भले ही स्वतंत्र हो गए हों, लेकिन हजारों वर्ष की पराधीनता के चलते हम उस राह का अनुसरण करने की ओर प्रवृत्त हुए हैं, जो हमारे संस्कारों के साथ समरस नहीं है। नव वर्ष अंग्रेजी पद्धति से एक जनवरी को मनाया जाने वाला वर्ष गांवों के देश के संस्कारों के हिसाब से भारतीय कहीं से भी नहीं लगता। इसके नाम पर होने वाली शराबखोरी,मनोरंजन फूहड़ता के अलावा कुछ भी नहीं है। सोचने की बात यह है कि आधुनिकता के नाम पर समाज का अभिजात्य वर्ग वह सब कुछ कर रहा है, जो सभ्य और भारतीय समाज के लिए स्वीकार करने योग्य नहीं था । भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्यौहारों के पीछे कोई न कोई




प्रेरणा है। हिंदी के अंतिम मास फाल्गुन में वातावरण भी वर्ष समाप्ति का संकेत देता है, साथ ही नव वर्ष के प्रथम दिन से ही वातावरण सुखद हो जाता है। अंग्रेजी शिक्षा-दीक्षा और पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण आज भले ही सर्वत्र ईसवी संवत का बोलबाला हो और भारतीय तिथि-मासों की काल गणना से लोग अनभिज्ञ होते जा रहे हों, परंतु वास्तविकता यह भी है कि देश के जनजातीय समाज के पर्व त्यौहारों से लेकर सभी सनातनी सांस्कृतिक पर्व-उत्सव तथा राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, गुरु नानक आदि महापुरुषों की जयंतियाँ आज भी भारतीय काल गणना के हिसाब से ही मनाई जाती हैं, ईसवी संवत के अनुसार नहीं। विवाह-मुण्डन का शुभ मुहूर्त हो या श्राद्ध-तर्पण आदि सामाजिक कार्यों का अनुष्ठान, ये सब भारतीय पंचांग पद्धति के अनुसार ही किया जाता है, ईसवी सन की तिथियों के अनुसार नहीं। भारतीय नववर्ष का पहला दिन यानी सृष्टि का आरंभ दिवस, युगाब्द और विक्रम संवत जैसे विश्व के प्राचीन संवत का प्रथम दिन, श्रीराम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक दिवस, मां दुर्गा की साधना चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशवराव हेडगेवार का जन्मदिवस, आर्य समाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल जयंती जैसी विशेषताओं को समेटे हुए हमारा नव वर्ष वास्तव में हमें कुछ नया करने की प्रेरणा देता है। नववर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। ब्रह्मपुराण के अनुसार पितामह ब्रह्मा ने इसी दिन से सृष्टि निर्माण कार्य किया था, इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है। इसकी काल गणना बड़ी प्रचीन है। सृष्टि के प्रारम्भ से अब तक लगभग 1 अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार, 115 वर्ष बीत चुके हैं। यह गणना ज्योतिष विज्ञान द्वारा निर्मित है। आधुनिक वैज्ञानिक भी सृष्टि की उत्पत्ति का समय एक अरब वर्ष से अधिक बता रहे हैं। जो भारतीय काल गणना की शाश्वत उपयोगिता का प्रमाण देता है। हिंदू शास्त्रानुसार इसी दिन से ग्रहों, वारों, मासों और संवत्सरों का प्रारम्भ गणितीय और खगोल शास्त्रीय संगणना के अनुसार माना जाता है। भारतवर्ष में वसंत ऋतु के अवसर पर नूतन वर्ष का आरंभ मानना इसलिए भी विशेष है, क्योंकि इस ऋतु में चारों ओर हरियाली रहती है तथा नवीन पत्तों फूलों से प्रकृति नवश्रृंगार करती है। लोग नव वर्ष का स्वागत करने के लिए अपने घर-द्वार सजाते हैं तथा नवीन वस्त्राभूषण धारण करके ज्योतिषाचार्य द्वारा नूतन वर्ष का संवत्सर फल सुनते हैं। विक्रमादित्य ने भारत की सभी कालगणनापरक सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए ही चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की तिथि से ही अपने नवसंवत्सर संवत को चलाने की परंपरा प्रारंभ की थी और तभी से समूचा भारत इस तिथि का प्रतिवर्ष अभिवंदन करता है। झारखंड और देश के लगभग सभी जनजातीय पर्व त्यौहार भी विक्रम संवत के हिसाब से निर्धारित होते हैं जिसपर शोध की आवश्यकता है।

# देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला शुरू

**बड़ी संख्या में श्रद्धालु मन्नत मांगने पहुंचते है**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिला मुख्यालय से करीब सड़क मार्ग से 85 व रेलमार्ग से 76 किलोमीटर दूर हैदरनगर में देवी मंदिर अवस्थित है। हैदरनगर रेलवे स्टेशन से दक्षिण-पश्चिम करीब 100 गज की दूरी पर मंदिर परिसर है। पारंपरिक रुप में चैत्र नवरात्र में मंदिर परिसर की साफ सफाई व माता का मुख्य दरबार को प्रबंध समिति ने साज सज्जा के साथ श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना के लिये खोला गया है। जहां आस्था से अभिभूत इस क्षेत्र के अलावे अंतर्राज्यीय बड़ी संख्या श्रद्धालुओं को आवागमन होता है। मेला में मंदिर प्रबंध समिति को लाखों रुपये की प्राप्त आय से मंदिर के विकास और श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने पर व्यय किया जाता है। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष गुरुप्रताप साहिदेव, उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि हैदरनगर देवी धाम मंदिर परिसर में सैकड़ों वर्ष पूर्व से ही मेला लगता आया है। इस मेले में बिहार, यूपी, हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा व पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। इनकी आस्था हैदरनगर के देवी मंदिर से जुड़ी है। हालांकि नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में पूरे नौ दिनों तक भूत मेला भी लगता है। जिसमें दूरदराज से नानाप्रकार के रोगों से पीड़ितों के स्वस्थ होने की धारणा बनी है। देवी मंदिर के मुख्य द्वार के सामने करीब 50 गज की दूरी पर सैकड़ों वर्ष पुराना पीपल के वृक्ष है। जिसमें पीड़ित लोहे की बड़ी बड़ी कील गाड़कर अपनी मन्नतें श्रद्धालु मांग कर वापस जाते हैं। मान्यता है कि इन कीलों में ओझा गुणी तथाकथित पीड़ितों के भूत प्रेत को कैद कर देते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तो ओझा गुणियों ने इन भूत प्रेतों को भी कई श्रेणियों में बांट रखा है। बड़ी, छोटी भूत बता कर उसी अनुसार पीड़ितों से आर्थिक व मानसिक शोषण करने की भी चर्चा होती रही है। इनका समूह मेला परिसर में चारों ओर टेंट, तंबू व सामियाने में नजर आते हैं।



## एक नजर

### अवैध शराब आरोपी को भेजा जेल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस ने अवैध शराब के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने दी। बताया कि थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें प्राथमिकी अभियुक्त रमेश राम (55 वर्ष) पिता दशरथ राम साकिन देवरी कला थाना हुसैनाबाद (देवरी ओपी) निवासी को पुलिस ने गिरफ्तार शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे अनुसंधान जारी है।

### दावते इफ्तार का आयोजन

**चैनपुर।** रमजान के पवित्र महीना के मौके पर शनिवार को चैनपुर पूर्वी के जिप सदस्य फजायल अहमद ने अपने आवास पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में मुसलमान पूरे दिन बिना खाए अल्लाह की इबादत के लिए उपवास रखते हैं। शाम में इफ्तार करते हैं। यह पवित्र महीना में दावते इफ्तार का आयोजन करना पुनीत कार्य है। मौके पर जिप सदस्य प्रमोद सिंह, चैनपुर उप प्रमुख सुनील सिंह, बंदुआ पंचायत के मुखिया दीनानाथ मांझी, सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत राम ,झरिवा पंचायत के मुखिया पति दिनेश पासवान, नेवरा पंचायत के मुखिया पति आले हसन अंसारी, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, उप प्रमुख सुनील सिंह, सूर्य नारायण सिंह, अनिल पांडेय, मनोज यादव, डॉक्टर रईस अंसारी, मास्टर आफताब, राजन सिंह, विशुन कुमार प्रजापति, सदर इस्तेखार सहित काफी संख्या में रोजेदार व ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेवानिवृति के पूर्व शिक्षक को किया गया सम्मानित

**हुसैनाबाद।** अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे के नेतृत्व में वरीय शिक्षक शकील अहमद को अंगवस्त्र, व माला पहनाकर सम्मानित किया गया है। मालूम हो कि मार्च माह का अंतिम कार्य दिवस है और 31 मार्च को इनका सेवानिवृत्ति की तिथि है। उपस्थित शिक्षिकों ने इनके गुणों का बखान किया और कहा कि सेवाकाल निर्विघ्न से पूरा होना गौरव का विषय है। समारोह में जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे,चंचल कुमार, पलामू प्रमंडल के सोशल मीडिया प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी, सचिव निर्मल कुमार, राज्य प्रतिनिधि विनोद प्रसाद, हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार चौधरी, राज्य प्रतिनिधि प्रेम चौधरी, जिला संयुक्त सचिव चक्रवर्ती सिंह ,सुरेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

### शांति समिति की बैठक

**पांकी।** ईद ,रामनवमी एवं सरहुल पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाने को लेकर पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी पंचायत के जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न समुदाय के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। सभी ने ईद रामनवमी एवं सरहुल पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। बैठक में थाना प्रभारी राजेश रंजन ने आम अवाम से अपील की तीनों त्यौहार आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाएं। मौके पर प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह, पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि मिन्टी वर्मा, राजेंद्र यादव भाजपा नेत्री लवली गुप्ता समेत दर्जनों पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### इफ्तार पार्टी का आयोजन

**उंटारी रोड़।** रमजान के आखिरी जुमे के दिन पांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम मुसीखाप स्थित मदरसा मजहरे इस्लाम के प्रांगण में सदर डॉ. इब्राहिम अंसारी व सेक्रेटरी अलीशेर अंसारी ने इस मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समुदाय के साथ बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग भी शामिल हुए। मौके पर मुसीखाप में हिंदू मुस्लिम का सौहार्द व भाईचारा देखने को मिला। सैकड़ों लोग एक साथ इफ्तारी के लिए इकट्ठा हुए थे।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** थाना के बिंदुआ गांव में शुक्रवार की देर शाम एक युवती का शव उसके अपने ही घर के कमरे में लगे पंखे से झूलता बरामद किया गया है। घटना की सूचना पर देर रात पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले गयी। शनिवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया गया है। उंटारी थाने के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस मामला में यूडी केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर में कोई सदस्य उपस्थित नहीं था। मृत युवती प्रियंका (18) के पिता योगेन्द्र विश्वकर्मा बाहर कमाने गए हैं। मां बाजार गयी थी। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि युवती का फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### देवी धाम में दो सालों में भी नहीं बना शौचालय, समिति ने उपायुक्त को सौंपा पत्र

**हैदरनगर।** हैदरनगर देवी धाम में दो वर्ष बीतने के बाद भी सामूहिक शौचालय का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। समिति अध्यक्ष गुरु प्रताप सिंह, सचिव रामाश्रय सिंह सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि हैदरनगर देवी धाम परिसर में चैत्र नवरात्री एवं दशहरा में मेला लगता है। जिसमें झारखंड सहित अन्य पड़ोसी राज्यों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु मां भगवती के दर्शन पूजन को आते है। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। पर्याप्त शौचालय नहीं होने से मेला क्षेत्र में आने वाला रास्ता एवं आसपास भारी गंदगी फैल जाती है। लोग खुले में शौच जाने के लिए विवश होते हैं। इस कारण भारी परेशानी होती है। मंदिर परिसर में एक ही शौचालय है, जो अपर्याप्त है।

### ई-केवाइसी की समय सीमा फिर बढ़ाई गई

**मोहम्मदगंज।** राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाइसी की समय सीमा एक बार फिर बढा दी गई है। इस संबंध जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा है कि राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाइसी कराना अनिवार्य है। बिना ई-केवाइसी के राशन कार्ड निरस्त हो सकता है। जिससे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पहले ई-केवाईसी की अंतिम तारीख 31 मार्च थी। लेकिन अब इसे बढ़ाकर 30 अप्रैल 2025 कर दिया गया है। उन्होंने पीला, हरा और गुलाबी राशन कार्ड धारकों को इस अवसर का लाभ उठाते हुए सभी पारिवारिक सदस्यों का ई-केवाइसी करा लेने का संदेश दिया है।

## चैत्र नवरात्र को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** श्री महावीर मंदिर प्रबंधन समिति ने पारंपरिक रामचरित मानस नवाह परायण यज्ञ को लेकर शनिवार को बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आंबेडकर, चौक मधुशाला रोड, पुरानी बाजार, रविदास नगर, गांधी चौक से होते देवरी सोन नदी में जल भरकर वापस जपला महावीर मंदिर पहुंचा। जहां यज्ञ आचार्य लक्ष्मण पांडेय व मंदिर पुजारी गोपाल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी श्रद्धालुओं को विधिवत कलश पूजन व जलभरी कराया। 30 मार्च से चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रथमा को कलश स्थापना कर पूरे नवरात्र मानस पाठ का प्रारंभ किया जायेगा। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी व उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह के नेतृत्व में आयोजित कलश यात्रा में इनका सहयोग सराहनीय रहा। वहीं नवरात्र रविवार को अयोध्या से आए हुए आचार्य गोरखनाथ पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूरे विधि-विधान से कलश स्थापना कर नवाह यज्ञ को प्रारंभ किया जाएगा । जो 30 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक संध्या 7:00 बजे से राम कथा का आयोजन रात्रि 10:00 बजे तक किया जाएगा। कलश यात्रा को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, कोषाध्यक्ष संजय सोनी, सह सचिव राजीव कुमार ठाकुर, आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप, लोकनाथ केशरी, संतोष अग्रवाल, कई व्यवसायी, बजरंग दल के सभी कार्यकर्तागण व श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## किसानों को मिली बड़ी सौगात: कररबार जलाशय में सोन नदी से पानी लिफ्टिंग योजना स्वीकृत

**90 गांवों की पांच हजार एकड़ भूमि की सिंचाई संभव हो सकेगी**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने शनिवार को पुरंदरबीघा स्थित विधायक सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के आवास पर पहुंच कर उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। यह स्वागत हुसैनाबाद विधानसभा के हजारों किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने की खुशी में किया गया। हुसैनाबाद प्रखंड के किसानों की लंबे समय से मांग थी कि कररबार जलाशय में सोन नदी से पानी लिफ्टिंग योजना को मंजूरी मिले। यह योजना वर्षों से लंबित थी, लेकिन अब माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विधानसभा के मौजूदा सत्र में इसे पारित कराकर किसानों के सपनों को साकार कर दिया है। इस योजना के लागू होने से हुसैनाबाद के पूर्वी क्षेत्र के लगभग 90 गांवों की पांच हजार एकड़ भूमि की सिंचाई संभव हो सकेगी, जिससे वहां के किसान स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनेंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हुसैनाबाद क्षेत्र के किसानों एवं गणमान्य व्यक्तियों में भारी उत्साह देखा गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में राजेश्वर यादव, प्रमोद सिंह, यमुना यादव, रामलखन यादव, पुजारी जी, विनोद यादव, श्यामविहारी पासवान, बृजमोहन पासवान, जितेंद्र यादव सहित कई अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे किसानों ने माननीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव के इस अभूतपूर्व प्रयास की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। इस फैसले से हुसैनाबाद के कृषि क्षेत्र को नया जीवन मिलने की उम्मीद है, जिससे यहां की अर्थव्यवस्था को और भी मजबूती मिलेगी।



## आधार ऑपरेटर के खिलाफ मनमानी की शिकायत, कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड संसाधन केंद्र में बहाल आधार ऑपरेटर सरफराज अहमद के खिलाफ मनमानी करने की शिकायत मिली है। शिकायत में बताया गया कि आधार ऑपरेटर जब से इस प्रखंड में बहाल किए गए हैं, कभी उन्होंने स्थानीय बीआरसी में बैठकर काम नहीं किया है। इस कारण स्कूली बच्चों और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हो रही परेशानी को देखते हुए युवा समाज सेवी स्थानीय पंचायत के मुखिया पुत्र रोशन कुमार और पंचायत समिति सदस्य पति सुशील कुमार मेहता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रणबीर कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद गौरांग महतो को बीआरसी (मोहम्मदगंज) के आधार ऑपरेटर सरफराज अहमद की इस मनमानी को लेकर मौखिक शिकायत की है। इसमें उन्होंने बताया है कि सरफराज अहमद मोहम्मदगंज के आधार सीडिंग कार्य की आईडी लेकर हैदरनगर में रहकर प्राइवेट रूप से इसे संचालित कर रहे हैं। जब से आईडी लिया है, एक बार भी मोहम्मदगंज में रहकर आधार संबंधित काम नहीं किया है। उन्होंने बताया कि उनकी इस शिकायत के आधार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी से बात कर संबंधित आधार ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई कराने की बात कही है। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी ने बहुत जल्द ही प्रखंड कार्यालय में आधार संबंधित कार्य शुरू कराने और बीआरसी के आधार ऑपरेटर सरफराज अहमद पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### बीईईओ व बीपीओ ने भी मनमानी को माना

इस मामले में पंचायत समिति सदस्य ममता देवी का कहना है कि उन्होंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति से फोन पर बात की,तो उन्होंने भी यही माना है। यहां क्यों नहीं आधार बनाया जा रहा है। आधार ऑपरेटर कहां हैं,के सवाल पर बीईईओ ने साफ शब्दों में जवाब दिया कि जब से इस प्रखंड का आधार आईडी बीआरसी में बहाल आधार ऑपरेटर सरफराज अहमद को मिला है, तब से वह यहां कभी नहीं काम किया है।

## पलामू एक्सप्रेस का एनएससीबी जंक्शन तक परिचालन विस्तार की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने 13347/48 पलामू एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार नेताजी सुभाषचंद्र बोस (गोमो) जंक्शन तक कराने की मांग की है। इसे लेकर उन्होंने सांसद वीडी राम को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि जनहित में ऐसा करना अतिआवश्यक है। गोमो जंक्शन तक इस ट्रेन का परिचालन विस्तार होने से कोयलांचल व औद्योगिक खनिज की राजधानी धनवाद तक पहुंचने में सोननगर-गढवा रोड रेलखंड सहित बरकाकाना-गोमो जंक्शन के बीच के बेरमो, फुसरो,चन्द्रपुरा और बोकारो थर्मल सहित अन्य स्टेशनों से जुड़े रेल उपभोक्ताओं को रेल सुविधा का सहज रूप से भरपूर लाभ मिलेगा। इससे रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी भी होगी। उन्होंने बताया है कि पटना से 13348 डाउन पलामू एक्सप्रेस का बरकाकाना पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 7 बजकर 50 मिनट में है। जहां से यही रैक 13347 अप बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस बनकर रात्रि 21 बजकर 35 मिनट में पटना के लिए प्रस्थान करती है। इस प्रकार करीब 14 घंटे तक इस ट्रेन का रैक बरकाकाना में खड़ी रहती है। ऐसे में उक्त ट्रेन का परिचालन विस्तार गोमो तक किया जाना संभव है। इसे देखते हुए उन्होंने सांसद से इस मामले में यथोचित पहल कर जनहित की इस मांग को पूरी कराने का आग्रह किया है।

## न्यूज बॉक्स

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर नौनिहालों का भविष्य गढ़ा जा रहा: बीडीओ

**छतरपुर।** नगर क्षेत्र अंतर्गत मसीहानी स्थित एसवी एलिट पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम सहित अभिभावक गोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ आशीष कुमार साहू व ग्रामीण बैंक के रीजनल मैनेजर राकेश शुक्ला, नप के अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन और विद्यालय प्रबंधन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों को बच्चों द्वारा तिलक लगा कर, शॉल व पुष्पगुच्छ देकर प्रबंधन ने सम्मानित किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त एक मात्र विद्यालय इस इलाके में है। गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर यहां के नौनिहाल बच्चों को उज्जवल भविष्य गढ़ने में लगातार प्रयास किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि एमवीआई लालबिहारी यादव ने विज्ञान प्रदर्शनी देख कर बच्चों के हौंसला बुलंद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सोच जैसा प्रोजेक्ट बना कर प्रदर्शनी में लगाया है ये छोटी बात नहीं है। कार्यक्रम के अंत में सभी कक्षा के टॉपर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को अतिथियों ने रिपोर्ट कार्ड और उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### शिक्षण संस्थानों में गुरुकुल विद्या निकेतन का योगदान अग्रिम पंक्ति में: अविनाश वर्मा

**चैनपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में गुरुकुल विद्या निकेतन का योगदान सराहनीय है। यह विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को प्राथमिकता देती है। उक्त बातें प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कही। वह शनिवार को चैनपुर प्रखंड स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुकुल विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल का ट्रेंड शिक्षकों के द्वारा कम खर्चे में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रही है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान समय में शिक्षा को भी व्यवसायीकरण कुछ संस्थाओं के द्वारा किया जा रहा है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि छोटे-छोटे इलाकों में प्राइवेट स्कूल कम खर्चे में शिक्षा प्रदान कर रही है उसमें गुरुकुल विद्या निकेतन अलग पहचान बना रही है। विशिष्ट अतिथि चैनपुर थाना के थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है, जिससे बच्चे अपने खुद के वह माता-पिता वह अपने परिवार अपने इलाके का तकदीर बदल सकते हैं। इसलिए मां-बाप किसी भी परिस्थिति में रहे बच्चों को जरूर पढ़ायें। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक सिकंदर आजम, प्रधानाध्यापिका जयंती सहाय उपस्थित थी। प्रधानाध्यापिका जयंती सहाय ने नया सत्र 2 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगी। वार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा 2 के मंदिप कुमार ने 96.14 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 6 के खुशी कुमारी ने 95.75 प्रतिशत और कक्षा 7 के प्रीति कुमारी ने 91. 62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बेहतर बनाने का संकल्प लिया

**मोहम्मदगंज।** युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया विंग के नवमनोनीत स्टेट कन्वेनर राहुल सिंह ने रांची में शनिवार सुबह युवा कांग्रेस प्रभारी शशि सिंह व प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने बताया कि स्टेट गेस्ट हाउस में शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उन्होंने जोहार गमछा भेंटकर इन नेताओं का स्वागत किया। इन नेताओं ने प्रदेश में सोशल मीडिया टीम का विस्तार करने एवं मजबूत बनाने का मार्ग दर्शन दिया। इसके साथ ही पार्टी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सभी राज्यों से बेहतर बनाने और कमेटी का विस्तार करने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया नेटवर्किंग को सबसे बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है।

### दावत ए इफ्तार से आपसी सौहार्द को मिलती है मजबूती : आनंद सिंह

**नीलांबर पीतांबरपुर।** रमजान के मौके पर ग्राम मुरुबार स्थित मस्जिद के प्रांगण में रोजेदार मुस्लिमों के लिए समाजसेवी सह कृषक मित्र व उद्यान मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर समाज सेवी आनंद कुमार सिंह ने कहा कि इफ्तार पार्टी का उद्देश्य समाज में प्रेम और एकता को बढ़ावा देना है। साथ ही सभी लोगों से धर्मों के बीच सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्म के लोगों को त्योहार मनाने की स्वतंत्रता है। यहां दोनों समुदाय के लोग भाईचारा का संदेश दे रहे हैं। यही धर्म निरपेक्ष भारत की पहचान है। इफ्तार पार्टी के मौके पर मो. कासीम, जमुदीन अंसारी, नइम अंसारी, शिक्षक जैनूल मियां,रामबदन ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी महोत्सव के मुख्य संरक्षक बने डब्लू राय

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय में लगातार तीसरे वर्ष रामनवमी महोत्सव मनाने को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से नवल किशोर राय उर्फ डब्लू राय को मुख्य संरक्षक और लगातार तीसरी बार आनंद कुमार को महामंत्री चुना गया। सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति के तत्वावधान में लगातार तीसरे वर्ष 6 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य रामनवमी महोत्सव मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के मैदान में रावण पुतला दहन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रखंड से आने वाले सभी अखाड़ा प्रमुखों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जेबीटी परिसर में आयोजित बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में मंत्री पवन सोनी, सुदर्शन सोनी ,आकाश सिंह ,दिलीप तिवारी, संतु विश्वकर्मा ,छोटन दुबे ,अंकु राय, अरविंद डीसिल्वा, पिंटू कश्यप को बनाया गया। संरक्षक सदस्य में स्वामी वशिष्ठ नारायण महाराज राम निहोरा गिरी, प्रसिद्ध नारायण तिवारी, सीताराम दुबे, अजीत सिन्हा , सुरेश भगत, उमेश सोनी , बालकेश पासवान ,मुनींद्रनाथ दुबे, चंदन दुबे एवं संत तिवारी को सर्व समिति से चुना गया।



## पांच छात्रों का एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विद्या सागर आवासीय विद्यालय ताल के पांच छात्रों ने एकलव्य विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्रों ने अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर ताल पंचायत की मुखिया अनीता लोहरा ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सफल छात्रों में नेहा कुमारी पिता कमलेश यादव ग्राम ताल, वासदेव सिंह पिता मानकी सिंह ग्राम हेसातु, अभिषेक कुमार सिंह पिता जतरू सिंह ग्राम मतली,करण लोहार पिता प्रवीण लोहार ग्राम झगरूडीह, विजेंद्र लोहरा ग्राम मतली का नाम शामिल है।




## श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर के प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 20वें अधिवेशन का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान के जयघोष से प्रखंड भक्ति में हो गया। शोभा यात्रा लेस्लीगंज महावीर मंदिर से प्रारंभ होकर गोपालगंज स्थित मलय नदी तक पहुंची। जहां यज्ञाचार्य पंडित प्रवीण मिश्रा ने मंत्रोच्चारण के साथ सभी कलशधारियों को पूजा अर्चना कराते हुए कलश में जल भरवाया। इसे लेकर वापस महावीर मंदिर परिसर स्थित यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। इसके बाद व्रतियों ने महावीर मंदिर में महाआरती की।आयोजन समिति के अध्यक्ष सुदर्शन सोनी ने बताया कि महायज्ञ के तहत रविवार से श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ का आयोजन शुरू होगा, जिसमे आचार्य प्रवीण मिश्रा के द्वारा संगीतमय पाठ किया जाएगा। शनिवार से श्रीरामचरित मानस नवाह्न पारायण पाठ एवं संध्या में रामलीला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कलाकार विभिन्न प्रसंगों का जीवंत मंचन करेंगे। इस दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण आदि के चरित्रों को सजीव रूप प्रस्तुत किया जाएगा। वही कलश यात्रा में मुख्य यजमान बालकेश पासवान, मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश गिरी, योगेंद्र सोनी, बलराम मिश्रा , जगन्नाथ पासवान, मनोज सोनी, छोटेलाल प्रसाद सोनी, धर्मेंद्र सोनी, सनातन धर्म सभा केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी, उपाध्यक्ष रामप्रकाश तिवारी, चंदन सोनी, राम सोनी, उमेश सोनी, अरविंद डिसिल्वा ,पवन सोनी, सुधीर सोनी, राहुल वर्मा, संदीप सैंडिक, सुरेश भगत सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## कलश यात्रा | महायज्ञ को लेकर तैयारियां पूरी, आज निकलेगा कलश यात्रा

## यज्ञ की परिक्रमा होगी प्रारंभ, 7 अप्रैल को यज्ञ का समापन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के लोटनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम झरी खुर्द बरवाडीह में कलश यात्रा के साथ ही 9 दिवसीय श्री श्री शतचंडी महायज्ञ सह ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसको लेकर यज्ञ समिति के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं। यज्ञ स्थल पर भव्य नौ कुंडीय विशाल यज्ञ मंडप का निर्माण कराया गया है। जहां वृन्दावन व चित्रकूट से आए यज्ञाचार्यों द्वारा संगीतमय प्रवचन से आस पास का माहौल भक्ति मय हो चला है। साथ ही गांव के चौक चौराहों पर भगवा ध्वज लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इस मौके पर यज्ञ के मुख्य आचार्य राकेश बाबा के द्वारा बताया गया कि रविवार की सुबह 7 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो नगर भ्रमण करते हुए कररबार नदी से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचेगें। उन्होंने बताया कि रविवार को अग्नि मंथन के द्वारा अग्नि प्रज्वलित एवं यज्ञ की परिक्रमा प्रारंभ होगी। वहीं ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे के साथ आगामी 7 अप्रैल को यज्ञ का समापन किया जाएगा। उन्होंने धर्मप्रेमीयों से इस महायज्ञ में शामिल होने का आह्वान किया है। इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष अमेरिका सिंह, उपाध्यक्ष विजय सिंह, सचिव रामजीत सिंह, उप सचिव विनोद सिंह, सदस्य विकास उपाध्याय, राहुल उपाध्याय, पिंटू सिंह, छबिला सिंह, विनय सिंह, अनुज सिंह, विवेक सिंह, प्रमोद सिंह, अंकित, चुनमुन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### सूचना अधिकार के तहत पीडीएस की जानकारी मांगी

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के सतगांवा निवासी समाज सेवी रविन्द्र पासवान ने जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सह जन सूचना अधिकारी को आवेदन देकर हरिहरगंज प्रखंड जनवितरण प्रणाली से संबंधित जानकारी मांगी है। इसमें अनाज गोदाम के ट्रांसपोर्टर का नाम व स्वीकृति आदेश पत्र की छाया प्रति, अनाज ढुलाई करने के लिए अधिकृत वाहनों की पूर्ण जानकारी,शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लिए कितना आवंटन प्राप्त है, डीलर द्वारा कार्डधारी को ईपाश मशीन से निकलने वाली पर्ची नहीं देने का कारण, जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक कितने जनवितरण दुकानों की जांच की गई। इसका पूर्ण विवरण की मांग की गई है।

# शांति व सौहार्द के साथ उल्लासपूर्वक मनाएं त्योहार : उपायुक्त

## प्रशासन पूरी तरह सतर्क, अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में रामनवमी, ईद-उल-फितर और सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त शशि रंजन और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने पर चर्चा हुई।





बैठक में उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और बाहरी घटनाओं से प्रभावित हुए बिना शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। प्रशासन सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है, और किसी भी भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिलेभर में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। साथ ही, शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

### सुविधाओं पर विशेष ध्यान

नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि जुलूस मार्गों पर सफाई, पेयजल, चलंत शौचालय और बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रशासन ने भंडारा आयोजकों से प्लास्टिक के उपयोग से बचने और डस्टबिन रखने की अपील की है। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी, शांति समिति के सदस्य, समाजसेवी, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक संपन्न

# परीक्षा परिणाम जारी करने, शुल्क वृद्धि व वित्तीय मुद्दों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में सिंडिकेट की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने की। बैठक में परीक्षा समिति, वित्त समिति और प्रशासनिक निर्णयों पर चर्चा हुई। परीक्षा समिति की 30 जनवरी 2025 को हुई बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा कर अधिकांश प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। वहीं, 25 मार्च 2025 को हुई वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को भी विचारार्थ रखा गया और सहमति प्रदान की गई।



बैठक में विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं के 26 परीक्षा परिणाम जारी करने का निर्णय लिया गया, जिनमें एलएलबी, यूजी सेमेस्टर 2, एमसीए एमबीए और एमबीबीएस शामिल हैं, जारी करने की पुष्टि की गई। इसके साथ ही विभिन्न परीक्षाओं की परीक्षा शुल्क में वृद्धि को स्वीकृति दी गई।

आउटसोर्सिंग एजेंसी चयन को लेकर फैसला लिया गया कि अगले दो महीनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी और सबसे उपयुक्त एजेंसी को जून 2025 तक कार्य सौंपा जाएगा। इसके अलावा, सरकारी महाविद्यालयों में भेजी गई पुस्तकों के भुगतान को मंजूरी दी गई।

बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों, वित्तीय अधिकारियों और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कुलपति ने सभी निर्णयों के सही ढंग से क्रियान्वयन के निर्देश दिए ताकि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## स्टेशन पर बेकार बह रहा पानी, यात्री गर्मी से बेहाल

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत मॉडर्न बिल्डिंग और नन इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस कर दिया गया है। मगर यात्री सुविधाओं में अब भी भारी कमी बताई जाती है। बताया जाता है कि सुविधाओं में बढ़ोतरी का कार्य भी कच्छप गति चल रहा है। अव्वल, तो भयावह रूप में गर्मी सिर पर मंडराने लगी है। मगर इससे बचाव के लिए शीतल पेय जल और पर्याप्त शेड की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रगति नहीं हो सकी है। सीमित संख्या में स्थापित नल प्वाइंट से भी गरम पानी आपूर्ति होती है। ऐसे में महंगी कीमत में बोतल बंद पानी खरीद कर पीने की विवशता आ गई है। आश्चर्यजनक पहलू तो यह है कि प्लेटफॉर्म नंबर 2 के नल प्वाइंट के दूसरे नल की टोटी के नहीं रहने से पानी बेकार बह रहा है। इससे जलसंचय के अभियान को झटका लग रहा है। पानी के प्लेटफॉर्म पर फैल जाने से फिसलन पैदा हो गया है। वहीं धूप से बचाव के लिए नये स्टेशन भवन के सामने और अन्य प्लेटफॉर्म पर बड़े शेड का निर्माण अबतक नहीं किया जा सका है। पुराने प्लेटफॉर्म पर पहले से ही ऐसे बड़े शेड अलग-अलग जगहों में बने हैं। जबकि इसके अलावा अन्य सभी प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए दूर-दूर में स्थित डबल और सिंगल सीमेंटेड बेंच पर मिनी शेड बने हैं।

### कैंब्रिज पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

# असाधारण प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के दोनों शाखाओं में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, अतिथि सुधा सिंह और विद्यालय प्राचार्य ई. नंदकिशोर भारती ने संयुक्त रूप से परीक्षा परिणाम जारी किया। विद्यालय के प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एन. के. भारती ने कहा, 'परिणाम केवल अंकों की संख्या नहीं, बल्कि हमारे कठोर परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल हैं।' उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और शिक्षकों की भूमिका की सराहना की।



अतिथि सुधा सिंह ने कहा कि 'शिक्षा केवल एक लक्ष्य तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि एक आजीवन यात्रा है जो व्यक्ति और समाज के भविष्य का निर्माण करती है।'

### शाखाओं के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं

विद्यालय के रेड़मा और दुबियाखाड़ शाखा के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रमुख स्थान प्राप्त करने वालों में -

**रेड़मा शाखा :** मानवी कुमारी (नर्सरी), गंगा कुमार (एलकेजी), श्रेया कुमारी (यूकेजी), सानवी दुबे (कक्षा 1), हर्षित राज सिंह (कक्षा 4) आदि।

**दुबियाखाड़ शाखा :** आयुष कुमार सिंह (नर्सरी), अमृता कुमारी (एलकेजी), आर्यन कुमार (यूकेजी), समीर राजा (कक्षा 1), शुभम कुमार (कक्षा 4) आदि।

विभिन्न विषयों में विशेष दक्षता दिखाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि 3 अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होगी।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### श्री महावीर नवयुवक दल जनरल कार्यालय का उद्घाटन

# 62 फीट ऊंचा तोरण द्वार व एलईडी लाइटें होंगी आकर्षण का केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राम जानकी मंदिर परिसर स्थित भारत माता विवाह मंडप में श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक गणेश गिरी, अध्यक्ष युगल किशोर, रामनाथ चंद्रवंशी, मनोहर कुमार लाली, विजय कुमार ओझा और प्रमोद अग्रवाल समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर रामनवमी पूजा कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को पगड़ी, शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं, उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष युगल किशोर का भी सम्मान किया।



अध्यक्ष युगल किशोर ने जिलेवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी को धूमधाम से मनाया जाएगा। पलामू की रामनवमी पूरे झारखंड में प्रसिद्ध है। इस अवसर पर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों को एलईडी लाइट से भव्य रूप से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि छह मुहान पर 62 फीट ऊंचा तोरण द्वार बनाया जा रहा है, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इसके अलावा साहित्य समाज चौक, अस्पताल चौक, सेठ चौक और सादिक मंजिल चौक समेत सभी प्रमुख स्थलों को विशेष रूप से सजाया जाएगा। शहरी क्षेत्र के पेड़ों और ऊंचे मकानों को भी लाइटिंग से सजाने की योजना है।

**उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल :** इस अवसर पर जैश रंजन पाठक, कंचन अग्रवाल, दीपू चौरसिया, बबलू गुप्ता, श्रवण गुप्ता, छोटू त्रिपाठी, बंटी दुबे और शुभम अग्रवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीआरएम से विशेष ट्रेनों की व्यवस्था करने की मांग

**हैदरनगररा।** राजकीय पर्यटन स्थल देवी शक्ति पीठ हैदरनगर में प्रतिवर्ष आयोजित चैती व शारदीय नवरात्रि मेले में स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व विशेष ट्रेनों की व्यवस्था अविलंब करने की मांग गई है। इस संबध में झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के सदस्य अभिषेक कुमार, ऋतिक राम, अंकू सिंह राणा आदि ने पीडीडीयू के सहायक मंडल प्रबंधक दिलीप कुमार व आरपीएफ कमांडेंट को टवीट कर बताया है कि इस मंदिर में सन 1887 ई. से ही निरंतर मेला लगता आ रहा है। बड़ी संख्या में अंतर्राज्यीय श्रद्धालु व पर्यटकों का आवागमन होता है। इससे स्टेशन परिसर में इनकी भीड़भाड़ बढ़ जाती है। ऐतिहासिक, धार्मिक और आस्था का प्रमुख केन्द्र को लेकर दोनों नवरात्र में यहां श्रद्धालु देवी मां के दर्शन और पूजन के लिये उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल सहित कई हिस्सों से पूजा अर्चना के लिये आते हैं।

# महायज्ञ की कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री रामचरित मानस मंदिर नवाहन पारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई।

रजवाडीह स्थित हनुमान मंदिर से निकली इस यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति और मूल्यों का प्रतीक है, जो त्याग, समर्पण और सेवा की भावना सिखाता है। इससे सुख, शांति और समृद्धि आती है।

महायज्ञ समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने बताया कि 29 मार्च से 6 अप्रैल तक महायज्ञ का आयोजन होगा, जिसमें हनुमत पूजा, अखंड कीर्तन, मानस पाठ और संध्याकालीन प्रवचन होंगे। मुख्य यजमान संजू पांडेय और आयोजन समिति के प्रभात रंजन पांडेय, सत्यवान पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, रतन पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, देवेंद्र पांडेय, अजीत त्रिपाठी, विक्रांत त्रिपाठी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध हाल में मिला युवती का शव, पुलिस जांच में जुटी

### ● घटनास्थल पर टूटा मोबाइल और खाने की वस्तुएं मिलीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी रेलवे स्टेशन के समीप 22 नंबर पुल के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतका की पहचान सदर प्रखंड के सुआ गांव निवासी ज्योति सिंह के रूप में हुई है। उनके पिता उदय सिंह अर्धसैनिक बल में तैनात हैं।

घटनास्थल पर जुटी पुलिस ने प्रथम द्दष्टया युवती के ट्रेन से गिरने या ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई है। हालांकि, घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। शव के पास से युवती का टूटा हुआ मोबाइल, नेकबैंड और कुछ खाने-पीने की वस्तुएं मिली हैं, जिससे मामले को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

युवती के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। एक हाथ और एक पैर टूटा हुआ था, जबकि नाक और सिर से खून बह रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना लगभग तीन बजे की है।

घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना एएसआई रंजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही घटना की सच्चाई सामने आने की उम्मीद है।

## बीजेपी नेता का शव कुएं में मिला, परिजन बोले–हत्या हुई है

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के पशियां गांव निवासी करेश राम (40) का शव शनिवार को कुएं में मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगी। परिजनों के अनुसार, करेश राम शुक्रवार को पसिया गांव में एक शादी समारोह में गए थे। रात करीब 1 बजे तक उन्हें देखा गया था, लेकिन अगले दिन उनका शव शादी स्थल से 200 मीटर दूर कुएं में मिला। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि 'शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में शराब पीने की बात सामने आई है। आशंका है कि वह नशे की हालत में कुएं में गिर गए होंगे, लेकिन परिजनों के हत्या के आरोप के मद्देनजर मामले की जांच जारी है। मृतक बढ़ई का काम करता था और बीजेपी से भी जुड़ा था। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# रेस्टोरेंट कर रहा नगर निगम के चापाकल का निजी उपयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय के कचहरी परिसर में निगम का चापाकल आम लोगों की बजाय एक रेस्टोरेंट के निजी उपयोग में लाया जा रहा है।

हैरानी की बात यह है कि इस मार्ग से कई प्रशासनिक अधिकारी रोज गुजरते हैं, लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

नगर निगम की जिम्मेदारी है कि कचहरी परिसर में सार्वजनिक जलापूर्ति हो, लेकिन चापाकल का निजीकरण होने से लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि सार्वजनिक चापाकल को निजी उपयोग में लाना अनुचित है। मामले की जांच कराई जाएगी, दोषियों पर कार्रवाई होगी।

गर्मी बढ़ने के साथ ही पानी की समस्या और गंभीर हो रही है, ऐसे में नगर निगम को जल्द समाधान निकालना होगा।

# रबी फसलों की कटनी में जुटे किसान पौधों में अपुष्ट दाने देख मायूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रबी फसलों में गेहूं, अरहर,मसूर, चना और सरसों की कटनी के काम में तेजी आ गई है। मगर, मौसम की बेरुखी की मार से प्रभावित अपुष्ट दाने देखकर किसान मायूस बताए जाते हैं। किसानों का कहना है कि बोवाई से लेकर फसलों के तैयार होने की अवधि में समय से पहले गर्मी और तीखी धूप से बड़ा नुकसान पहुंचा है। दाने पुष्ट होने से पहले लू के झंकोरे से पौधे सूख गए थे। मुख्य नहर के जल प्रवाह के बंद करने से वैकल्पिक साधन से खासकर, गेहूं का पटवन करना मुश्किलों भरा रहा। पहले नीलगायों ने इसके कोमल पत्तियों को काट खाया। बाद में दलहनी फसलों चट कर गए। ऐसे में इनके डंठल से उन्नत किस्म के बीज का भी मिलना मुश्किल लगता है। ऐसी स्थिति में किसानों ने कहा कि पूंजी निवेश के अनुरूप फायदे की बात सोचना मुनासिब नहीं रह गया है। किसानों का कहना है कि कटनी के साथ ही हब्बा-डब्बा से दौनी जल्दी नहीं किया गया, तो आने वाले समय में बादलों की संभावना को देखते हुए इससे डंठलों के मुलायम पड़ जाने से इसकी दौनी में भी परेशानी आ सकती है। यदि बारिश हो गई, तो बड़ा नुकसान हो सकता है। इस पर एक बार फिर से तापमान में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि ने भी किसानी को लेकर असज स्थिति पैदा कर दी है। गुरुवार को वर्तमान सीजन का सबसे अधिक तापमान अधिकतम 42 और न्यूतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले बुधवार और बाद में शुक्रवार को तापमान 40-40 बताया गया है। हालांकि शनिवार को गिरावट के साथ तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि रविवार को 37 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने का अनुमान दर्शाया गया है।

### अधिवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# नए अधिवक्ताओं को अनुशासन व निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए : अजय पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने विगत पांच वर्षों से कार्य कर रहे अधिवक्ताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस शिविर में अधिवक्ताओं को उनके पेशेगत कार्यों को बेहतर ढंग से संपादित करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव अजय कुमार पांडेय ने कहा कि 'पलामू जिला अधिवक्ता संघ अपने सदस्यों के लिए 24 घंटे काम करता है। अधिवक्ता संघ कार्यालय में आकर अधिवक्ता अपनी समस्याएँ रख सकते हैं, जिन पर संघ द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि महिला अधिवक्ताओं के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु संघ प्रतिबद्ध है।



अजय पांडेय ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अधिवक्ता संघ की सदस्यता लेने के बाद पूरी यूनिफॉर्म में संघ परिसर में आएं और सीनियर अधिवक्ताओं का सम्मान करते हुए अनुशासित रूप से अपने कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि नए अधिवक्ताओं के मूल्यांकन के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और इस तरह के प्रशिक्षण शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाएँगे।

संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने अधिवक्ताओं को निष्ठापूर्वक अपने कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हर अधिवक्ता को पूर्ण वकीली परिधान में आना चाहिए और अपने सीनियर अधिवक्ताओं से मार्गदर्शन लेना चाहिए।

संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'जो अधिवक्ता जितना संघर्ष करेगा, वह उतना ही आगे निखरेगा।' उन्होंने अधिवक्ताओं से अनुशासित रहने, सीनियरों का सम्मान करने और संघ के नियमों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष जय किशोर पांडेय ने अधिवक्ताओं को बेहतर आचरण बनाए रखने की सलाह दी और संघ की लाइब्रेरी का पूरा लाभ उठाने पर जोर दिया।

शिविर में सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) संतोष तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार पांडेय, बीरेंद्र कुमार तिवारी, गोपाल मिश्रा, उमेश कुमार पासवान, अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी, धीरज दुबे, देवेंद्र पांडेय समेत पाँच वर्ष से कार्यरत अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# ई-केवाईसी की समय सीमा बढ़ी 30 अप्रैल तक कराएं अपडेट

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार के नए निदेशों के तहत राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक-नो योर कस्टमर) की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब लाभार्थी 30 अप्रैल 2025 तक यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 थी, जिसे आधार अपडेट में आ रही दिक्कतों और कार्डधारकों की धीमी प्रतिक्रिया के कारण बढ़ाया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर राज्य सरकारें इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाती हैं, तो राशन आपूर्ति में कटौती की जा सकती है। इससे पहले, ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 थी, जिसे पहले 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया था।

ई-केवाईसी को लेकर जिले के लोग, खासकर महिलाएं, काफी परेशान थीं। आधार अपडेट कराने के लिए बड़ी संख्या में लोग आधार केंद्रों पर पहुंच रहे थे, जहां उन्हें दो से तीन दिन आगे की तिथि दी जा रही थी। समय सीमा बढ़ने से अब लाभार्थियों को राहत मिलेगी। पलामू जिले में 18 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक हैं, जिनमें से अभी भी पांच लाख से ज्यादा लाभुकों ने ई-केवाईसी नहीं कराया है। सरकार की ओर से बार-बार समय सीमा बढ़ाने से लाभार्थियों को सुविधा तो मिली है, लेकिन समय पर प्रक्रिया पूरी करना भी जरूरी है, ताकि उन्हें भविष्य में किसी तरह की समस्या न हो।

## ईद पर जलापूर्ति की समय सारणी में बदलाव

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कुछ इलाकों में ईद के मद्देनजर जलापूर्ति का समय बदला गया है, ताकि लोगों को पर्व के दौरान कोई असुविधा न हो। पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता ने बताया कि हमीदगंज रूट पर सुबह 6 बजे के बजाय 5 बजे और बी कॉलेज चारमीनार पर सुबह 5:30 बजे जलापूर्ति की जाएगी। इससे कुंड मोहल्ला, पहाड़ी, अस्पताल रोड और हमीदगंज इलाके में पानी की आपूर्ति एक घंटे पहले शुरू होगी। नगर निगम के अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति पूर्व की भांति यथावत रहेगी।

# स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्य को सही तरीके से करते हैं: सीएस



« कार्य ही कर्मियों की पहचान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मी को सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी, जिला डाटा मैनेजर सुजीत मुंडा, पुष्केश्वर मिश्रा, डॉ. महजबी यमानी, डॉ. गोरखनाथ पांडेय, डॉ प्रीति सिंह तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ अशोक कुमार ने कहा कि कार्य ही कर्मियों की पहचान होती है। स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्य को सही तरीके से करते हैं। उनके क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। सभी कर्मी समन्वय बनाकर अपने क्षेत्र के सहिया को आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करें। परेशानी होने पर बीडीओ या सिविल सर्जन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से अच्छे कार्य करने वाले स्वाथ्य कर्मी का उत्साहवर्धन होता है। उनमें कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। सम्मान उनके कार्य को बढ़ा देती है। सभी के समन्वय से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका को राज्य में महिला बंध्याकरण के क्षेत्र में सम्मान मिला है। यह तभी संभव है जब सब मिलकर टीम के रूप में कार्य करते है। हमें उम्मीद है कि आगे भी अन्य स्वास्थ्य के सभी क्षेत्र में रंका आगे रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रंका जिला में मात्र एक ही अस्पताल है, जिसने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसके लिए जिला में सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य कर्मियों को मिला सम्मान

कार्यक्रम को डीडीएम सुजीत मुंडा, पुष्केश्वर मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बीटीटी आशीष गुप्ता ने किया। सम्मान समारोह में महिला बंध्याकरण के लिए चिकित्सक डॉ. महजबी को सम्मानित किया गया। चिकित्सीय कार्य के लिए डॉ. गोरखनाथ पांडेय, चलंत ग्राम चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ कृष्णा कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अलावा दंत चिकित्सक डॉ. अविनाश कुमार, प्रखंड सहिया सुविधाकर्ता आशीष गुप्ता, अनुप कुमार, पिंकी कुमारी, रंका अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर में राणपुरा, बरवाडीह, पूरेगाड़ा से सीएचओ ज्योत्सना मिंज, दिल अफरोज, शशि तिर्की को सम्मानित किया गया। वहीं एमटीएस पंकज कुमार, एमपीडब्लू मनदीप गुप्ता, जीएनएम किरण यादव, एएनएम सनारती टोपनो, सहनाज नयन सिन्हा, एरबीना कच्छप, सुमन खेस, जयमाला कुजूर, मुक्ति टोप्पो, सहिया साथी प्रमिला देवी, सिमा देवी, सहिया अनीता देवी, बाला देवी, सुनीता यादव, गायत्री देवी, राबिया बीबी, सुनीता देवी, सिमा देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी को परिवार नियोजन में एवं पीएमडब्लू तरुण विश्वास, सहयोगी अनिल राम, बिपिन यादव, दन्त चिकित्सा सहयोगी सुधीर कुमार, एलटी मीरा कुमारी, खालिद अनवर, लिपिक ललन राम आदि को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक एव कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### एसपी ने बच्चियों को पुलिस प्रणाल से अवगत कराया

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने शनिवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याणपुर के बच्चियों को पुलिस प्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बच्चियों को शासन, सुरक्षा में सक्रिय भागीदार बनने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित कार्यक्रम स्टूडेंट पुलिस कैडेट(एसपीसी) योजना के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया। उन्होंने अपने कक्ष में ही बच्चियों के साथ वार्ता की।

### भवनाथपुर : बच्ची घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बगही में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने घर के बाहर खड़ी बच्ची को धक्का मार देने से बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां डाक्टर एसके सिंह ने इलाज के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बगही निवासी मुस्तफा अंसारी के 8 वर्षीय पुत्री नुरुशबा घर के बाहर रोड़ के किनारे खड़ी थी। इस बीच तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मारते हुए फरार हो गया।

### रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित कांडी बाजार हनुमान मंदिर के प्रांगण में शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की बैठक प्रखंड संयोजक शशिरंजन दुबे के अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि चैती छठ, रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए प्रखंड के सभी बुचड़खाना, शराब दूकानों को पूर्ण रूप से रोक लगाने की मांग प्रशासन मांग की गई। बैठक में रामलाला दुबे, मुखिया विजय राम, बलवंत सिंह, मुकेश चौबे, लालू मेहता, राजेश शर्मा, सौरभ कुमार चौबे, अरुण मिश्र, कृष्ण राम, मोहन सिंह के अलावा अन्य मौजूद थे।

## भवनाथपुर टाउनशिप में झाड़ियों में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर। (गढ़वा)** टाउनशिप में सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) के आवासीय परिसर के पास शनिवार को झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह को लगभग 10 बजे झाड़ियों में अचानक धुआं उठता देखा गया॰ इसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के इलाकों को भी चपेट में लेने की आशंका बढ़ गई। स्थानीय निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना दमकल को दी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि गर्मी के कारण सूखी झाड़ियों में लगी आग ने भयानक रूप ले लिया। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। टाउनशिप प्रबंधन ने भी आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को सख्त करने का आश्वासन दिया है।

## रामनवमी में डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** ईद, सरहुल, रामनवमी को लेकर शनिवार को मेराल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारी, गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधियों के साथ दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। एसडीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मानने को लेकर चर्चा की गई। एसडीओ ने कहा कि त्योहार के दौरान न्यायालय के आदेश तथा कानून का शत प्रतिशत पालन करना सभी का दायित्व है। उन्होंने त्योहार के दौरान डीजे नहीं बजाने,सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट नहीं करने, असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने,तथा त्योहारों को शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने लोगों को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कहीं भी अशांति की आशंका हो तो तुरंत सूचना दें। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़े निगाह रखने तथा त्यौहार में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले त्योहार से संबंधित कार्यक्रमों पर निगाह रखने तथा प्रशासन के संपर्क में रहने को कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश कुमार भगत तथा प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने लोगों से ईद रामनवमी तथा सरहुल का त्यौहार को मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में पुलिस पदाधिकारी के साथ डा. लालमोहन जिला परिषद सदस्य संजय सिंह मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र गोस्वामी मुखिया प्रतिनिधि शंभू राम किसान संघ के जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा रुपू महतो रामाशीष मेहता मुखिया राम सागर महतो मुन्ना राम मुखिया मनदीप सिंह वीरेंद्र नाथ तिवारी संजय राम सुरेश पासवान मुखिया अजीज अंसारी रमाकांत गुप्ता मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी रविंद्र प्रसाद उप मुखिया रमजान अंसारी, नबीज अंसारी जफिर अंसारी नसमुद्दीन अंसारी सद्दाम अंसारी शिव कुमार चौधरी लक्ष्मी विश्वकर्मा कुर्बान अंसारी सोनू अंसारी हकीक खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## एनएच पर धूल कण से ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** एनएच 343 थाना मोड़ से रंका गढ़ फाटक व चेकनेका तक रोड में डस्ट उड़ने से ग्रामीण परेशान। इस संबंध में शनिवार को मुख्य सड़क के निवासी रामचंद्र सिंन्हा व रूपेश कुमार ने बताया कि एक वर्षों से रंका मुख्य सड़क के दोनों और के ग्रामीण डस्ठ व धूलकण से काफी परेशान है। ग्रामीणों ने कहा कि इस रोड से प्रतिदिन बड़े बड़े आला पदाधिकारी को आवागमन हो रही है। 1 साल से रोड का धूलकण हम लोग श्वास द्वारा अंदर जा रहा है। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां भी उत्पन्न होने की डर हम लोगों को सता रही है। सरकार एक ओर पर्यावरण को संरक्षण के लेकर कार्य कर रही है। थाना मोड़ से रंका गढ़ फाटक एवं चेक नाका तक वायु पर्यावरण दूषित हो रही है। जिससे हम ग्रामीण इस दूषित वायु पर्यावरण से काफी परेशान है। सरकार को ध्यान उड़ रहे धूलकण को आकृष्ट करते हुए सरकार से इसे बनाने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 343 पर संवेदक द्वारा डस्ठ डाल दिया गया है, जिससे वहानों के आवागमन से डस्ट उड़ने से पूरे ग्रामीणों का घर डस्ट मय हो रहा है। इस संबंध में एनएच 343 के संवेदक जयेद आलम का मोबाइल नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## जुलूस में भड़काऊ गाना नहीं बजाएं: थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** रामनवमी, ईद, चैती छठ पर्व को लेकर केतार थाना परिसर में शनिवार को बीडीओ प्रशांत कुमार कि अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोग शामिल होकर पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के प्रति पुलिस प्रशासन को भरोसा दिलाया। बैठक में थाना प्रभारी और बीडीओ ने रामनवमी जूलूस का रूट और नमाज अदा कर स्थल का जानकारी ली। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि रामनवमी, ईद एवं छठ पर्व सौहार्दपूर्ण व भाईचारे के साथ मनायें। उन्होंने रामनवमी जूलूस में उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने ,सोशल मीडिया पर अफवाह नहीं फैलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखते हुए जुलूस में भड़काऊ गाना नहीं बजायें। किसी तरह का अप्रिय घटना कि सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सकें। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शम्भू सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह,रामबिचार साहू, योगेन्द्र सिंह,मुखिया मूंगा साह, प्रमोद कुमार, श्याम सुंदर बैठा, मनोरंजन गुप्ता, मुनि देवी, कलेंदर पासवान, विकर्मा सिंह, त्रिपुरारी सिंह,श्री राम सिंह, गुडन पासवान,कुंडल सिंह, कन्हाई प्रसाद, ब्रह्मदेव गुप्ता, सदर समीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अली हुसैन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नगर पंचायत में पोल लगाने के लिए स्थल निरीक्षण



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, कनीय अभियंता कमल कुमार (विद्युत विभाग), जुडको के सहायक निदेशक सुषमा कुमारी ने शिव मंदिर से लेकर पोल लगाने के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थल का जायजा लिया और आवश्यकतानुसार पोल लगाने के स्थान को अंतिम रूप दिया। मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार मझिआंव थाना के उपस्थित थे। स्थल निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्युत आपूर्ति और जल आपूर्ति की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस कार्य के पूरा होने से नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली और जल आपूर्ति की सुविधाओं में सुधार होने की उम्मीद जताई गई है। जुडको के सहायक निदेशक सुषमा कुमारी ने बताया कि पोल लगाने के इस कार्य से क्षेत्र में जल आपूर्ति के लिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बेहतर होगी, जिससे आने वाले समय में स्थानीय नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण से अधिकारियों को स्थल की सही स्थिति का पता चलता है और कार्य के समुचित तरीके से निष्पादन में मदद मिलती है। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र की विकास योजनाओं पर भी चर्चा की गई।

## न्यूज बॉक्स

### रामनवमी पूजा के अध्यक्ष बने दीपक तिवारी

**भवनाथपुर।** रामनवमी पूजा को लेकर टाउनशिप दुर्गा मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता दिवाकर चौधरी ने की। क्षेत्र के ग्रामीणों ने रामनवमी पूजा को धूमधाम से, शांति और सौहार्द के साथ मनाने का संकल्प लिया। पूजा के आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष दीपक तिवारी को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष लक्की मल्होत्रा,सचिव आयुष राजन,सह सचिव प्रियांशु तिवारी, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्यों में शुभम सिंह, शशि सिंह, कुश दुबे, शशंत सिंह, दूसु मालाकार, रंजीत मालाकार, हेमंत मालाकार, बिट्टू मिश्रा, नीतीश यादव, आशुतोष तिवारी और इशांत सिंह का चयन किया गया।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रामनवमी पूजा को भव्य और शांतिपूर्वक तरीके से मनाया जाएगा, ताकि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश जाए।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



**खरौंधी।** गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नलिन कुमार, सचिव रवि चौधरी के आदेश पर शनिवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मझिगांवा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी (पारा लीगल वॉलंटियर) रामदास कुमार द्वारा बच्चों एवं ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी सहायता और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बाल मजदूरी, राशन कार्ड, टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल विवाह और मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणों को यह बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए वे नालसा, झालसा द्वारा संचालित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। विशेष रूप से मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों को सरकारी सहायता प्रदान करने की जानकारी दी गई। साथ ही, बाल मजदूरी और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से बचाव और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बेहद लाभदायक बताया। मौके पर प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह,अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन, शिक्षक इंद्रमण प्रसाद यादव,राजेंद्र सिंह,मुनेश्वर राम, अरविंद राम सहित सभी छात्र मौजूद थे।

### एसडीओ ने जूनियर कक्षाओं के बच्चों के साथ किया संवाद

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने सभा कक्ष में सरकारी विद्यालय के कक्षा छठवीं से आठवीं के बीच के कक्षाओं के जूनियर छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने न केवल बच्चों को नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों के संदर्भ में बच्चों के बीच अपनी बात रखी, बल्कि बच्चों की रुचि के विषयों एवं सामान्य ज्ञान को लेकर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उनके मानसिक स्तर को जानने का प्रयास किया। सही और त्वरित जवाब देने वाले लगभग 20 से अधिक बच्चों को एसडीओ ने मौके पर पुरस्कृत भी किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह जिस आयु के दौर से गुजर रहे हैं, वह जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय काल है। इस कीमती समय का सदुपयोग कर अपने व्यक्तित्व को एक नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था ही वह उम्र है, जहां से बच्चे गलत या सही राह पर कदम रखते हैं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने को बुरी संगत से दूर रखें, सोशल मीडिया का यथा संभव परहेज करें, अच्छी आदतें डालें। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गंगेश पांडेय, शिक्षक भी मौजूद थे। एसडीओ ने सभी शिक्षकों को भी विभिन्न सुझा निर्देश दिए।

### आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील

**भंडरिया।** थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी, ईद उल फितर, सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजीत की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ अमित कुमार ने की। बैठक में भंडरिया इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजित गौतम मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार सहित सभी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे। पदाधिकारियों ने लोगों से आने वाले तीनों त्योहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की बात कही। त्योहार के दौरान किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही। कहा कि इंटरनेट एवं सोशल मीडिया पर आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों व पोस्ट प्रसारित करने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगाह होगी। इसलिए कोई भी भड़काऊ पोस्ट शेयर नही करे, अन्यथा पोस्ट करनेवाले व्यक्ति पर कठोर नियम संगत कार्रवाई की जायेगी। सरकार के निर्धारित गाईडलाइन के अनुरूप जुलूस निकालें, प्रखंड प्रशासन सभी के त्योहारों के दौरान सभी के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। साथ ही किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस प्रशासन को दें। पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। समुदाय के लोगों ने रामनवमी, ईद उल फितर, सरहुल पर्व, आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनानें का सामूहिक रूप से निर्णय लिया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर,विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह,सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा,मुखिया बिनय सिंह, मोनिका खलखो,उस्मान अंसारी,फिदा हुसैन अब्दुल शकूर,राजू ,हरिदास, लक्ष्मण दिनेश सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## शिक्षक अविभावक गोष्ठी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में शनिवार को शिक्षक अविभावक गोष्टी का आयोजन किया गया। इस गोष्टी में उपस्थित अविभावकों को मुख्य शिक्षक नंदकिशोर चौबे ने विद्यालय में नये सत्र व नये नामांकन के बारे में सरकार द्वारा जारी किये गये निर्देशों के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों के लिए अपारआईडी निर्देशानुसार बनाया जा रहा है। इस आईडी का उद्देश्य है कि सभी विद्यार्थियों को सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र आसानी से नेट पर अपलोड किया जा सके और एक ही आईडी से इनके शैक्षणिक विवरणी मिल सके। उन्होंने अविभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों के नामांकन के समय पक्का प्रमाण पत्र दें, जिससे बाद में कोई भी समस्या नहीं हो। गोष्टी में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशुतोष कुमार, शिक्षक मनोज कुजूर, सहायक अध्यापक सुरेन्द्र राम, मनोज सिंह, अविभावक कंचन गुप्ता, मुकेश कुमार, राकेश कुमार,चंदेल पासवान, उपेंद्र ठाकुर, फूलवन्ति देवी,सोनी देवी, धन्यजय कुमार, प्रभात कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## बैठक

### रामनवमी, छठ पूजा, ईद और सरहुल पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## पर्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**



**मझिआंव।** रामनवमी, छठ पूजा, ईद और सरहुल पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ प्रमोद कुमार ने की। बैठक में प्रखंड के दोनों समुदायों के लोगों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक के दौरान सीओ प्रमोद कुमार ने सभी उपस्थित जनों को सूचित किया कि हाई कोर्ट के निदेर्शानुसार डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है और जुलूस के दौरान डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि लाउडस्पीकर का उपयोग 70 से 80 डेसीबल तक ही किया जा सकता है, ताकि किसी को भी असुविधा न हो। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा व्हाट्सएप पर भ्रामक वीडियो फैलाए जाते हैं, जिनका उद्देश्य सिर्फ अशांति फैलाना होता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसी वीडियो पर ध्यान न दें और किसी भी भ्रामक वीडियो को बिना जांचे-परखे दूसरों को न भेजें। यदि वीडियो में कुछ संदेह हो, तो वे सीधे थाना प्रभारी को सूचित करें, ताकि उसकी जांच की जा सके। बैठक में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निदेर्शों का पालन करने की अपील की और कहा कि सभी लोग आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में नियमो का पालन करें। बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, संजय कमलापुरी, सेख अम्रुदीन, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, मुकेश सिंह, संजीव सिंह, राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास, विवेक सोनी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** राजकीय मध्य विद्यालय भंडरिया के प्रधानाध्यापक रविशंकर कुमार का सेवानिवृत्ति होने पर शनिवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। रविशंकर कुमार ने कहा कि अपने सेवा काल में बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है। अपने 30 साल का भी अनुभव शेयर किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, चिनियां प्रखंड के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार मेहता, प्रखंड सचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, भंडरिया प्रखंड से शिक्षक कुंवर सिंह, कामिल तिर्की, रतन रंजन, रामबली राम, विरेन्द्र तिवारी, विरेन्द्र कुमार पाल, रमेश सिंह, प्रशांत सिंह, नीतीश कुमार सिन्हा, अनिल प्रसाद, गोविंद सिंह, अर्जुन सिंह, उमाशंकर पासवान, जय किशोर कच्छप, विजय कच्छप, हेमंत किस्पोट्टा, बाबर अली, एवं बड़गड़ प्रखंड से विनोद कुमार गुप्ता, अजय मिंज, ब्रह्मदेव सिंह, अनिल कुमार यादव, अनिल प्रसाद केसरी, रविंद्र कुमार सिंह, मो अली रजा, सहित कई सेवा निवृत शिक्षिका सुमन तिर्की, रोजलीन कुजूर, शांति तेरेशा खाखा, बीआरसी के बीपीएम रवि कुमार सिंह सहित भंडरिया, बड़गड़ प्रखंड के दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीतेश कुमार वर्मा ने किया।

# ट्रक से दबकर ड्राइवर की मौत

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** ट्रक से दबकर एक ड्राइवर सोमेश्वर उरांव का मौत हो गई है। घटना लातेहार जिला के बालूमाथ थाना अंतर्गत तेतरिया खाड़ कोल माइंस के पास का है। इस संदर्भ में ट्रक के खलासी महावीर उरांव ने बताया कि ड्राइवर चालू गाड़ी को खड़ी करके नीचे उतर टायर का हवा चेक कर रहा था। इस दौरान गाड़ी लुढ़कने लगी। ड्राइवर ने सामने से अपने बाजू के ताकत से रोकने का कोशिश किया पर रोक नहीं पाया। ट्रक उसके ऊपर चढ़ गई। ड्राइवर का दब कर घटना स्थल पर ही मौत हो गया। युवक की पहचान सोमेश्वर उरांव जबड़ा चतरा के रूप में हुई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पुलिस अंतः परीक्षण के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद से मृत युवक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाइक दुर्घटना में दंपति घायल, रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** सदर प्रखंड के लेम देवी मंडप के समीप शनिवार को बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया। बताया गया कि नवाडीह इचाक गांव के नंदकिशोर ओझा व पत्नी कलवा देवी चतरा बाइक से चतरा जा रहे थे। इस क्रम में विपरीत दिशा से आ रही कोल वाहन ने बाइक चालक को चपेट में ले लिया। इस कारण बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचित किया। परंतु काफी देर के बाद एंबुलेंस पहुंची। इसके पश्चात घायल दोनों दंपति को इलाज के लिए चतरा सदर ले जाया गया।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवक की हत्या दो दोस्त सहित पांच गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** पुलिस ने पिंडारकोम ग्राम में कुएं से मिले युवक के शव की चार दिनों के बाद ही घटना का उद्भेदन कर लिया है। बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि युवक चंद्रदेव यादव पिता मधुर यादव को प्रेम प्रसंग के मामले में हत्या कर गांव स्थित जंगल से सटे सरकारी कुआं में फेंक दिया गया था। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि मृतक चंद्रदेव यादव का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक युवती के साथ था। युवती के चाचा संतोष यादव पर जब पुलिस को शक हुई, तब पुलिस ने संतोष यादव से शख्ती से पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान संतोष ने हत्या का रहस्य खोल कर रख दिया। बताया कि संतोष यादव अपने भतीजा रोशन यादव, साला अरविंद यादव एवं सुधीर यादव( मृतक का दोस्त), जोगेश्वरी यादव उर्फ छोटू (मृतक का दोस्त) के साथ मिलकर चंद्रदेव यादव को जीवित हालत में पिंडरकॉम के लुकइया टांड़ जंगल के सरकारी कुआं के पास मोटरसाइकिल से लाया गया और कुआं में ही फेंक दिया गया। कुआं में अधिक पानी रहने के कारण युवक की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपि संतोष यादव, अरविंद कुमार, रोशन यादव, योगेश्वर यादव, सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया है। हत्या में प्रयोग हुए दो मोटरसाइकिल भी बरामदगी कर लिया गया है। अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी अमरिंदर कुमार, पुनी रंजन कुमार पासवान, अनुभव सिन्हा, राजकुमार पांडेय, अशोक कुमार के अलावा बालूमाथ सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# न्यूज बॉक्स

## कांग्रेस उपाध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान चलाया

**लातेहार।** चैती छठ, ईद, सरहुल व रामनवमी पर्व को देखते हुए मनिका प्रखंड मुख्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत शनिवार की सुबह समाज सेवी सह कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के नेतृत्व में थाना चौक स्थित शिव मंदिर, मनिका बाजार स्थित देवी मंडप, पंचफेड़ी शिव मंदिर आदि स्थानों की साफ-सफाई की। इस दौरान समाज सेवी सह कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने लोगो से भी अपने आस पास जागरूकता का परिचय देकर स्वच्छता पर ध्यान देने की बात कही। कहा की आज जिला प्रशासन द्वारा भी जिला को कचड़ा मुक्त करने का एक अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र हो या राज्य की सरकार सभी स्वचछता को लेकर अभियान चला रहे हैं। ऐसे अभियान की सफलता व उनके उद्देश्यों की पूर्ति आम लोगों की जागरूकता पर निर्भर करता है। उन्होंने लोगों से भी स्वच्छता अभियान मे अपना हाथ बंटाने की अपील की। कहा कि लोग जब स्वच्छ रहेंगे, तब हम स्वस्थ भी रहेंगे। उक्त स्वच्छता अभियान में भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, मनिका ग्राम प्रधान रजत कुमार टुनमुन, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, विकास कुमार, सत्येंद्र पासवान, मल्लू कुमार पासवान, शशि कुमार पासवान, सुजीत कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

## इलाज के लिए बीमार बिरहोर महिला हजारीबाग रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जपुआ में निवासली आदिम जनजाति महेश बिरहोर की बीमार पत्नी मनीषा बिरहोरिन शनिवार को काफी जहोजेहद के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग गई। बताया गया कि मनीषा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उसका इलाज सदर अस्पताल चतरा में किया जा रहा था। स्थिति को गंभीर देख सदर अस्पताल द्वारा शुक्रवार को ही बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। लेकिन एंबुलेंस के कमी के कारण मनीषा को शनिवार को हजारीबाग 108 एम्बुलेंस से ले जा रहा था। इस क्रम में मनीषा को वस्त्र बदलने को कहकर स्वजन एंबुलेंस को जपुआ अपने घर के पास रोक दिया। इसके बाद मनीषा को एंबुलेंस से उतार लिया। एंबुलेंस से उतरने के बाद हजारीबाग जाने से इनकार कर दिया। जिसके कारण एंबुलेंस चालक सहित अन्य लोग काफी परेशान हो गए। इसकी सूचना अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा,पुलिस अवर निरीक्षक अशोक पांडेय,मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मनीषा के परिवार वालों को काफी समझाया बुझाया। करीब ढाई घंटे के बाद मनीषाव इसके परिवार वाले हजारीबाग जाने को राजी हुए।

## सड़क किनारे लगा ट्रैफिक बैरियर एंगल की हो रही चोरी

**गिद्धौर (चतरा)।** हजारीबाग-चतरा भाया कटकमसांडी गिद्धौर मुख्य सड़क के सदर थाना एवं गिद्धौर थाना के सीमाना पर स्थित नूनिगड्डा पुल के समीप ट्रैफिक बैरियर में लगाया गया लोहे के एंगल की चोरी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पथ प्रमंडल विभाग द्वारा सुरक्षा एवं दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य से सड़क के दोनों छोर में ट्रैफिक बैरियर को लेकर लोहे की एंगल लगाया गया था। चोरों द्वारा धीरे-धीरे सड़क के दोनों छोर से एंगल की चोरी कर ली गई है, ससे उक्त स्थान पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। बताया जाता है कि जहां-जहां सड़क के किनारे खाई,गड्ढा या अन्य खतरा होता है। वैसे स्थान पर सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक बैरियर लगाया जाता है, ताकि वाहनों को सड़क से बाहर जाने या दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सके। ट्रैफिक बैरियर के एंगल पर चोरों की नजर लग गई है। यही वजह है कि धीरे-धीरे उक्त स्थान से एंगल की चोरी हो रही है।

## शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्ती से पेश आए पुलिस : एसडीएम



**बालूमाथ।** प्रखंड में ईद, सरहुल पूजा, रामनवमी पूजा को लेकर काफी चहल-पहल देखी जा रही है। पूजा और पर्व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रखंड व जिले के अधिकारी भी काफी सक्रिय हैं। जिसे देखते हुए लातेहार एसडीएम अजय कुमार शनिवार को बालूमाथ थाना पहुंच कर प्रखंड पुलिस व डीएसपी के साथ बैठक कर त्योहार के विधि व्यवस्था वतैयारी का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने प्रखंड में होने वाले कार्यक्रम की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। कार्यक्रम का भौतिक रूट का भी निरीक्षण करते हुए प्रखंड पुलिस को निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि शांति व्यवस्था में भंग करने वालों पर पुलिस सख्त एक्शन ले। मौके पर एसडीपीओ विनोद रवानी, अंचलाधिकारी विजय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बीरुआ, बीडीओ सोमा उरांव, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# चापानल खराब, ग्रामीणों की बढ़ने लगी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड क्षेत्र में गर्मी की शुरूआत में ही सैकड़ों चापाकल दम तोड़ दिए हैं, जिससे ग्रामीणों को पीने के पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को पीने योग्य पानी पाने के लिए लगभग किलोमीटर तक दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उनकी दैनिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत सलगी गांव, मरगड्डा पंचायत अंतर्गत बघौता,पिंजनी कुटिल, समेत प्रखण्ड क्षेत्र मे अन्य सैकड़ों स्थानों पर चापानल लगभग महीनों से खराब पड़ा है। विभाग की ओर से इस समस्या का समाधान करने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी तंत्र की उपेक्षा के कारण उन्हें पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहां है कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग को सूचना देकर चापानल को मरम्मत करने को कहौ, लेकिन पेयजल विभाग की रवैया उदासीन है। यह समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को पीने योग्य पानी पाने के लिए लगभग किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसी पानी की समस्या तपिश व तीखी धूप की मार मई-जून महीने में देखने को मिलती है, लेकिन इस बार मार्च माह में ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है, जबकि तपिश की माह की शुरूआत अभी बाकी है। ऐसे में लोगों को पेयजल संकट की चिंता बढ़ गई है। इस संदर्भ में संबंधित विभाग के जई से संपर्क करने की कोशिश की गई परंतु उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया।

# शांतिपूर्ण व भाईचारे के साथ पर्व मनाने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**हेरहंज।** रामनवमी, आस्था का महा पर्व छठ, सरहुल, ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी और समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी पर्वों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की योजना बनाना था। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जाए और प्रशासन को सहयोग प्रदान किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी जुलूस के दौरान डीजे और अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य चंचला देवी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सन्तोष यादव, पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल पूर्व ओबीसी जिला महामंत्री देवनन्दन प्रसाद साहू युवा नेता गुडु वर्मा रंजन प्रसाद महेंद्र प्रसाद दीपक सिंह सोनू जयसवाल सुरेश राम जलाल अंसारी संतु साहू कमलेश यादव अब्दुल रसीद पंसस तासु उपेन्द्र यादव, विजय गुप्ता दिलीप पासवान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लाडले खान, समेत काफी संख्या में दोनों समुदाय के ग्रामीण मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शैक्षणिक विकास का तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास के लिए तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पलामू विभाग के विभाग संघ चालक जानकी नंदन राणा एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ओउम,भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य जीतेन्द्र राम ने कहा कि यह तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला प्रांतीय योजना के अनुसार भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास के लिए रखा गया है। इस कार्यशाला में सत्र 2025-26 की भैया-बहनों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए योजना बनेगी। इस कार्यशाला में जानकी नंदन राणा ने भैया-बहनों को कैसे पढ़ाया जाए इसके लिए आचार्य व दीदी को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भैया-बहनों के सरल से कठिन की ओर पद्धति से सीखाना चाहिए। यदि आचार्य व दीदी उदाहरण देकर भैया-बहनों को सिखाएं तो आसानी से सीख जाते हैं। आचार्य व दीदी एक दिन पूर्व अध्ययन करके व पाठ योजना बनाकर कक्षा-कक्ष में जाना चाहिए। इससे भैया-बहनों को सिखाने में समस्या नहीं आती है। भैया-बहनों को अच्छे संस्कार दें। इस कार्यशाला में आचार्य शशि कुमार सिंह, वीणा देवी ,लक्ष्मण राम ,नीतीश कुमार ,खुशबू कुमारी, लक्ष्मी मंडल ,वंदना सिन्हा, युवराज कुमार,सोनाली कुमारी ,किरण देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ईद को लेकर बाजार हुआ गुलजार, खूब बिक रही सेवईयां

**चंदवा।** शहर से लेकर मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में ईद उल फितर का त्योहार मनाने को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है। ईद की तैयारी में मुस्लिम धर्मावलंबी पूरी तरह से जुट गए हैं। ईद का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है चंदवा में बाजार गुलजार हो गया है। शहर से लेकर गांव तक के कस्बों में भीड़ बढ़ गई। मुस्लिम धर्मावलंबी अपने जरूरत के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। सेवईं से लेकर कपड़ों की दुकानों पर खूब भीड़ देखी जा रही है। अपने जरूरत के अनुसार सामानों की खरीददारी कर रहे हैं। तेज धूप, हीटवेव के बाद भी रोजेदार बाजार में निकल रहे हैं। शहर के बाजार में रौनक बढ़ गई है। रेडीमेड कपड़ों, कॉस्मेटिक की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ है। सेवइयां लेने के लिए भी लोग खूब पहुंच रहे हैं। बाजार गुलजार होने से हर किसी के चेहरे पर खुशी है। कई कारोबारियों ने बताया कि ईद के पर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है। इस बार ग्राहक उत्साहित हैं। हम लोगों ने पूरी तैयारी कर रखी है। ईद को लेकर विशेष तैयारी की गई है। कपड़े भी उनकी पसंद के अनुसार मंगाए गए हैं। सेवईं के कारोबारियों ने बताया कि इस बार बाजार में रौनक खूब है। रोजेदार पहले से सेवईं खरीद रहे हैं। जिस हिसाब से हम लोगों ने तैयारी की थी उसी अनुरूप बिक्री भी हो रही है।

## विधायक पहुंचे चमातू ग्राम समस्याओं से हुए अवगत



**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा के विधायक प्रकाश राम विधानसभा सत्र समाप्ति के साथ ही अपना क्षेत्र वापस लौट जनता से मिलते देखे जा रहे हैं। विधायक ने शनिवार को बालूमाथ के चमातू गांव के ग्रामीणों के साथ मीटिंग के दौरान कहा कि गांव-गांव जाकर जनता से मिल उनकी समस्या को जानकर समाधान करने का अथक प्रयास करूंगा। बैठक में विधायक से ग्रामीणों ने मगध सीसीएल से नौकरी और मुआवजा के साथ क्षेत्र की विकास और धूल गर्दा से निजात के अलावा रोजगार के संबंध में विस्तार पूर्वक सभी समस्याओ से अवगत कराया। मौके पर विधायक ने समाधान करने की बात कही। मौके पर विधायक के साथ कृष्ण यादव , संजय यादव विजय यादव आदि,ग्रामीण दामोदर साव त्रिवेणी साव सतनारायण साव खुशियाल साव शिव कुमार साव दिलीप साव अखिलेश यादव गोपाल यादव प्रेम साव रामसेवक प्रसाद सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक – 468/न0प0, दिनांक – 29/03/2025

**-: आम-सूचना :-**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के चतुर्थ घटक अन्तर्गत आवेदकों के द्वारा Online Form प्रज्ञा केन्द्रों, Internet Cafe आदि के माध्यम से भरा गया है।

उक्त के आलोक में सूचित करना है कि वैसे आवेदक जिनके द्वारा अभी तक Hard Copy सम्पूर्ण कागजातों के साथ नगर परिषद, कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है, वे दिनांक 03.04.2025 तक नगर परिषद, कार्यालय, विश्रापमुर में निश्चित रूप से Hard Copy सम्पूर्ण कागजातों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करें। दिनांक 03.04.2025 के पश्चात तैयार DPR में नाम जोड़ना संभव नहीं होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद, विश्रामपुर

PR 349556 District (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**(2025–2026) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–DWSD/RM/08/2024-25 (1st Call)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :– 03.04.2025 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 08.04.2025 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 08.04.2025 को 04.00 बजे अपराहृन में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी:– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | पाटन | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 02 | पड़वा | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 03 | मेदिनीनगर + सतबरवा | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 04 | चैनपुर (13 पंचायत) | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 05 | चैनपुर (12 पंचायत) | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 06 | रामगढ़ | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 07 | विश्रामपुर + नावा बजार | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 08 | उँटारी रोड + पाण्डू | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 09 | मनातू + तरहसी | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 10 | पाँकी (13 पंचायत) | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 11 | पाँकी (12 पंचायत) | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 12 | लेस्लीगंज | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 13 | हुसैनाबाद | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 14 | हैदरनगर + मोहम्मदगंज | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 15 | नौडीहा बाजार | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 16 | छत्तरपुर | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |
| 17 | पिपरा + हरिहरगंज | 350 | 342423.00 | 7000.00 | 750.00 | 04 (चार) माह |

10. निविदा की शर्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11- नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य जनहित को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12- शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13- विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 349583 District(24-25).D


# सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार की वार्षिक परीक्षा 2024-25 का परीक्षा फल प्रकाशित कर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नरेंद्र पांडेय, अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, जिला कार्यवाह दीपक कुमार गुप्ता, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख धर्मेंद्र जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने सभी अभिभावकों ,अतिथियों एवं भैया बहनों को बताया कि अंकों का विभाजन किस प्रकार किया गया है, जैसे विषयों के अंक के अलावा वर्ष भर के अन्य गतिविधियों के अंकों को किस प्रकार से जोड़कर वार्षिक परीक्षा परिणाम निकाला गया है। इस अवसर पर जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर ने बताया कि एकाग्रचित होकर अध्ययन करने से एवं उसका बार-बार अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। वार्षिक परीक्षा परिणाम भैया-बहनों के वर्ष भर की मेहनत का परिणाम होता है। उन्होंने बताया कि सभी भैया-बहन अंक ज्ञान के साथ-साथ संस्कारवान एवं चरित्रवान बन माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

## वार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वर्ष 2024-25 का वार्षिक परीक्षा फल शनिवार को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा फल घोषणा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामनाथ सिंह विशिष्ट अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष अरविंद साहू एवं लवकेश सिंह, निर्मल कुमार सिंहा के अलावे अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीकांत पाठक ने कक्षा प्रवेश से लेकर कक्षा अष्टम तक का परीक्षा फल का विस्तार पूर्वक घोषणा की। जिसमें अष्टम वर्ग के सौम्या, पुष्पांजलि, कंचन वर्ग टॉप रही। वहीं सप्तम वर्ग में निक्कू ,रानी, माही , कक्षा षष्ठ में मिस्टी, वंदना, सुप्रिया ,कक्षा पंचम में चेनसन, सौरभ, प्रियांशु, चतुर्थ में दीपिका बादल राहुल एवं कक्षा तृतीय में अर्पिता मनीष मोहित एवं द्वितीय में ऋषिका अनमोल उत्कर्ष एवं प्रथम में श्रेयांश शिवांश वासु प्रवेश में शिवम सृष्टि रिया एवं कक्षा प्रवेश में प्रथम रिया द्वितीय शशि तृतीय खुशी का नाम शामिल हैं जिन्हें उपस्थित मुख्य अतिथियों द्वारा अंक पत्र और उपहार देखकर सम्मानित किया गया इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावा विद्यालय के भैया बहन शिक्षक मौजूद रहे।

## सफल छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया

कक्षाओं में प्रथम आने वाले भैया-बहन अरुण अलका लकड़ा 97.83% ,उदय विष्णु कुमार 98.33%, प्रभात जीवा कुमारी 99.50% ,प्रथम आदित्य उरांव 97.57% ,द्वितीय आस्था कुमारी 97.63%, तृतीय काजल कुमारी 90.67% ,चतुर्थ आरोही कुमारी 89.78% , पंचम, रितिका राज गुप्ता 91.67%, षष्ठ यश गुप्ता 81.56%, सप्तम देव कुमार 86.33% ,अष्टम तन्मय कुमार गुप्ता 88.86%,नवम अ हर्ष राज 86.20% ,एवं नवम ब रूपाली राज 96.80%, सभी प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले भैया बहनों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के सचिव नरेंद्र पांडये ने बताया कि परीक्षा फल भैया-बहनों व विद्यालय का दर्पण होता है, जिस प्रकार दर्पण हमारे प्रतिबिंब को ही दिखता है। उसी प्रकार वर्ष भर की शैक्षिक गतिविधियों एवं कार्यकलापों का परिणाम ही वास्तव में परीक्षा फल का परिणाम है। अध्यक्ष राजीव रंजन पांडोय ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी अभिभावकों को भी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ईद-उल-फितर और रामनवमी को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

# आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के साथ मनाएं ईद व रामनवमी त्योहार : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** ईद-उल-फितर-2025 और रामनवमी-2025 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रखण्ड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि लोहरदगा जिला में पर्व-त्यौहार बीते वर्षों से काफी अनुशासित और साहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। यहा के लोग आपसी सद्भाव, शांति और भाईचारा के पक्षधर हैं। ईद, चैती दुर्गा पूजा, श्रीरामनवमी का पर्व है। भगवान श्री राम का जन्म चैत माह में ही हुआ था। भगवान श्रीराम का जन्म मांगल्य और शांति का प्रतीक है। ऐसे समय में जरूरी हो जाता है कि मंगलता की भावना को किसी प्रकार ठेस नहीं पहुंचे। सभी ओर प्रसन्नता का वातावरण हो। किसी के द्वारा किसी को भी चिढ़ाने का प्रयास नहीं हो। इस बात को बड़े बुजुर्ग युवाओं को बताएं और युवा अपने छोटे भाईयों को बताएं। समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगीं।

उपायुक्त ने कहा कि सभी समितियां अपने-अपने शोभायात्रा के दौरान वॉलेंटियर्स तैनात रखें। उनके पास उनका पहचान पत्र हो। वॉलेंटियर्स का मोबाईल नंबर जिला प्रशासन के साथ अवश्य साझा करें ताकि किसी भी समय संपर्क किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



### रामनवमी की शोभायात्रा में डीजे का नहीं हो इस्तेमाल

डीजे का इस्तेमाल श्रीरामनवमी की शोभायात्रा में नहीं किया जाए। इससे वाहनों पर अत्यधिक संख्या में साउण्ड सिस्टम बांध दिये जाते हैं जिससे उसके उलटने का खतरा बना रहता है। अगर डीजे का इस्तेमाल कर भी लेते हैं तो रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी परिस्थिति में उसे नहीं बजाया जाना चाहिए। माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे के बाद डीजे का इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। डीजे पर सिर्फ भक्ति आधारित ही गाना पेन ड्राईव के माध्यम से बजाया जाए। मोबाईल को कनेक्ट का किसी भी परिस्थिति में गाना नहीं बजाया जाएगा।

### सभी का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ मनाएं पर्व-त्योहार : पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि लोग एक-दूसरे का सम्मान करें और हर्षोल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाएं। अपने माता-पिता के बताये अच्छी सीख को याद करें व उसका पालन करें। अगर आपके सामनेवाले से कोई छोटी-मोटी गलती हो जाती है तो उसे नजरअंदाज करें। आगामी सप्ताह में ईद, सरहुल, चैती दुर्गा पूजा, छठ व रामनवमी है। हम सभी इन पव-त्यौहारों को अच्छे माहौल में मनाने की तैयारी करें। त्योहार की मूल-भावना का ख्याल रखा जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिन अखाड़ों को शोभायात्रा निकालनी है वे सभी अखाड़े अपना लाइसेंस प्राप्त कर लें। शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करें। जो अपनी शोभायात्राओं में डीजे का इस्तेमाल नहीं करेंगे उन्हें जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अनुशासित अखाड़ों और जिला प्रशासन के दिये हुए दिशा-निदेशों का पालन करनेवाले अखाड़ों को भी सम्मानित किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पेट्रोलिंग लगातार जारी रहेगी। राज्य मुख्यालय से पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व पारा मिलिट्री फोर्स उपलब्ध हो चुकी है। फ्लैग मार्च शुरू किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने प्रखण्डवार समस्याओं की समीक्षा कर उन्हें दूर करने के प्रयास का आश्वासन दिया।

### आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के लिए यह बैठक : उप विकास आयुक्त

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिहं शेखावत ने कहा कि सभी समुदाय के आपसी समन्वय को बेहतर बनाने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की जाती है। लोहरदगा जिला पर्व-त्योहारों को शांति व साहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने के लिए जाना जाता रहा है। हम आनेवाले पर्व-त्योहारों में भी ऐसी मिसाल पेश करें। कोई भी अखाड़ा अपने शोभा यात्रा में भड़काउ गाने का इस्तेमाल नहीं करेंगे। अनुशासन के साथ सभी अपनी जिम्मेवारी समाज के प्रति निभाएं। कहीं अवैध रूप से अगर शराब बेची जा रही है तो उसकी सूचना अवश्य दें।

### गणेश विसर्जन में होता है पारंपरिक वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल

उपायुक्त ने बताया कि मुम्बई में गणेश पूजा के बाद जब उनकी प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है तो उस शोभायात्रा में डीजे के स्थान पर पारंपरिक ढाल, ताशों का इस्तेमाल संगीत के लिए होता है। इसी प्रकार का लोहरदगा जिला में भी परंपरा रखी जाय और ढोल, मांदर, नगाड़ों आदि का इस्तेमाल हो। जिससे ऐसे माहौल तैयार हो कि सभी भक्ति में झूमने का मजबूर हो जाएं। इससे परंपरागत वाद्ययंत्र बजानेवालों को भी रोजगार मिल सकेगा।

### भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने सांसद सुखदेव भगत के बयान की निंदा की

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने सोशल मीडिया के एक्स पोस्ट पर सांसद सुखदेव भगत के द्वारा भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदर्भ में अनर्गल प्रलाप कर इन संगठनों को समाज को विषाक्त करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि सांसद दिगभ्रमित तथा अति महत्वाकांक्षी भावनाओं के कारण इस तरह के बयान देते आ रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि आरएसएस राष्ट्रवादी, देश की एकता और इसे अक्षुणन बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# बकरी पालन कर आत्म निर्भर बने किसान : राधा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कंडरा स्थित पशु पालन अस्पताल के प्रांगण में झारखण्ड सरकार के कृषि व पशुपालन विभाग के निदेर्शानुसार जिप सदस्य की उपस्थिति में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम के ग्यारह किसानों के बीच बकरी का वितरण किया गया.जिप सदस्य राधा तिर्की ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बकरी पालन कर किसिन आत्मनिर्भर बने सरकार किसानों का उत्थान के लिये विभिन्न तरह की योजनाएं चला रही है। कृषि के लिये सिंचाई कूप,बीज व खाद वितरण,गाय,बकरी,मुर्गी,बतख सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसान ये वृद्धि कर



आत्मनिर्भर हो सकते हैं।तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न तरह की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।वही पशुपालन योजना के तहत विक्रम गोप, केश्वर उरांव,चिन्तु देवी, राजकुमार राम, दुखराम उरांव, संतरी उरांव,देवराम उरांव, बेनी देवी, जयराम उरांव सहित अन्य किसानों को 4 - 4 बकरी व एक एक बकरा दिया गया।साथ ही जीप सदस्य द्वारा अन्य किसानों से अपील करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये अनुरोध किया गया। मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की,भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ।रोहित कुमार के अलावे बेनी देवी,देवाराम उरांव,जयराम उरांव, संतरी उरांव समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

### जिले के पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों प्रशासकों का एक दिवसीय समागम कार्यशाला का हुआ आयोजित

# समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करें : अभिजीत कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्राइम मिनिस्टर स्कूल ऑफ राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) विद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों, विद्यालय प्रबंध समिति और प्रशासकों का एक दिवसीय पीएम श्री समागम 2025 अंतर्गत भाषा महोत्सव, एफएलएन मेला एवं सभी हितधारकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी 9 पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, छात्र, एसएमसी सदस्य और प्रशासक उपस्थित हुए। उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी 09 पीएमश्री विद्यालयों के छात्रों द्वारा भाषा महोत्सव अंतर्गत नृत्य, कहानी कहना, गीत संगीत, वाक कला और नाट्य कला का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नृत्य कला में प्रथम पीएमश्री विद्यालय जिन्गी, तृतीय पीएमश्री विद्यालय केजीविभि किस्को,



द्वितीय पीएमश्री विद्यालय, नावाडीपाड़ा प्राप्त किया। जबकि संगीत, कहानी वाचन, रोल प्ले कला में प्रथम पीएमश्री विद्यालय, बिटपी, पीएमश्री केजीविभि, किस्को और तृतीय पीएमश्री सढ़ाबे ने प्राप्त किये। जिन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पेंटिंग्स अंतर्गत 2डी और 3डी पेंटिंग्स बनाई गई। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के कार्यों और उनके दायित्वों का पीएमश्री के संदर्भ में विस्तार पूर्वक प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। एफ एल एन मेला अंतर्गत विभिन्न प्रकार के टीएलएम का भी प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें सिनी टाटा ट्रस्ट के कर्मियों द्वारा सहयोग दिया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अभिजीत कुमार ने कहा कि पीएम श्री स्कूल अपने-अपने क्षेत्रों में स्कूल में न्यायसंगत, समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करते हैं। पीएमश्री विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित समग्र विकास आज सभी के लिए प्रासंगिक है। पीएम श्री स्कूलों का चयन पारदर्शी चुनौतीपूर्ण पद्धति के माध्यम से किया जाता है, जिसमें स्कूल आदर्श स्कूल बनने के लिए सहायता हेतु प्रतिस्पर्धा करते हैं। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक, आकाश कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, एमलीन सुरीन, लीगल एडवाइजर, तृषा पांडेय , जीतेंद्र मित्तल, नीलू गोयल, मतिउल्लाह अंसारी, अरुण राम, तरुण कुमार, सुनील तिरकी, विशाल उरांव, मनीष कुमार, संजीव कुमार, सुष्मिता धान, मोहम्मद ताज, अवधेश यादव संजय कुमार, अनिसुल अंसारी आदि सहित जिले के पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षक, छात्र और जिला कार्यालय के कर्मी उपस्थित हुए।

### तीन दिवसीय कार्यशाला की हुई शुरूआत

# मानव विकास की अवधारणा : शम्मी कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विद्या भारती योजना अनुसार शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला शुरूआत हुई। तीनों विद्यालय के सामूहिक रूप से उद्घाटन सत्र प्रबंधकारणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद विभाग प्रचारक शम्मी कुमार , सुंदरी देवी विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास उपस्थित थे। मंच संचालन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने किया। अतिथियों का परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया । कार्यशाला विषय प्रवेश प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा रखा गया। प्रथम सत्र विभाग प्रचारक शम्मी कुमार के द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसमें गुरु पूर्णिमा, गुरु दक्षिणा, मातृ संगठन ,मानव विकास की अवधारणा चेतन संवेदना विषयों से लेकर नागरिक कर्तव्य का बोध तक कराया गया। द्वितीय सत्र स्थाई भौतिक सामग्री एवं पंजी का सत्यापन के साथ विभागों की भी समीक्षा सचिव अजय प्रसाद एवं प्रधानाचार्य के द्वारा किया गया ।तृतीय सत्र विद्यालय के सबल- निर्बल पक्ष को आचार्य श्याम सुंदर कुमार के द्वारा रखा गया। चतुर्थ सत्र में आचार्य भारती गठन, दिवसाधिकारी , शुन्य क्लास का महत्व पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा विषयों पर चर्चा की गई। पंचम सत्र प्रांतीय कार्य योजना ,शैक्षिक पंचांग ,अभिभावक गोष्ठी ,मातृ सम्मेलन, दादा -दादी , नाना -नानी सम्मान कार्यक्रम हेतु तिथि निर्धारण पर चर्चा हुई। कार्यशाला की प्रथम दिवस के अंतिम चरण में संघ प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ।

# कल्याण अस्पताल बसारडीह में प्याऊ जल का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कल्याण अस्पताल बसारडीह हेसल में राष्टीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग के द्वारा स्वच्छ प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक समी कुमार के द्वारा नारियल तोड़कर प्याऊ जल का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए सेवा विभाग के द्वारा एक सेवा का प्रकल्प प्रारंभ किया गया है। हमारे सनातन परंपरा में प्यासे को पानी भूखे को भोजन, वृक्ष को जल, चींटी को चीनी, देने की परंपरा रही है और यह पुण्य का काम है। इसी परंपरा का पालन करते हुए राहगीरों एवं रोगियों के परिजनों के लिए प्याव जल का शुभारंभ किया गया। साथ ही पर्यावरण के प्रति ध्यान केंद्रित कर प्रत्येक व्यक्ति साल में एक-एक



वृक्ष लगाए ताकि जल स्तर ऊपर आ सके । इस बीच उपस्थित विभाग प्रचारक समी कुमार, जिला प्रचारक दीपक कुमार , जिला सह कार्यवाह देवेंद्र मंडल, जिला सेवा प्रमुख प्रणव पाठक, जिला शारीरिक बजरंग दल प्रखंड सयोजक मिथलेश प्रजापति, एवीबीपी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक मिश्रा, बजरंग दल कार्यकर्ता पिंकू प्रजापति, सुलेन्द्र, मुकेश ,अरुण , अतवा उरांव, दिलेश लोहरा, चंद्र किशोर , सुलेंद्र भगत समेत अस्पताल के सभी डॉक्टर , सिस्टर आदि उपस्थित थे।

### परिवार नियोजन के बारे में स्वास्थ्य सहियाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी के द्वारा स्वस्थ्य सहियाओं को परिवार नियोजन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया.परिवार नियोजन का प्रशिक्षक बिटीटी उषा किरण तिर्की द्वारा परिवार नियोजन का प्रशिक्षण देते हुए सभी सहियाओं को परिवार नियोजन एप्प के माध्यम फैमली प्लानिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया.साथ ही प्रशिक्षण के दौरान परिवार नियोजन सामग्री लेने के लिये सहियाओं को इंडेन ईशु,स्टॉक अप टू डेट और क्लाइंट टू ईशु के माध्यम से परिवार नियोजन के लिये जरूरी सामग्री को ऑनलाइन प्राप्त करने के बारे में भी बताया गया.साथ ही सहियाओं को निर्देश देते हुए कहा गया।

# पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** पेड़ से गिर कर अधेड़ व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया.जिसे ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस से घायल अवस्था में इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत ग्राम में शनिवार सुबह की है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है। कि अधेड़ व्यक्ति ताड़ी चुआने के लिए तार पेड़ पर चढ़ कर सूखा तार पत्ता को चढ़ कर हटाने का कार्य कर रहा था। जिसे अधेड़ व्यक्ति पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।वही घायल का पहचान बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत बेलागंज थाना क्षेत्र के नंदुविगह ग्राम निवासी स्वर्गीय लगन चौधरी का 55 वर्षीय पुत्र जवाहर चौधरी के रूप में किया गया है। गौरतलब हो कि जवाहर चौधरी दो दिन पहले अपने गांव से बुटी ग्राम में किराए के मकान में लक्ष्मण यादव के घर में रह कर ताड़ी चुआने के लिए ललित चौधरी के बुलाने पर आया था। जो शनिवार सुबह ताड़ पेड़ पर चढ़ कर ताड़ी चुआने का कार्य कर रहा था। उसी दौरान पेड़े से नीचे आ गिरा जिसमें जवाहर चौधरी बुरी तरह घायल हो गया।

# विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला आयोजित की गई। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के प्रथम दिवस का प्रथम सत्र तीनों विद्यालय मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर और सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर का सामूहिक रूप से शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में संपन्न हुओ प्रथम दिवसीय आचार्य कार्यशाला कुल पांच सत्रों में संपन्न हुआ। त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि गुमला विभाग प्रचारक शमी कुमार जी , अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, तीनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, विपिन कुमार दास व सुरेश चंद्र पांडे तथा तीनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे इंटर महाविद्यालय के प्रचार्य श्री सुनील कुमार सिंह जी ने कहा कि त्रिदिवसीय कार्यशाला मे पूरी वर्ष की योजना तैयार की जाती है, जिससे पूरा वर्ष योजनाबद्ध तरीके से कार्य हो सके और मासान्त बैठक के दिन कार्य योजना की समीक्षा करनी चाहिए और अपने सबल और निर्बल पक्ष पर विशेष ध्यान देना चाहिए। गुमला विभाग प्रचारक शमी कुमार जी ने कहा कि सभी आचार्य पूर्ण समर्पित होकर योजना को क्रमबद्ध तरीके से संचालित करें और सभी कार्य को समय से पूरा करे' अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल जी ने कहा कि पिछले साल की योजना के अनुसार कितना कार्य हुआ उसका आकलन करना है और पिछले से बेहतर क्या कर सकते हैं, जिससे भैया बहनों का विकास हो सके द्वितीय सत्र में कोषाध्यक्ष विनोद राय जी ने सबल पक्ष की सराहना की और निर्बल पक्ष का समाधान बहुत ही सरल शब्दों में बतायो तृतीय सत्र में समय सारणी, चतुर्थ सत्र में शून्य कालांश के महत्व, आचार्य भारती व पंचम सत्र में प्रांतीय कार्य योजना, शैक्षिक पंचांग आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# नववर्ष शोभायात्रा में शामिल होने सनातनियों को किया गया आमंत्रित

**लोहरदगा/सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड के मुरकी तोड़ार में लोगों को नववर्ष के उपलक्ष्य पर 30 मार्च को भव्य शोभा यात्रा में ललित नारायण स्टेडियम में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया।जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सनातन की शक्ति सनातन की पहचान, तभी है हमारा भारत महान। इस देश में अनेकों भाषाएं है इसके बावजूद हमारे धर्म संस्कृति की झलक देखने लायक है। अपनी परंपरा सदियों पुरानी है और इस परंपरा को निभाना हम सब का कर्तव्य है कुछ लोग आज भी भटके हैं परंतु समय के साथ एक न एक दिन सनातन धर्म,संस्कृति की प्रेरणा से लोग खुद वा खुद जुड़ेंगे' आओ हम सब मिलकर नववर्ष मनाए और लोगों को जगाएं' मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, जिला संगठन महामंत्री बजरंग करवा,अजय प्रसाद,विनोद कुमार,रवि जयसवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# सकारात्मक सोच, सकारात्मक परिणाम देते हैं : शशिधर लाल अग्रवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित कर पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय ,सचिव अजय प्रसाद ,समिति सदस्य जीतन राम बड़ाइक अभिभावक सदस्य लाल मुनी देवी ,पूर्व छात्र संतोष रजक ने सामूहिक रूप से भारत माता, ऊं एवं सरस्वती मां की तस्वीर पर पुष्पार्चन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन एवं विषय वस्तु प्रवेश प्रमेंद्र सिंह ने किया। विद्यालय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा आए हुए अतिथियों का परिचय कराया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया- बहनों पूरे वर्ष भर की हुई परिश्रम का परिणाम मिलता है जो जैसे मेहनत करता है उसी अनुरूप उन्हें उसका फल मिलता है। सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत



जरूरी है। सभी आचार्य- दीदी जी और अभिभावकों की भी मेहनत को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। परीक्षा विभाग प्रमुख मधुमिता शर्मा के द्वारा परीक्षाफल का कार्यक्रम संपन्न हुआ।कक्षासह प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया -बहनों को सम्मानित किया गया। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने एकल गीत प्रस्तुत किया।

### समिति का गठन के लिये जेएनवी में बैठक आज

# विद्यालय संचालन के लिये बैठक कर अभिभावक व शिक्षक कमिटी के गठन किया जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा नवम में नामांकन हेतु सात विद्यार्थियों का और षष्ठ कक्षा के लिये अस्सी छात्र छात्राओं का परीक्षा फल प्रकाशित हो गया है। इस सन्दर्भ में प्रभारी प्राचार्य अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि षष्ठ व नवम कक्षा के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के उपरान्त पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के पदेन अध्यक्ष जिला के उपायुक्त डॉ। वाघमारे प्रसाद कृष्ण और जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सदस्य को विद्यार्थियों का नामांकन सम्बन्धी सूचना भेज दी गई है।ही साथ परीक्षा में चयनित छात्र छात्राओं के अभिभावकों को उनके पते पर डाक से पत्र भेज सूचना दे दिया गया है।साथ ही अभिभावकों का विश्राम के लिये विद्यालय परिसर में निर्मित शेड का उद्घाटन शनिवार को विद्यालय के प्रचार्य द्वारा किया गया।वही उद्घाटन समारोह के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।साथ ही बताया कि नये सत्र 2025 - 26 में सुचारू ढंग से विद्यालय संचालन के लिये 30 मार्च रविवार को अभिभावक और शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर शिक्षक अभिभावक कमिटी के गठन किया जाना है।जिसके लिये जिला के सभी प्रखंड क्षेत्र से पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों को पत्र व दूरभाष के माध्यम से बैठक में उपस्थित होने के लिये सूचना भेज दिया गया है।साथ ही कहा कि सभी अभिभावकों की मौजूदगी में उनके बच्चों का परीक्षा फल परिणाम को दिखाया जायेगा। तथा नवोदय विद्यालय समिति के नियमानुसार जिला के सभी प्रखंडो से शिक्षक अभिभावक कमिटी गठन के लिये अभिभावकों का चयन जायेगा।

## अंबा कोना जंगल में हाथी का हमला, 65 वर्षीय वृद्ध की मौत

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र के अंबा कोना जंगल में महुआ बीनने गए 65 वर्षीय फिरला नगेसिया को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। शनिवार सुबह 6 बजे वह जंगल में महुआ चुन रहे थे, तभी हाथी ने उन पर हमला कर दिया, सूंड से उठाकर पटक दिया और छाती पर चढ़कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलते ही रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। थाना प्रभारी ने इलाके के लोगों को सतर्क रहने की अपील की, क्योंकि क्षेत्र में एक जंगली हाथी सक्रिय है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले पालकोट थाना क्षेत्र में भी हाथी ने दो लोगों की जान ले ली थी। आशंका है कि वही हाथी अब रायडीह क्षेत्र में पहुंच गया है। वन विभाग को सूचना दे दी गई है, और ग्रामीणों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

## पगु पंचायत भवन में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की एडवोकेसी मीटिंग, एचआईवी जागरूकता पर दिया गया जोर



**गुमला।** पगु पंचायत भवन में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण एडवोकेसी मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत के सभी मुखिया और वार्ड सदस्यों को एचआईवी और एड्स जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। बैठक में इस बात पर विशेष रूप से बल दिया गया कि जो भी प्रवासी मजदूर बाहर से गांव में लौटते हैं, उनकी एचआईवी जांच अनिवार्य रूप से कराई जानी चाहिए। इससे समुदाय को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है और संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। बैठक में मौजूद हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने बताया कि एचआईवी/एड्स एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन समय पर जांच और सही जानकारी से इसके प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर ही इस विषय में जागरूकता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग समय पर अपनी जांच करवा सकें और इलाज शुरू कर सकें। इस महत्वपूर्ण एडवोकेसी मीटिंग में हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन से मुकेश कुमार, प्रकाश कुमार, शांति कुमारी, उर्मिला कुमारी और अमित कुमार मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को एचआईवी संक्रमण से बचाव, समय पर जांच और उचित उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सरहुल की पूर्व संध्या पर मंत्री चमरा लिंडा ने छात्रावासों में बांटे मांदर

**गुमला।** सरहुल पर्व की पूर्व संध्या पर झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा का गुमला आगमन हुआ, जहां उन्होंने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर का वितरण किया। मंत्री चमरा लिंडा ने कृष्णा छात्रावास, दुनदुरिया स्थित उरांव छात्रावास, एसएस +2 उच्च विद्यालय गुमला छात्रावास, एसएस +2 गर्ल्स छात्रावास, के ओ कॉलेज छात्रावास और अनुसूचित जाति महिला छात्रावास सहित कुल छह छात्रावासों में प्रत्येक को दो-दो मांदर प्रदान किए।

# गुमला पॉलिटेक्निक में धूमधाम से मना सरहुल महोत्सव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला पॉलिटेक्निक में 29 मार्च 2025 को सरहुल पूजा महोत्सव पूरे हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। यह पर्व प्रकृति के सम्मान और झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित रहा। इस आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के सदस्यों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जिसने इसे एक अविस्मरणीय अवसर बना दिया।

**प्राकृतिक आस्था और आध्यात्मिक श्रद्धा का अनूठा संगम**

सरहुल, झारखंड के आदिवासी समाज का एक प्रमुख पर्व है, जो वसंत के आगमन और साल वृक्ष के नवपल्लव को समर्पित होता है। गुमला पॉलिटेक्निक में यह उत्सव सदियों पुराने अनुष्ठानों, आध्यात्मिक श्रद्धा और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम बना।

उत्सव की शुरूआत साल के पेड़ की पवित्र पूजा से हुई, जो मानवता और प्रकृति के अटूट संबंध को दर्शाती है। यह अनुष्ठान सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने प्रकृति की कृपा का आभार प्रकट किया





और सामूहिक समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद प्रसाद वितरण समारोह हुआ, जिसमें सभी ने दिव्य आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण किया।

**संस्कृति के रंग लोकनृत्य ने मोहा मन**

सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को चरम पर पहुंचा दिया। झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए ऊजार्वान नृत्य और आदिवासी गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**प्राचार्य का संदेश संस्कृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता अनिवार्य**

सभा को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू ने कहा की सरहुल केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रकृति से हमारे अटूट संबंध और इसे संरक्षित करने की हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। गुमला पॉलिटेक्निक में, हम छात्रों में परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के साथ-साथ आधुनिक प्रगति को अपनाने के लिए भी प्रेरित करते हैं।

## कुएं में गिरे दो भालू

**बिशुनपुर (गुमला)।** गुमला रेंज के जंगलों से भटककर गांव में घुसे दो भालू शुक्रवार रात करीब 2 बजे बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कोयनार टोली गांव में खेत के एक कुएं में गिर गए। सुबह ग्रामीणों ने यह देखा तो तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही आदर रेंज के फॉरेस्टर शेखर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बचाव दल ने सबसे पहले कुएं से पानी निकालने के लिए मशीन लगाई। हालांकि, लंबे समय तक कुएं में रहने के कारण दोनों भालू बेहद थके हुए हैं और कुएं में ही बैठे हैं। फॉरेस्टर शेखर सिंह ने बताया कि जंगल से गांव की नजदीकी के कारण ये भालू भटककर आए।

## बिशुनपुर में जंगली भालू का हमला 45 वर्षीय ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के मैला पाठ निवासी 45 वर्षीय बुदुलाल खेरवार पर शुक्रवार सुबह जंगली भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिशुनपुर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, बुदुलाल सुबह शौच के लिए गांव से सटे लोहरदगा रेंज के जंगल में गया था। अचानक एक जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया और अपने धारदार नाखूनों से गंभीर जख्म दे दिए। हालांकि, घायल अवस्था में भी बुदुलाल ने हिम्मत नहीं हारी और भालू से लड़ते हुए शोर मचाने लगा। उसकी चीख-पुकार सुनकर भालू जंगल की ओर भाग गया। घटना की सूचना मिलते ही बनारी रेंज के फॉरेस्टर किशोर कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और पीड़ित परिवार को वन विभाग की ओर से ?10,000 की सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने ग्रामीणों, विशेष रूप से महुआ चुनने वालों से अपील की कि वे अहले सुबह या रात में जंगल की ओर न जाएं, क्योंकि इस समय जंगली जानवर अधिक सक्रिय रहते हैं।

# स्वस्थ्य मन से बनाई गई योजनाओं से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव : प्रधानाचार्य संजीव

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** बाल विकास को समर्पित प्रांतीय योजना के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा समेत सभी आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत वंदना से हुई, जिसके बाद प्रधानाचार्य ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अजय कुमार ने आचार्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, आचार्य का कार्य ईश्वरीय सेवा के समान है। जब शिक्षक पूर्ण समर्पण और ईमानदारी से कार्य करेंगे, तभी भारत की भावी पीढ़ी का सशक्त निर्माण संभव होगा।

कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा,

यह कार्यशाला शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों, कक्षा प्रबंधन तकनीकों और छात्रों के समग्र विकास के प्रति जागरूक करेगी।

कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास ने आचार्यों को सामाजिक कार्यों में अधिक भागीदारी लेने और अभिभावकों से संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**कार्यशाला के प्रमुख बिंदुः**

विद्यालय के सबल और निर्बल पक्षों पर विस्तृत चर्चा।

आचार्य भारती का गठन और शिशु वाटिका में एउउए की 12 विधाओं पर मंथन।

पांच सत्रों में आचार्यगण वार्षिक शैक्षणिक योजनाओं का निर्माण करेंगे।

कार्यशाला के पहले दिन का माहौल उत्साह और प्रेरणा से भरा रहा। आचार्यों ने इस अवसर का भरपूर लाभ उठाने और नवीन शिक्षण तकनीकों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

### बिशुनपुर में शांति समिति की बैठक

# रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर सुरक्षा व सौहार्द बनाए रखने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर थाना परिसर में शनिवार को आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुलेमान मुंडरी ने की, जिसमें प्रमुख रूप से प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद, अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, गुरदरी थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह समेत विभिन्न समुदायों के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

बैठक में ईद, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी और सरहुल के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें। बीडीओ ने कहा कि सभी त्योहारों को मिलजुल कर मनाया जाए और किसी भी विवाद से बचा जाए।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि रामनवमी पर बिना लाइसेंस शोभायात्रा और जुलूस नहीं निकाले जाएंगे, साथ ही बाइक रैली पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। शोभायात्रा और जुलूस के दौरान शस्त्रों का प्रदर्शन वर्जित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल में तय मानकों का पालन अनिवार्य होगा। एसडीपीओ ने आमजन एवं सामाजिक कार्यकताओं से अपील की कि किसी भी विवाद की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचें।

# प्रखंड क्षेत्र में नशापान की रोकथाम हेतु नुक्जाकड़ नाटक जगरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में समाज कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार, खुशमन सांस्कृतिक कला मंच गुमला ने गुमला जिला के सभी प्रखंडों में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया है। इस अभियान के तहत गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समुदाय में नशा विरोधी संदेश फैलाया जा रहा है।हाल ही में, शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के पीपल चौक एवं कासीर बाजार परिसर में खुशमन सांस्कृतिक कला मंच द्वारा इस जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नागपुरी गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया।टीम लीडर खुशमन नायक ने इस अवसर पर कहा, ₹जिस परिवार में नशा पान का सेवन किया जाता है, उस घर में हमेशा अशांति बनी रहती है। नशा करने वाले व्यक्तियों का शरीर धीरे-धीरे खोखला हो जाता है और वे अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। नशा पान से समाज में कई दुष्प्रभाव उत्पन्न हो रहे हैं, जैसे छेड़खानी, मार-पीट, चोरी और डकैती। नशा करने वाले व्यक्ति की जिंदगी समय से पहले छोटी हो जाती है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाती हैं। खुशमन ने आगे कहा, घर के मुखिया की मृत्यु से पूरा परिवार उजड़ जाता है और विपत्ति का पहाड़ खड़ा हो जाता है। इसीलिए, युवा पीढ़ी को नशा पान से दूर रहना चाहिए। एक परिवार जिसमें नशा न किया जाता हो, वह अधिक सुखी और शांतिपूर्ण होता है। इस जागरूकता अभियान में भाग लेने वाले कलाकारों में सुभाष लोहरा, शक्ति नायक, जीतू नायक, छोटे लाल नायक, राजनाथ नायक, मनतु नायक, रजनी कुमारी, पूजा कुमारी और सोनामुनी केरकेट्टा शामिल थे। इन कलाकारों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से नशा की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया और लोगों को नशा पान करने से बचने के लिए प्रेरित किया।खुशमन सांस्कृतिक कला मंच का यह प्रयास समाज में नशा मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय जनता को नशापान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में विकलांग सहायता शिविर में 135 लोगों ने उठाया लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बर्वेनगर पंचायत में श्री भगवान महाबीर विकलांग सहायता समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सूरज प्रसाद, चंद्रावती कुमारी और रोहित चंद्र महतो ने विकलांग व्यक्तियों को बैसाखी और स्टिक वितरित की। इस अवसर पर बर्वेनगर पंचायत के कुल 135 लोगों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। समिति द्वारा आयोजित इस पहल ने विकलांग व्यक्तियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है।कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के दीदियों और जेसीआरपी की दिदियों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस पहल को समर्थन दिया और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समिति के सदस्यों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से विकलांगता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया है, और इस तरह के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोग सशक्त होते हैं और समाज में समावेशिता का भाव बढ़ता है।कार्यक्रम का समापन करते हुए समिति के सदस्यों ने सभी विकलांग व्यक्तियों को आश्वस्त किया कि उनके प्रति समाज का समर्थन हमेशा रहेगा और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।इस पहल को देखकर स्थानीय समुदाय ने भी अपनी सराहना व्यक्त की और भविष्य में ऐसी गतिविधियों के आयोजन की अपेक्षा जताई।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला द्वारा जिले के तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 के लिए हुई परीक्षा के आधार पर राज्य परियोजना कार्यालय के निदेर्शानुसार मेरिट सूची तैयार कर जारी की गई है। चयनित विद्यार्थियों की सूची संबंधित विद्यालयों के सूचना पट्ट, जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय और सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों में प्रदर्शित की गई है, ताकि छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एस. एस. प्लस टू उच्च विद्यालय, गुमला में 180 छात्र-छात्राओं, एस. एस. बालिका विद्यालय, गुमला में 88 छात्राओं और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला में 25 छात्राओं का मेरिट सूची के आधार पर चयन किया गया है।

### चैनपुर शांति समिति की बैठक भाईचारे और सामंजस्य की अपील

# सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान : महेन्द्र करमाली

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना परिसर में आगामी त्यौहार को लेके प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा की अध्यक्षता में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चैनपुर प्रखंड के अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, और स्थानीय मुखिया जैसे कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। बैठक में सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें मुखिया मधुरा मिंज, प्रियंका असुर, पंचायत समिति अनीता उरांव, आशा लकड़ा, और शांति समिति के सदस्य यमुना केशरी, अल्बर्ट तिग्गा, अशोक सिंह और जावेद खान शामिल थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चैनपुर में आने वाले पर्व को शांतिपूर्ण और सामूहिक रूप से मनाने पर जोर देना था। बीडीओ यादव बैठा ने सभी धर्मों के लोगों से विस्तृत जानकारी



ली और सभी को एक-दूसरे के धर्म का सम्मान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चैनपुर में हमेशा की तरह इस वर्ष भी शांति से पर्व को मनाना है। सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली ने उपस्थित सभी लोगों को उच्च अधिकारियों के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी समारोहों के आयोजन स्थलों की जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता है और डीजे में बजने वाले गाने को पहले से थाना में जमा करने का निर्देश दिया गया।सीओ दिनेश गुप्ता ने सभी को भाईचारे और एकता से पर्व मनाने का संदेश दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सावधान रहने की बात कही और किसी भी समस्या की स्थिति में थाना में तुरंत सूचना देने की सलाह दी।थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने कहा, हम सभी मनुष्य हैं और सभी से कभी-कभी गलतियां होती हैं, लेकिन हमें एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि यदि किसी ने वॉट्सएप ग्रुप बनाए हैं, तो उनकी जानकारी लिखित रूप से थाना में प्रस्तुत करें।बैठक में शांति समिति के कई सदस्य जैसे यमुना केशरी, अशोक कुमार, सत्यम केशरी, मिथलेश कुमार, अमरजीत लोहरा, इस्तियाक खान, और शांता टोप्पो भी उपस्थित थे।इस बैठक का उद्देश्य चैनपुर में समाज की एकता, शांति और सामंजस्य को बढ़ावा देना था ताकि सभी धर्मों के लोग मिलकर पर्व का आनंद ले सकें।

**समाहरणालय,गढ़वा**
email – dprogarhwa84@gmail.com
(पंचायत शाखा)

**आम सूचना**

सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2025 के तहत गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख), मझिऑव नगर पंचायत एवं श्री बंशीधर नगर नगर पंचायत के विभिन्न पदों के निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार (वार्डवार) मतदान केन्द्रवार मतदात सूची के अंतिम प्रकाशन दिनांक – 22.03.2025 को किया गया है। मतदाता सूची सभी विनिर्दिष्ट स्थलों यथा – वार्ड कार्यालय/नगर परिषद कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय/संबंधित प्रखण्ड कार्यालय/अनुमंडल कार्यालय/जिला पंचायत राज कार्यालय में रखी गई है, जिसका अवलोकन (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:00 बजे अपराहन तक की अवधि में एवं गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 349572 Home (24-25)_D

**कार्यालय, नगर पंचायत लातेहार**

**आम सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि क्षेत्र भ्रमण में प्रायः यह पाया जाता हैं कि Building Material जैसे– ईट, बालु, गिट्टी इत्यादि सड़क के किनारे जमा कर निर्माण कार्य किया जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी एवं दुंधटना की सम्भवना बनी रहती है। अतः वैसे सभी नगर पंचायत क्षेत्र के आमजनों से अनुरोध है कि जिनका भी Building Material सड़क के किनारे जमा है, वे सभी अपना Building Material 24 घण्टा के अंदर हटाना सूनिश्चित करेगे ताकि आगामी त्योहरों जैसे ईद, सरहुल, चैती छठ एवं रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके तथा सड़क दुर्घटना की सम्भवनाओं को कम किया जा सके।

**इसे अतिमहत्त्वपूर्ण समझा जाय।**

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 349576 Urban Development(24-25)#D

कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार

बन्दोबस्ती आम सूचना (3rd Call)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 ( 15 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) के लिये खुली डाक बोली द्वारा दिनांक– 09.04.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 11.04.2025 एवं दिनांक– 12.04.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बन्दोबस्त राशिकी राशि | वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्य सब्जी बाजार, धर्मपुर | 569650.00 | 569650.00 | 57000.00 | 1000.00 |
| 02 | नगर पंचायत, लातेहार अन्तर्गत चलने वाले रिक्सा, साईकिल एवं ठेला पर कर निर्धारण (टोकन लगाने) हेतु डांक। | 10778.00 | 10778.00 | 1100.00 | 1000.00 |
| 03 | कन्या मध्य विद्यालय, लातेहार के चाहर दिवारी के बगल में चयनित दो पहीया, तीन एवं चार पहीया पार्किंग स्थल हेतु डांक। | 266110.00 | 266110.00 | 26700.00 | 1000.00 |

नोट 1 छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , न्यूनतम डाक की राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।

2 कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 349574 (Urban Development)24-25*D

# गलतफहमी

ता: 24 मई , दोपहर.....ट्रिंग...ट्रिंग.....
श्वेता है? श्वेता...श्वेता .....
wrong number...... फोन काट दिया गया...
ता: 24 मई ... शाम पांच बजे......ट्रिंग...ट्रिंग.....
श्वेता ... श्वेता....
wrong number.. फोन काट दिया गया...
ता: 24 मई ... रात बारह बजे......ट्रिंग...ट्रिंग.....
wrong number...... फोन काट कर साइलेंट पर कर दिया गया ..



सुधा गोयल 'नवीन'

इसी तरह 25, 26, 27, 28, हर दिन, लगभग तीन महीनों से लगभग रोज़ फोन बजता है और मैं "श्वेता है क्या" सुनते ही फोन काट देती हूँ .....

घर में सबकी अलग-अलग राय थी... कोई कहता , "अन-नोन नंबर देखते ही काट दिया करो, हेलो बोलने की भी ज़रुरत नहीं है..."
"नंबर ब्लॉक कर दो..."
"आजकल उम्र का भी लिहाज नहीं"
"ये मोबाइल फोन भी न्यूसेंस हैं."
"प्राइवेसी और सिक्योरिटी का कोई प्रोविज़न होता है कि नही.?"
नंबर ब्लॉक करने शुरू किये ..एक..दो.. तीन... दस..बारह..तीस.....
लगा यह कोई सिर-फिरा है... वही डरी-डरी सी आवाज "श्वेता है क्या.....या फिर श्वेता...श्वेता..."
दिमागी घोड़ा दौड़ता ....अक्सर बॉय-फ्रेंड ...गर्ल-फ्रेंड का चक्कर होता है.... या कभी-कभी टाइम पास करने के लिए कोई भी नंबर घुमा दिया और ऊट-पटांग बात करके हँस लिए समय अच्छा गुज़र गया .... लेकिन यहाँ तो मामला ही कुछ और लगता था... एक शब्द श्वेता ... और उसमें भी बेबसी... घबराहट और दयनीय भाव. वह किसी मनचले, आवारा या टाइम पास करने वाले का नहीं लगता था ..
बस एक दिन मैंने भी ठान लिया... बहुत हुआ अब मुझे बात करनी ही होगी मैं किसी अन-नोन नंबर से फोन आने का इंतज़ार करने लगी...कई दिन बीत गए.......
एक दिन किसी बात से मेरा मूड खराब था, उसी समय मोबाइल बजा, झुंझलाते हुए फोन उठाया, "श्वेता....प्लीज़...श्वेता... फोन मत काटना...." बिफर पड़ी मैं.... "आज मैं फोन नही काटूंगी...... पर पहले ये बताओ तुम हो कौन? और यह श्वेता कौन है? हज़ार दफा रौंग-नंबर कह कर फोन काटने के बावजूद अपनी करतूत से बाज नहीं आते.... पुलिस में कम्प्लेंट करूंगी तभी सुधरोगे......" तेज आवाज़ में और एक सांस में मैं बोलती चली गई..उधर से किसी ने फोन नहीं काटा, वरन गिड़गिड़ाते हुए बोला, "मैंम ... श्वेता मेरी बीबी है 22 मई से लापता है ... रूठ कर चली गई है, पता नहीं कहाँ..... उसके पास यही नंबर था ... दो-तीन महीने पहले ही आपको यह नंबर मिला है न.....?" अब चौंकने की बारी मेरी थी.. सचमुच यह दूसरा सिमकार्ड मैंने कुछ दिनों पहले ही लिया था...
वह बोले जा रहा था, "लगता है उसने अपना नंबर भी बदल लिया.... इतने दिनों तक आपने एक शब्द भी नहीं बोला तो मुझे यही धोखा होता रहा कि मेरी श्वेता मुझसे नाराज़ है इसलिए बात नहीं कर रही, फोन काट देती है, नंबर ब्लॉक कर देती है, इसलिए मैं अलग-अलग नंबर से प्रयास करता रहा... क्षमा कीजिएगा अब आपको और तंग नहीं करूंगा ...."
मेरा दिल एकदम से पसीज गया और मैंने कहा, "सुनो, जब तुम्हारी श्वेता मिल जाए तो मुझे इसी नंबर पर फोन करके बताना ज़रूर....तब तक मैं तुम्हारे लिए ईश्वर से प्रार्थना करूंगी और हाँ..... तुम्हारे फोन का इंतज़ार भी करुगी .." मेरे अज़नबी मित्र के फोन का मैं आज भी इंतज़ार कर रही हूँ ....

# फंसरी टुंगरी



अनिता रश्मि

ब्रिटिश शासन को औकात दिखलानेवाले अनगिन, ज्ञात-अज्ञात वीर शहीदों से झारखंड चमचमा रहा है। उनकी वीरता ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अनेक महावीरों ने प्रथम सिपाही विद्रोह अर्थात गदर से पूर्व ही क्रांति का बिगुल बजाया था। उनमें से कुछ के नाम ज्ञात हैं, जैसे - सिद्धो-कान्हों, चाँद-भैरव मुर्मू भाइयों और उनकी बहनें फूलो-झानो, बिरसा मुण्डा, विश्वनाथ शाहदेव, नीलाम्बर-पीताम्बर, शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह, जयपाल सिंह, पाण्डेय गणपत राय, नादिर अली-जयमंगल पाण्डेय आदि अनेक। कुछेक अदम्य साहस के धनी वीर गुमनामी के अँधेरे में गुम गए।

चुटिया नागपुर के अपभ्रंश छोटानागपुर के इस जीवंत, ऐतिहासिक शहर राँची के मध्य में रिची बुरु है अर्थात राँची पहाड़ी। वनवासी पहाड़ को बुरु कहते हैं।

कभी की रिची, रंची, अराची नाम से प्रसिद्ध झारखंड की राजधानी रांची बाद में किसुनपुर कहलाई। फिर कालांतर में रांची।

रांची नगरी के बीचोंबीच स्थित एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल पहाड़ी मंदिर है। उस पर भगवान शिव का मंदिर काफी प्राचीन है। देश की आजादी से पहले यह अंग्रेजों के कब्जे में था। वे आततायी अंग्रेज स्वतंत्रता सेनानियों या विद्रोह करनेवालों को हर तरह से प्रताड़ित करते थे। सर पर कफन बाँधकर निकले आजादी के दीवानों को इसकी परवाह न थी। क्रूर अंग्रेजों ने पहाड़ी के ऊपर फैले घने वृक्षों पर ऐसे साहसी सपूतों को फाँसी पर लटका दिया था। हालांकि अब वे वृक्ष बचे नहीं, फिर भी यहाँ के गाछों पर कभी टाँग दिए गए थे आजादी के परवाने...जिन्दा या मुर्दा। आम लोगों को सीख देने का यह उनका क्रूरतम तरीका था।



यहाँ फाँसी पर लटकाए गए किसी शहीद का नाम अब तक पता नहीं चल पाया है लेकिन राँची पहाड़ी के वृक्षों पर क्रांतिवीरों को थोक में फाँसी दी गई थी। इसीलिए रांची पहाड़ी को कहते हैं फँसरी टुँगरी ! अहिंसक स्वतंत्रता सेनानी, गाँधी जी के परम भक्त, शहीद जतरा भगत के अनुयायी टाना भगतों ने इसका नामकरण किया था। और यह बेवजह नहीं था। पहाड़ी को टुँगरी भी तो कहते हैं वनवासी।

1947 की अर्द्धरात्रि को आजादी मिलते ही रात बारह बजे पहली बार राँची में शहीद स्वतंत्रता सेनानियों की याद और सम्मान में पहला तिरंगा झंडा शिव मंदिर के झंडे संग राँची पहाड़ी या रिची बुरु की चोटी पर ही फहराया गया था। इसे राँची के एक स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण चंद्र दास ने फहराया था। उस समय से हर साल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर यहाँ ध्वजारोहण होता है।

पहाड़ी के ऊपर एक पत्थर है, जिस पर देश की आजादी का संदेश 14 और 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को लिखा गया है। सर पर कफन बाँधकर चलनेवाले गुमनाम क्रांतिकारियों की शहादत को जीवित रखने के लिए यह छोटा सा प्रयास था।

शहर की छाती पर सदियों से शान से खड़ी राँची पहाड़ी देश का इकलौता देवालय है, जहाँ ईश आराधना के साथ आन-बान-शान से राष्ट्रीय ध्वज भी लहराता है, राष्ट्रीय गान की धुन से गूँज उठती है पहाड़ी। हर राष्ट्रीय पर्व पर पुरखों का वह अप्रतिम अबोलता सा गुम बलिदान याद किया जाता है। फिर भुला भी दिया जाता है।

कालांतर में इस पहाड़ी पर शहादत को याद रखने के लिए देश का सबसे ऊँचा तिरंगा झंडा लगाया गया। कुछ दिनों तक वह बड़ा ध्वज लोगों को आकर्षित करता रहा लेकिन अब सिर्फ पोल है, तिरंगा गायब ! अतिक्रमण और प्रदूषण की मार झेलता ढहता हुआ रिची बुरु उस विशाल तिरंगे की ताब ना झेल सका, उसे हटाना पड़ा।

यह मंदिर समुद्र तल से 2140 फीट और जमीन से 350 फीट ऊपर स्थित है। मुख्य मंदिर तक पहुँचने के लिए 468 सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती हैं।

प्रत्येक सावन में भगवाधारी काँवरियों की भीड़ देखते बनती थी, है। "बोल बम" के नारों से पट जाती हैं सारी सड़कें। रिची बुरु के दूसरे छोर पर स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल लाकर काँवड़िए पहाड़ी मंदिर में शिवलिंग का अभिषेक करते हैं। शिवरात्रि और सावन के महीने में शिव भक्तों की एक बड़ी भीड़ यहाँ आती है। आदिवासी यहाँ रहनेवाले नाग की पूजा पहले करते हैं फिर शिव की क्योंकि नागवंशी राजाओं की गढ़ रही है रांची।

यहाँ से पूरी रांची का विहंगम दृश्य नजर आता है। पार्श्व में स्थित 1842 में ब्रिटिश नेशनल कर्नल ओंसले के द्वारा निर्मित काफी शांत और तीन टापुओंवाली बड़ी रांची झील ( बड़का तालाब) भी। शहर के हर इलाके से फँसरी टुँगरी आसानी से पहुँचा जा सकता है। अब बड़ा सा भव्य गेट बन गया है और कई अन्य मंदिर। इसकी सीढ़ियों पर लगे शेड के कारण अब वृक्षादि कम नजर आते हैं। पहले खुले वातावरण में चोटी पर एक ही श्वेत रंग का मंदिर था और चारों तरफ गाछों से आच्छादित सोपान।

लेकिन राँची पहाड़ी मात्र भक्ति का केंद्र नहीं, राष्ट्र भक्ति का भी केंद्र बिंदु है, युवा-किशोर फँसरी टुँगरी या फाँसीगढी की इस सच्चाई को नहीं जानते, समझते। कड़वा सच है कि झारखण्ड के बहुत से गुमनाम शहीदों के बारे में आज के अधिकांश युवा को एकदम जानकारी नहीं है।
स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने राज्य के कितने जाँबाजों ने कुर्बानी दी, न जाने किन-किन जगहों पर कदंब, आम आदि के पेड़ों पर उन्हें लटका दिया गया है, इसे बताने के लिए, उनके बलिदान को याद रखने के लिए उन बच्चों, किशोरों, युवाओं के बीच इतिहास बाँचने की जरूरत है। इस दिशा में कुछ कदम पूर्व में बढ़ाए गए थे, कुछ अभी कोशिशें की जा रही हैं। उनमें राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत का नवीन प्रयास सराहनीय है।
ब्रिटिश काल में 'हैंगिंग गैरी' में बदल गई रिची बुरु राँची का हृदय है। इसे बचाए-जिलाए रखने की आज बेहद आवश्यकता है।

# दहेज



रात भर शादी का शोर शराबा सुबह होते होते थमने लगा। विदाई का समय हो गया। सभी बाराती अपना अपना सामान लेकर गाड़ी में बैठने लगे। रात भर शादी की रस्मों को करते करते ऋचा और विनोद भी बुरी तरह थक गए थे। नव दम्पति विदा होते समय सभी बड़ों का आशीर्वाद लेकर अपनी गाड़ी की ओर बढ़ गए। दोनों समधी भी विदा होते समय एक दूसरे के सामने हाथ जोड़े औपचारिकता निभा रहे थे, तभी ऋचा के पिता ने समधी जी को भावुक स्वर में कहा -"समधी जी बारात के आगत -स्वागत में कहीं कोई कमी रह गयी हो तो माफ करना।" "नहीं-नहीं समधी जी आपने बारात के स्वगात में कोई कमी नहीं की।" "जैसे मैंने आपसे बारतियों के स्वगात के लिए कहा था उससे कहीं ज्यादा भव्य स्वागत आपने किया है ।" करता भी क्यों न समधी जी आपने एक पैसा दहेज़ नहीं लिया.... तो आपके कहे अनुसार स्वागत तो करता ही ना! ऐसी बात नहीं है समधी जी मैं तो इतना खर्चा के लिए आपसे नहीं कहता.... लेकिन क्या है न कि समाज में मेरा और मेरे बेटे का एक नाम है।



डॉ. मीनाक्षी कर्ण

मैं एक शिक्षा पदाधिकारी के पद से रिटायर हुआ हूँ और मेरा बेटा विश्वविद्यालय का प्राध्यापक है, ऐसे में समाज में नाक ऊँचा करना था । हम दोनों बाप बेटे दहेज़ के सख्त खिलाफ है।

अब देखिए न समधी जी विनोद की माँ तो कह रही थी कि अपने बेटे की पढ़ाई लिखाई में इतना खर्च हुआ है तो कुछ दहेज़ ले लेते तो अच्छा होता.... बहुरिया के लिए ही गहने जेवर बढ़िया से बनवा लेते,, अब ये औरतें मान प्रतिष्ठा तो समझती नहीं है,,, समाज में हमारी क्या इज्जत है समझती ही नहीं है.... मैंने ही मना कर दिया... समधी जी सरकारी स्कूल के शिक्षक है, मामूली सा बेतन है, बेचारे इतना दहेज़ नहीं दे पाएंगे,उन्होंने बहुत ही कष्टों से अपनी बेटी को पढ़ा लिखाकर बैंक मैनेजर बनाया है.... उन्होंने सारी पूंजी बेटी की पढ़ाई में लगा दी है उसपर उनसे दहेज़ क्या मांगेंगे?... उनकी बेटी अब हमारे घर की बहू है आजीवन सारी कमाई हमें ही देगी... जो दहेज़ से कई गुना ज्यादा है,, इसपर पूरा अधिकार तो हमारा ही है... है न समधि जी। अब आप ही बताइए हम आपसे फिर दहेज़ क्या मांगते?... हम तो दहेज़ के ख़िलाफ है। दहेज़ लेना और देना दोनों जुर्म है। 'हूँ 'कहकर ऋचा के पापा चुप हो गए। समधी जी की बातें सुन अपने को ठगा और लाचार महसूस कर रहे थे। इन दहेज़ लोभियो के दहेज़ लेने के नये तरीके से अचंभित थे।

# पलाश

झारखंड राज्य का।
राजकीय फूल पलाश।
देखने में मनभावन।
याद दिलाता है।
बैसाख में सावन चित चोर।
लगता है मन भोर-भोर।
कई गुणों से भरपूर।
औषधीय गुणों से चूर,
टूह-टूह टेसू बौराया।
किंशुक बन लहराया।
इसी मौसम में।
सिमर भी रंग
दिखाया।
केसरिया बाना धर।
ऐसे लहराया।
मानों फूलों परचम
लहराया।
उगता दिनकर स्वर्ण
प्रभा ले।
टूह-टूह टेसू,
केसरिया लहराय।
पर्ण प्रेम से विलग हुआ है।
फूल मौज में खिला हुआ है।
धरती सूखी तो क्या बीते।
वारिस में फिर गदगद होते।
हम तपते दिनकर बतियाते।
इससे भी है घुल-मिल जाते
कठीन कर्म में जीना जानें।
कर्म रंग से अंबर रंग दें।
हम रंगों में पलाश सिमर हैं।
मौसम-मौसम मतवाला है।
लाल हरा पीला -पीला हैं।
इसका महत्व भी खासा है।
मलय पवन ऊर्जा साझा है।
गुण दोष में नहीं बाधा है।
प्रेम प्रीति का लेना देना।
विजय रंग लहराते रहना।
टेसू से मिलना -जुलना फिर।
ताज जीत का रखना है सिर।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

## काव्य कोना

### संदेश का

निगाहों ने बांधे हैं बांहों का बंधन
मन ने जगाई है प्रीत की ज्योत।
थरथराते पगों ने राहों को थाम लिया
टूटती सांसों ने आशाओं को नया नाम दिया।
पतों से गुजरती हवाओं ने नया गीत दिया
तरंगों के स्पंदन से नया संदेश मिला।
परछाईयां बतलाने लगीं साथ का मतलब
अथक अंतिम मंजिल तक साथ दीं।

**नाग मणि**

# कामकाजी

मैं कामकाजी हूँ बड़ा नेक काम करती हूँ, पूरे दिन उंगलियां चला मोबाइल पे खटती हूँ। देखो तो मैं कितनी दरियादिली दिखाती हूँ, बिन वेतन ही सबकुछ मनोयोग से करती हूँ। एक-एक कर मैं सभी के वॉल पे जाती हूँ, लाइक और कमेंट का अंगूठा लगाती हूँ। फेसबुक पर उदय ले रही यह नयी तमीज है, समाजसेवा करना बड़े दिमाग़ की चीज है। यही फेसबुकिया समाजसेवा मैं करती हूँ, बिन खाए-पिए सदा दिन-रात लगी रहती हूँ। पतिदेव से बात करने की मुझे फुर्सत नहीं, किसी में मुझसे उलझने की यहाँ हिम्मत नहीं। इक दिन मेरा यह मोबाइल गिरकर टूट गया, मेरी समाजसेवा को जैसे ग्रहण लग गया। लाते नहीं नयी मोबाइल, बेजार हो गयी, क्या करूँ यारों, अब मैं बेरोजगार हो गयी।



गीता चौबे "गूँज"

# बदलते परिदृश्य

इस संसार में कुछ भी स्थायी नही है। हरपल सबकुछ शने: शने: परिवर्तित होता रहता है। इस परिवर्तन से उद्वेलित होते हुए हम सभी बहुत समय तक एक जैसे व्यवहार व जीवन प्रणाली से अक्सर उब बैठते हैं और परिवर्तन के लिये छटपटाने लगते है । प्रकृति द्वारा इस स्थिती को भलिभाँति समझते हुए ही समय- समय पर मौसम में बदलाव कर प्रकृति के रंग रूप को नवीन करते हुए, जीवन को सरस बानाने का प्रयास किया जाता रहा है। बदलते मौसम के साथ- साथ रहन -सहन, खाना -पीना, पहनावा आचार- विचार सभी में बदलाव दिखाई पड़ता है। कभी वसंत ऋतु में पिताम्बरी आभा बिखेरते सरसों के हरे पीले खेत जीवन मे आनंद को बढ़ाते हैं तो वहीं ग्रीष्म ऋतु में पसीने से भींगते तन - मन आकाश की ओर आशा और विश्वास से ताकते हैं। जीवन की कठिनाईयों और ऋतुचक्र का महत्व जीवन गति के चक्र को दर्शाते हैं। भीषण ग्रीष्म के बाद रिमझिम वर्षा की बूंदे धरती से मिलकर हरियाली बिखेरती हैं, जिससे तरह- तरह के जीव जन्तु प्रकृति प्रेम से उद्वेलित होकर जनन प्रकिया में सक्रिय हो धरती पर जीवन को समृद्ध बनाते हैं। वृक्ष कोटर में बैठ पक्षी, ताल- तलैया में उछलते मैंढक ,घर बरामदे में झिंगुर सावनी गीत गाकर सभी को हर्षाते है। इन बदलते परिदृश्य में मानव के व्यवहार व दृष्टि में परिवर्तन जीवन का स्वाभाविक संचरण ही है। इस परिवर्तन को हम तरह- तरह के पर्व त्योहार द्वारा ऋतुओं से जोड़कर जीवन के हर पल का आनंद उठाने का जरिया बनाते हैं। ठंड के मौसम में जहाँ धूप के परिदृश्य में लोग पार्क ,छतों व गार्डन में धूप का आनंद लेते हैं वही गरमी के दिनों में वाटर पार्क,हिल स्टेशन ,स्वीमिंग पूल में मस्ती करते हैं। चाहे जो भी हो बदलते परिदृश्य में हर व्यक्ती व जीव- जन्तु अपने को ढालते हुए जीवन को जीने का बेहतर सलीका सीख लेता है। यह बदलाव स्वाभाविक भी है और जीवन के लिये आवशयक भी है। इससे ही धरती पर जीवन निरंतरता पाता है।



मनीषा सहाय 'सुमन'

# रमज़ान का पाक महीना



इबादत का प्यारा महीना
रहमत की सौगात लाया
चाँदनी में दुआएँ माँगें
रौशनी से दिल
जगमगाया।
सजदे में झुके ये माथे
ख़ुदा से नेकी का नाता
हर दिल में मोहब्बत
जागे
हर घर फैले उजाला।

ईद का पैग़ाम सुनहरा
खुशियों का पैग़ाम लाया
संयम, सब्र और नेकी से
इंसां को इंसां बनाया।
रमज़ान की पाक
घड़ियाँ
दिल को देती हैं सुकून
दुआँ करें इस रौशनी
में
मोहब्बत बरसे हर सूँ!



चारुमित्रा

# बेबसी

कभी बेबसी की यहाँ मात होगी,
फकत जीत हो ऐसी शुरुआत होगी।
कदम जब बढ़ेंगे भला कौन रोके
फलक जब छुयेंगे तो हैहात होगी।
नहीं कम जहाँ में है
कोई किसी से,
अलग इस जहाँ से क्या
लम्आत होगी।
बड़ा कौन रब से हमें जो गिराये,
हमें छेड़ ले किसकी औकात होगी।
लिखा जो कुछ हमने हकीकत यही है,
जहाँ मैं यही बात इस्बात होगी।
किए बंद रस्ते जिन्होंने यहाँ पर,
मिला के नज़र अब मुलाकात होगी।
बहुत खुश यहाँ थे 'अना' हार पर जो,
उन्हीं की नज़र आज कमज़ात होगी।



अनामिका मिश्रा

# सिर फुटौवल मैच का सीधा प्रसारण



ललन शर्मा



व्यंग्य वार्ता

माननीय हिन्दुस्तानी बन्धुओं और बान्धुओं, आपको मालूम हो कि आजकल रोज मीडिया चैनल पैदा हो रहे हैं। आशा हैं नयी शताब्दी जाते-जाते पूरा हिन्दुस्तान चैनलमय/मीडियामय हो जाएगा साथ ही आपके हाथ में जो मोबाइल है। वो भी ज्ञान-व्यापी हो गया है,ओ-टी-टी मय भी हो गया है। जिसमें हर आदमी, जो चाहेगा, जब चाहेगा, अपने घर मे छुपकर देख सकेगा। उसे सबकुछ देखने को मिलेगा, मिलना ही चाहिए क्योंकि हमारे यहाँ शुद्ध डेमोक्रेसी हैं इसलिए हर आदमी को उसका हक मिलना ही चाहिए। यों भी ज्ञान मिले या न मिले पर मनोरंजन भरपूर मिलना चाहिए। इसलिए तो लोग भूखे-पेट रहकर भी देशी -विदेशी मनोरंजन चैनल देखते हैं, गाली गलौज देखते हैं और अपना सारा दुख भूल जाते हैं और दूसरों का दुख बढ़ाने में लगे रहते हैं।

मेरे अनुमान से जितनी हिन्दुस्तान की आबादी हैं, उसके हिसाब से चैनल बहुत कम हैं। उपर से घिसे-पिटे कार्यक्रम को बार-बार देखने की गुलामी। हर चैनल 24x7। इसलिए भारतीय नागरिक होने के नाते आपके दुख दर्द को महसूस करते हुए मैं भी एक चैनल शुरू कर रहा हूँ जिसमें लोगों को एकदम खटाखट कार्यक्रम दिखाने का मेरा वादा हैं। चैनल का नाम "ईडियट" चैनल। इसमें जो कुछ दिखाया जायेगा। उससे आप लोग तर होकर वैतरणी तर जायेंगे।

चूंकि हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा मैच -पुलिस-अपराधी, रंगदारी मैच, अपराधी संरक्षण मैच, विपक्षी मैच, घोटाला मैच आदि। इस सभी मैचों के बारे में अख़बारों और पत्र-पत्रिकाओं में लोग पढ़ते ही हैं। पर पढ़ने में उतना मजा नहीं आता, जितना देखने में हैं। इसलिए मेरे चैनल से इन सभी मैचों का सीधा प्रसारण होगा। नो एडिटिंग, नो सेंसर।

प्रयोग के तौर पर, सबसे पहले आपको सिर फुटौवल मैच का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा क्योंकि यही मैच हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा खेला जाता हैं। आइए इस मैच के खास आकर्षण का ट्रेलर देखे - यह मैच इन्डोर मैच हैं जो खुले मैदान की जगह एक बड़े से बंद हॉल में होता हैं जिसमें वातानुकूलन की पूर्ण व्यवस्था रहती हैं। इस मैच में लगभग 545 खिलाड़ी होते हैं। इसमें एक रेफरी भी होता हैं जो सिर्फ खेल को शुरू करवा सकता हैं पर फाऊल होने पर अंगुली (लाल-पीला कार्ड) नहीं उठा सकता। सीटी भी नहीं बजा सकता, हाँ कभी-कभी मैच को कुछ समय के लिए स्थगित कर सकता हैं। पर मैच करवाना उसकी मजबूरी हैं।

चूंकि सभी खिलाड़ी अपने-अपने एरिया के स्वयंभू कप्तान हैं। इसलिए इस मैच में सिर फुटौवल होने की पूरी गुँजाइश रहती हैं। इस मैच में आम आदमी से जुड़ी एक गरीब प्रश्न को गेंद बना कर उछाला जाता है जो सभी के बीच ठोकर खाती इधर से उधर उछलती रहती हैं। इस मैच को बैंलेस करने के लिए सभी खिलाड़ियों को सुविधानुसार पक्ष और विपक्ष में बांट दिया जाता हैं। कुछ कप्तान निर्दलीय होते हैं जो जरूरत के हिसाब से पक्ष और विपक्ष को बाहर से सपोर्ट करते हैं।

इस मैच की विशेषता यह है कि इसे जब तक चाहे खेला जा सकता हैं यह खिलाड़ियों के मुड पर निर्भर करता हैं कभी-कभी मौसम के ठीक न होने की वजह से चालिस दिन, चार महिना या पाँच वर्षों में खिलाड़ी अपना चोला बदल लेते हैं पर ड्रेस वही रहता हैं।पर मैच बंद नहीं होता हैं चूंकि इस मैच में कोई स्कोर बार्ड नहीं होता हैं इसलिए फैसला हमेशा-हमेशा के लिए कोसों दूर होता हैं। इस मैच के भी अफ्रिकन खेल रग्बी की तरह हाथ-पैर दोनों इस्तेमाल होते हैं ,जुबान और धींगा-मुश्ती अलग से। वैसे शुरूआत बातों-बातों से होती हैं फिर गेंद छोड़कर खिलाड़ी जूतम पैजार तक आते हैं। इसमें सभी को एक दूसरे के टांग खिंचने, तोड़ने तथा घायल करने का पूरा प्रावधान होता हैं। इसलिए, खिलाड़ी जमकर खेलते हैं क्योंकि घायल होने पर इलाज के लिए विदेश जाने का नियम हैं इस मैच में बाहर से अस्त्र-शस्त्र लाना मना हैं। पर हॉल के अंदर रखे सभी सामानों को इस्तेमाल करने की पूरी छूट रहती हैं।

यह मैच राष्ट्रीय स्तर पर तो खेला ही जाता हैं पर राज्य स्तरव पंचायत स्तर पर भी होता हैं। अतः इस मैच की लोकप्रियता को बढ़ाने के लिए इसका चौबीसों घंटे सीधा प्रसारण आपके लिए किया जायेगा। ताकि आप आने-अपने प्रिय कप्तानों का खेल देख सकें और आनंद उठा सकें।

**संयोजक : नरेश अग्रवाल**

# पोड़ाहाट के जंगलों का इतिहास

पोड़ाहाट के जंगलों का इतिहास इतिहास में ही दफन होकर रह गया है। सिंहभूम- जो आज भी बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल इन तीनों राज्यों का क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा जिला माना जाता है, पोड़ाहाट इसी सिंहभूम का एक भाग है। पोड़ाहाट के आदिवासियों के पितरों के सरनेम में से सिंह और भूमि शब्दों को जोड़कर "सिंहभूम" शब्द बना। एक मत के अनुसार आदिवासियों के सबसे बड़े देवता सिंगबोंगा के नाम को अपभ्रंश करके सिंहभूम बना दिया गया। इसी पश्चिमी सिंहभूम के मुख्यालय चाईबासा से लेकर खूंटी जिले के बीच में पोड़ाहाट के जंगल अवस्थित हैं। यह रांची चाईबासा का मुख्य मार्ग है। बंदगांव थाना इसी जंगल में पड़ता है। पोड़ाहाट के घने जंगलों का इतिहास है कि भगवान बिरसा ने यहां रोगतो गांव में बिरसा धर्म की दीक्षा दी थी और उनके अनुयायी अभी भी बिरसा पंथ का अनुगमन करते हैं। उनके गांव में अभी भी कच्ची सड़क है, पीने के पानी का अभाव है, बिजली भी यहां तक नहीं पहुंच पाई है। हां, सड़कों की हालत कुछ दुरुस्त की गई है। इस जंगल में भालू, हिरण, सांभर, चित्तीदार हिरण और हाथियों का विशेष स्थान है। यहां के आदिवासी मुख्यत: "हो" हैं और रांची जिला की तरफ बढ़ते हुए मुंडारी और उरांव लोगों की भी बस्तियां हैं। कोयल, कारो, खरकई, रोरो आदि नदियां इस इलाके में बहती हैं। हिरनी जलप्रपात बंदगांव के समीप एक दर्शनीय स्थल है। सरकारें भी इन क्षेत्रों की अनदेखी करती आ रहीं हैं। यहां के ग्रामीण अब भी समानांतर दुनिया से काफी पीछे के समय में जी रहे हैं।



डॉ आकांक्षा चौधरी

## आज का दोहा

वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।
वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चैत्र रामनवमी पर श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ से गुंजायमान होगा पूरा उत्तर प्रदेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र रामनवमी के मंगलमयी उपलक्ष्य में सभी जनपदों में 24 घंटे का श्रीरामचरिमानस का अखंड पाठ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 5 अप्रैल दोपहर से प्रारंभ अखंड मानस पाठ की पूर्णाहुति 6 अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होना चाहिए।मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी जनपदों में देवालयों और मंदिरों में आवश्यक व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बासंतिक नवरात्र और श्री रामनवमी से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देवीपाटन मंदिर, बलरामपुर, शाकुम्भरी देवी मंदिर सहारनपुर, विंध्यवासिनी देवी धाम, मर्जिपुर आदि प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा।

सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या में पूरे देश से लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबंध किए जाने चाहिए। कतारबद्ध श्रद्धालुओं को तेज धूप में खड़े होने में समस्या न हो, इसके लिए जूट मैटिंग कराई जाए। सभी देवालयों में पेयजल के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। छाजन की व्यवस्था कराई जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि चैत्र नवरात्र के दिनों में पूरे प्रदेश में समान रूप से निर्बाध 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के आसपास अंडा, मांस आदि की दुकानें नहीं होनी चाहिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी अवैध स्लाटरिंग न हों। मुख्यमंत्री ने नवरात्र के दृष्टिगत नगर विकास विभाग और ग्राम्य विकास विभाग को क्रमश: नगरों और गांवों में मंदिरों और देवालयों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में स्वच्छ परिवेश सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए जाएं। मुख्यमंत्री ने पुलिस को स्थानीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत भीड़ प्रबंधन और फुट पेट्रोलिंग की बेहतर कार्ययोजना लागू करने के भी निर्देश दिए।

### दिल्ली में पर्यावरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी

**बोलीं राष्ट्रपति**

- सतत सक्रियता से ही संभव होगा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन
- हमें अपनानी होगी पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवनशैली

**पर्यावरण अनुकूल मार्ग पर ही वास्तविक प्रगति होगी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, हमारे देश और पूरे विश्व समुदाय को पर्यावरण के अनुकूल मार्ग पर चलना होगा, तभी मानवता वास्तविक प्रगति कर सकेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहलों के माध्यम से विश्व समुदाय के समक्ष कई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी हितधारकों की भागीदारी से भारत वैश्विक स्तर पर हरित नेतृत्व की भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, हम सभी को वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, जहां हवा, पानी, हरियाली और समृद्धि पूरे विश्व समुदाय को आकर्षित करे।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि यह हमारा नैतिक दायित्व है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम स्वच्छ पर्यावरण की विरासत प्रदान करें। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो, बल्कि उसका संवर्धन भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके।

राष्ट्रपति मुर्मू शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'पर्यावरण-2025' पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से जुड़े सभी दिवस यह संदेश देते हैं कि हमें इनके उद्देश्यों और कार्यक्रमों को प्रतिदिन ध्यान में रखना चाहिए और जहां तक संभव हो इन्हें अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। जागरूकता और सभी की भागीदारी पर आधारित सतत सक्रियता से ही पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन संभव होगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे बच्चों और युवा पीढ़ी को बहुत बड़े पैमाने पर पर्यावरण परिवर्तन का सामना करना होगा और उसमें योगदान देना होगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हर परिवार में बड़े-बुजुर्गों को इस बात की चिंता होती है कि उनके बच्चे किस स्कूल या कॉलेज में पढ़ेंगे और कौन-सा करियर चुनेंगे। यह चिंता जायज है। लेकिन, हम सभी को यह भी सोचना होगा कि हमारे बच्चे किस तरह की हवा में सांस लेंगे, उन्हें किस तरह का पानी पीने को मिलेगा। वे पक्षियों की मधुर आवाज सुन पाएंगे या नहीं, वे हरे-भरे जंगलों की खूबसूरती का अनुभव कर पाएंगे या नहीं। इन विषयों के आर्थिक, सामाजिक और वैज्ञानिक पहलू हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी विषयों से जुड़ी चुनौतियों का एक नैतिक पहलू भी है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो, बल्कि उसका संवर्धन भी हो और पर्यावरण अधिक जीवंत बन सके। स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास के बीच संतुलन बनाना एक अवसर भी है और चुनौती भी। उन्होंने कहा, प्रकृति एक मां की तरह हमारा पोषण करती है। हमें प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करना चाहिए। विकास की भारतीय विरासत का आधार पोषण है, शोषण नहीं। संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। इसी परंपरा का पालन करते हुए हम विकसित भारत की ओर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पिछले दशक में भारत ने अंतरराष्ट्रीय समझौतों के अनुसार अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को समय से पहले पूरा करने के कई उदाहरण हासिल किए हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने हमारे देश के पर्यावरण शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।इसने पर्यावरण न्याय या जलवायु न्याय के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभाई है। एनजीटी द्वारा दिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का हमारे जीवन, हमारे स्वास्थ्य और हमारी धरती के भविष्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण प्रबंधन पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी संस्थाओं और नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का आग्रह किया।

## राम नवमी पर 20-25 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या आने की उम्मीद, व्यवस्था पूरी

**अयोध्या।** 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। देशभर के मंदिरों में चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस कड़ी में अयोध्या स्थिति श्री राम लला के मंदिर में भी चैत्र नवरात्रि को लेकर तैयारियां की गई हैं। यहां रोजाना श्री रामलला के दर्शनार्थ 3 से 4 लाख श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बीच रामनवमी को लेकर भी तैयारियां की जा रही हैं। रामनवमी की तैयारियों को लेकर भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रभु श्री राम के दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। चैत्र नवरात्रि में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना जताई जा रही है। वर्तमान समय में रोजाना 3 से 4 लाख श्रद्धालु भगवान श्री राम के दर्शन कर रहे हैं। राम नवमी में संभावना है कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या अयोध्या पहुंचेगी। भाजपा विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि रामनवमी के दौरान गर्मी अपनी चरम सीमा पर होगी। उसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## टिकट काउंटर से खरीदे टिकट को आईआरसीटीसी की वेबसाइट या पूछताछ नंबर 139 से ऑनलाइन कैंसिल कराया कराया जा सकता है

**ब्यूरो**

- लेकिन रिफंड के लिए आरक्षण काउंटरों के मूल पीआरएस काउंटर पर टिकट जमा करना होगा

**नई दिल्ली।** अब बहुत से लोग ऑनलाइन टिकट खरीद रहे हैं। फिर भी तमाम लोग अभी भी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर से टिकट खरीद रहे हैं। ऐसे टिकटों को यदि कैंसिल करना हो, तो क्या इसे ऑनलाइन माध्यम से कैंसिल कर सकते हैं। इस सवाल पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में जानकारी दी। रेलवे स्टेशन के काउंटर से खरीदे गए टिकट के कैंसिलेशन को लेकर अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि टिकट काउंटर से खरीदे गए टिकट को आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट या पूछताछ नंबर 139 के माध्यम से ऑनलाइन कैंसिल कराया कराया जा सकता है लेकिन राशि प्राप्त करने के लिए रेलवे आरक्षण केंद्र जाना होगा।भाजपा सांसद मेधा विश्राम कुलकर्णी ने रेल मंत्री से टिकट कैंसिलेशन को लेकर सवाल पूछा था। उनका सवाल था कि क्या टिकट रद्द कराने के लिए ट्रेन के प्रस्थान से पहले स्टेशन जाने की ज़रूरत है।इस सवाल को लेकर रेल मंत्री ने लिखित जवाब में राज्यसभा में कहा कि रेलवे यात्री नियम 2015 के तहत निर्धारित समय सीमा के अनुसार पीआरएस काउंटर से लिए गए वेटिंग लिस्ट वाले टिकट को यदि काउंटर पर देंगे तो उसे रद्द कर दिया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में पीआरएस काउंटर टिकट को रेलवे यात्री टिकट रद्द और रिफंड के नियम 2015 के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर आईआरसीटीसी वेबसाइट या 139 के माध्यम से ऑनलाइन भी रद्द किया जा सकता है, लेकिन रिफंड के लिए उन्हें आरक्षण काउंटरों के मूल पीआरएस काउंटर पर टिकट जमा करना होगा। इसके बाद यात्रियों को रिफंड मिल जाएगा।

## पुल निगम के एसडीओ ने किया स्थल का निरिक्षण

**एजेंसी। भागलपुर**

जिले के बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायतन्तर्गत गोविंदपुर-मुसहरी और कहारपुर को सीधे प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने के लिए बिहपुर विस के भाजपा विधायक ईं शैलेंद्र का प्रयास साकार होने वाला है। शनिवार को पुल निगम के एसडीओ अनिल कुमार उक्त स्थल पर पहुंचकर पीपापुल के स्थलीय निरीक्षण कर उसका पूरा मैजरमेंट लिया, जिसके आधार पर उक्त कार्य के लिए कुल लगात का डीपीआर बनेगा। उल्लेखनीय हो कि यहां पर पीपापुल के लिए विधायक शैलेंद्र बीते कई वर्षों से लगे हुए थे। इधर बीते पांच मार्च को भी उन्होंने बिहार विस सदन में शून्य काल के दौरान सरकार और सक्षम मंत्री के समक्ष अपनी मांग को उठायी थी। इस दौरान विधायक शैलेंद्र ने कहा कि उर्पयुक्त दोनों कोसी कटावग्रस्त गांव का वर्तमान में भी प्रखंड मुख्यालय से कोई सड़क संपर्क नहीं है। विधायक के इस मांग पर पर सूबे के मंत्री ने साकारात्मक पहल कराने की बात कही थी। विधायक शैलेंद्र ने बताया कि डीपीआर बन जाने के बाद संभवतः अगले महीने उक्त पीपापुल निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेगें।

## वृद्ध की सरेआम पीट पीट कर हत्या आरोपित गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के ईशाकचक थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमटी नंबर 1 के समीप शनिवार को एक वृद्ध की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की 60 वर्षीय भोला तांती के है। वह राजमिस्त्री का काम करता था। उसे आंख से थोड़ा कम दिखाई देता था। बताया जा रहा है कि वह आज शौच करने के लिए एक वाहन के बगल में बैठा था। इस दौरान अचानक वाहन चालक सह वाहन मलिक अरुण तांती अपने कमरे से निकला और एक मोटा डंडा लेकर लगातार भोला तांती को पीटना शुरू कर दिया।

## महिला कांग्रेस का राजभवन में 33 फीसद महिला आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन

**एजेंसी। पटना**



महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर महिला कांग्रेस की सदस्यों ने शनिवार को राजभवन की ओर मार्च निकाला। यह मार्च महिलाओं के अधिकारों और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया था।इसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं और नारे लगाते हुए अपनी मांगों को बुलंद किया। हालांकि, जैसे ही प्रदर्शनकारी राजभवन के पास पहुंचे, पुलिस ने सुरक्षा कारणों से उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर मार्च को रोकने की कोशिश की, इसके बाद कुछ देर तक वहां तनाव की स्थिति बनी रही। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने पुलिस के इस कदम का विरोध किया और अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने की बात दोहराई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि महिलाओं को उनका हक मिलना चाहिए और इसके लिए आरक्षण जरूरी है। वहीं बिहार कांग्रेस की पूर्व सचिव रीता सिंह ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि महिलाएं, जो देश की आधी आबादी हैं, उन्हें उनका पूरा हक मिलना चाहिए। रीता सिंह ने कहा, "सिर्फ वादे करने से काम नहीं चलेगा। सरकार को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना चाहिए। केंद्र और बिहार में आपकी सरकार है, फिर इसे लागू करने में देरी क्यों हो रही है?"उन्होंने बिहार में महिलाओं की खराब स्थिति का जिक्र करते हुए हाल के अपराधों का उदाहरण दिया। रीता सिंह ने कहा, "कहीं महिलाओं को मारकर उनके पैर में कील ठोक दी गईं। इतने शर्मनाक मामले हो रहे हैं, फिर भी सरकार कहती है कि महिलाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकार महिलाओं को आरक्षण देने की बात करती है, तो इसे लागू करने में क्या रुकावट है। रीता सिंह ने सरकार के पुराने वादों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा, "युवाओं को नौकरी, लोगों के खाते में 15 लाख रुपये देने जैसे वादे किए गए, लेकिन कुछ भी पूरा नहीं हुआ। अब महिलाओं के साथ भी वही ठगी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महिलाएं अब अपने हक के लिए लड़ेंगी और इसे लेकर रहेंगी।

### बिहार बोर्ड 10वीं का रिजल्ट घोषित, 82.11 प्रतिशत उत्तीर्ण

# साक्षी, अंशु और रंजन ने संयुक्त रूप से किया टॉप

**एजेंसी। पटना**



- इस वर्ष 489 अंक लाकर शीर्ष स्थान पर आए तीन विद्यार्थी

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 10वीं (मैट्रिक) परीक्षा 2025 का रिजल्ट शनिवार दोपहर को जारी कर दिया।इसमें कुल 82.11 फीसदी छात्र सफल घोषित किए गए। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सभागार में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने नतीजे की घोषणा की। इस मौके पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ भी मौजूद थे। बिहार बोर्ड के मैट्रिक की परीक्षा इस वर्ष 15.58 लाख विद्यार्थियों ने दी थी, जिसमें 12 लाख 79 हजार 294 ने सफलता पाई। यानी 82.11 प्रतिशत छात्र मैट्रिक की परीक्षा में पास हुए। समस्तीपुर की छात्रा साक्षी कुमारी सबसे ज्यादा अंक लाकर परीक्षा में शीर्ष पर रहीं। इस वर्ष टॉप 10 में कुल 123 छात्र हैं। यहां तक कि शीर्ष स्थान पर भी 3 छात्र हैं। इनमें समस्तीपुर की साक्षी कुमारी, पश्चिम चम्पारण के गहिरी की अंशु कुमारी और भोजपुर के रंजन वर्मा हैं। तीनों ने 489 यानी 97.80 प्रतिशत अंक हासिल किया। बिहार बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित की गई थी। परीक्षा में करीब 15 लाख 58 हजार छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इसके लिए राज्य भर में 1677 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### सीएम नीतीश कुमार ने सफल परीक्षार्थियों को दी शुभकामनाएं

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले सभी परीक्षार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके लिए छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। लड़कियों का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मैं सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग को भी काफी कम समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार बोर्ड के इतिहास में फास्टेस्ट रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र-छात्राओं को आगे की कक्षा में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

## रमजान के बाजार में 2,000 से ज्यादा भेड़ें बिकीं, 2 करोड़ का कारोबार

**सलेम।** तमिलनाडु के सलेम जिले में वीरगनूर मवेशी बाजार में रमजान के दौरान खूब रौनक रही। यहां 2,000 से ज्यादा भेड़ें बिकीं और कुल कारोबार 2 करोड़ रुपये से अधिक हुआ। यह बाजार 100 साल से भी ज्यादा पुराना है और तमिलनाडु के सबसे बड़े मवेशी बाजारों में से एक है। रमजान के मौके पर भेड़ों की बिक्री से व्यापारियों और पशुपालकों के चेहरे पर खुशी छा गई। बाजार में सेमराई, थलैसेरी और नट्टिनाडु जैसी कई नस्लों की भेड़ें बिक्री के लिए लाई गईं। इनकी कीमत 3,500 रुपये से लेकर 25,000 रुपये प्रति भेड़ तक रही।

## सीएम रेखा गुप्ता ने जगन्नाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन , प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**पुरी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को अपने कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा और बीजेपी सांसद संबित पात्रा के साथ ओडिशा के पुरी पहुंचीं। उन्होंने पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलराम जी के दर्शन किए। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के बाद पहली बार पुरी धाम आने और प्रभु के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के चरणों में प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और दिल्ली प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहें। मुख्यमंत्री ने दर्शन के बाद आभार व्यक्त करते हुए कहा, "भगवान के आशीर्वाद से दिल्ली सरकार को 'विकसित दिल्ली' के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। 1 अप्रैल को मनाए जाने वाले ओडिशा दिवस के संदर्भ में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, "इस बार दिल्ली सरकार पहली बार ओडिशा दिवस को धूमधाम से मनाएगी। दिल्ली में भी एक अप्रैल को उत्कल दिवस का आयोजन होगा। दिल्ली में अलग-अलग प्रांतों से लोग अपने सपने लेकर आते हैं। ओडिशा से आए हजारों लोग दिल्ली को गति देने में योगदान दे रहे हैं। वे दिल्ली का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके सुख-दुख में सरकार उनके साथ खड़ी है। उनकी समृद्धि और भविष्य के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## संभल में नवरात्रि से पहले प्रशासन अलर्ट खुले में मीट बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**एजेंसी। संभल**



नवरात्रि के पर्व से पहले संभल प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। नवरात्रि के मद्देनजर नागरिकों ने संभल प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने खुले में मीट की बिक्री करने पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही साफ-सफाई की भी अपील की है। संभल की एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "संभल के कुछ लोगों ने एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें तीन बिंदुओं का जिक्र है। पहला बिंदु यह है कि सड़कों और धार्मिक स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, दूसरा बिंदु है कि धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। तीसरे बिंदु के तहत धार्मिक स्थानों के आसपास खुले में बिक रहे मीट पर प्रतिबंध लगाने और उन पर कार्रवाई की मांग की गई है।"वंदना मिश्रा ने बताया कि साफ-सफाई हर एक त्योहार पर होती है और इस बार भी यह सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही कानून व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं और खुले में मीट बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। संभल में आगामी त्योहारों के कारण पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है और पुलिस के जवान जिले में लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने आईएएनएस को बताया था, "संभल पुलिस प्रतिदिन महत्वपूर्ण कस्बों के अंदर पेट्रोलिंग कर रही है।

## म्यांमार में विनाशकारी भूकंप, भारी तबाही का मंजर

# मृतकों की संख्या 1,000 के पार, 2376 घायल



**मांडले (आईएएनएस)।** म्यांमार में आए एक भूकंप में कम से कम 1,002 लोग मारे गए हैं। 2,376 लोग घायल हुए हैं और 30 लोग अब भी लापता हैं। यह जानकारी म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद की सूचना टीम ने शनिवार को दी। ज्ञात हो कि म्यांमार में शुक्रवार की दोपहर को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। इसके बाद परिवहन और संचार नेटवर्क में भारी दिक्कतें आईं, फिर भी बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। सागाइंग के पास आए इस भूकंप के बाद 2.8 से 7.5 तीव्रता के 12 झटके महसूस किए गए। इससे प्रभावित इलाकों में हालात और खराब हो गए। चारों ओर तबाही का मंजर नजर आ रहा है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, तबाही बहुत बड़ी है। मांडले, बागो, मैगवे, उत्तर-पूर्वी शान राज्य, सागाइंग और ने-पी-ताव सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके हैं। इधर, म्यांमार सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है, क्योंकि आपातकालीन प्रतिक्रिया दल के सदस्य जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। यांगून-मांडले राजमार्ग, जो नेपीता और मांडले के पास स्थित है, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे राहत कार्य में मुश्किलें आ रही हैं। भूकंप से प्रभावित इलाकों में पहुंचने और बचाव कार्य में मदद के लिए लोगों ने पुराने यांगून-मांडले मार्ग का इस्तेमाल किया है। इसके अलावा, मांडले एयरपोर्ट और राजमार्ग के कुछ हिस्सों में इमारतें गिर जाने के कारण यांगून और मांडले के बीच यात्रा और भी मुश्किल हो गई है। निचले म्यांमार से अग्निशमन सेवा कर्मियों समेत बचाव दल पीताव और मांडले जैसे गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। हालांकि, क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे, बिजली की कटौती और फोन-इंटरनेट सेवाओं में परेशानी के कारण राहत कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय सहायता आनी शुरू हो गई हैं। म्यांमार की आपातकालीन प्रतिक्रिया में मदद करने और प्रभावित लोगों को सहायता देने के लिए शनिवार सुबह एक चीनी बचाव दल यांगून पहुंचा। अधिकारी और बचाव दल दिन-रात प्रभावित लोगों की मदद में जुटे हुए हैं। लेकिन, म्यांमार को हाल के समय में आए सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक से उबरने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

### पीएम मोदी ने जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप त्रासदी के बीच शनिवार को म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। मोदी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, म्यांमार के वरिष्ठ जनरल महामहिम मिन आंग ह्लाइंग से बातचीत की। विनाशकारी भूकंप में हुई जानमाल की हानि पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### भारत से राहत सामग्री की पहली खेप यांगून पहुंची

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत ने भूकंप प्रभावित म्यांमार की सहायता के लिए अपने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत शनिवार को 15 टन राहत सामग्री यांगून पहुंचाई। भारतीय वायुसेना का सी-130 जे विमान यह राहत सामग्री लेकर शनिवार को यांगून पहुंचा। इसमें टेंट, कंबल, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, जनरेटर और आवश्यक दवाएं शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सुदूर इलाकों में आई बाढ़

**सिडनी (आईएएनएस)।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ आई है और इस स्थिति में लोगों को हवाई जहाज से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। रिकॉर्ड तोड़ बारिश के कारण क्वींसलैंड राज्य के बाहरी इलाकों में ब्रिस्बेन से 1,000 किलोमीटर पश्चिम में स्थित कई छोटे शहरों में 100 से ज्यादा घर बाढ़ में डूब गए हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बाढ़ चेतावनी जारी की।

### मणिपुर के नोनी में 3.8 तीव्रता का आया भूकंप

**इंफाल (हि.स.)।** मणिपुर के नोनी में शनिवार की दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.8 मापी गई है। फिलहाल भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को मणिपुर के नोनी में दोपहर 02 बजकर 31 मिनट 39 सेकेंड पर 3.8 तीव्रता का भूकंप आया।

# ट्रंप पहले कार्यकाल के हथकंडों को ही और तेज़ी से बढ़ा रहे हैं

- बेशर्मी से "वैकल्पिक तथ्यों" को बढ़ावा देना व वास्तविक तथ्यों को "फर्जी समाचार" करार देना
- वाशिंगटन पोस्ट ने उन चार वर्षों में 30,000 से अधिक झूठे या भ्रामक दावों की गिनती की

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** जनता को क्या जानने की आवश्यकता है? ट्रम्प व्हाइट हाउस इतिहास में सबसे पारदर्शी प्रशासन होने का दावा करते हैं - हालांकि टिप्पणीकारों ने सुझाव दिया है कि एक पत्रकार को सैन्य योजनाओं का अनजाने में लीक होना इसलिए हुआ होगा क्योंकि वरिष्ठ व्यक्ति निगरानी से बचने के लिए सिग्नल जैसे मैसेजिंग ऐप का उपयोग कर रहे थे। पिछले सप्ताह, इसने जॉन एफ कैनेडी की हत्या पर हजारों पन्नों के दस्तावेज जारी किए। डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि कैनेडी का परिवार और अमेरिकी लोग "पारदर्शिता और सच्चाई के हकदार हैं"। आश्चर्यजनक रूप से, सूचना साझा करने की यह घोषित प्रतिबद्धता तब सामने आई है जब उनका प्रशासन डेटा संग्रह को बंद कर रहा है, और सरकारी वेबसाइटों से ज्ञान के मौजूदा भंडार को मिटा रहा है। मुख्य उद्देश्य "जागृत" सामग्री और वैश्विक तापन डेटा को हटाने की इच्छा और संघीय खर्च में कटौती प्रतीत होते हैं। सूचना संसाधन लक्ष्य और संपार्श्विक क्षति दोनों हैं। अन्य राजनीतिक कारक भी संघीय रिकॉर्ड को प्रभावित कर सकते हैं। ट्रम्प ने बिना किसी स्पष्टीकरण के राष्ट्रीय अभिलेखागार के प्रमुख को बीते माह बर्खास्त कर दिया, क्योंकि उन्होंने गोपनीय दस्तावेजों से निपटने के मामले में न्याय विभाग की जांच में निकाय की संलिप्तता के बारे में शिकायत की थी। इसका प्रभाव पहले से ही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय महासागरीय व वायुमंडलीय प्रशासन में कटौती ने न केवल जलवायु रिकॉर्ड को प्रभावित किया है, बल्कि एक चरम मौसम जोखिम उपकरण को भी प्रभावित किया है। पर्ज के परिणाम बेतुके होने के साथ-साथ नुकसानदायक भी हैं। एनालॉग पर एक वेबपेज, जिस विमान ने हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था, ऐसा प्रतीत होता है कि उसे हटाने के लिए चिह्नित किया गया था क्योंकि इसे एलजीबीटीक्यू + मुद्दों के संदर्भ में गलत समझा गया था।फिर भी कैनेडी की हत्या पर डेटा डंप व अन्य सामग्री को हटाने के बीच असमानता कोई विरोधाभास नहीं है। यह प्रशासन के सत्य और ज्ञान के प्रति दृष्टिकोण के बारे में बहुत कुछ बताता है, जिसे वह आकस्मिक और सुविधा का मामला मानता है। (यह स्पष्ट रूप से उस संस्था को भी समाप्त कर रहा है जो पुस्तकालयों को सबसे अधिक संघीय निधि प्रदान करती है।) 1963 में राष्ट्रपति की हत्या न केवल एक ऐसी घटना है जिसके इर्द-गिर्द कई सिद्धांत घूमते हैं, बल्कि इसने षड्यंत्र के सिद्धांत और सत्ता में अविश्वास की व्यापक संस्कृति को बढ़ावा दिया है। यह ट्रम्प या उनके आस-पास के लोगों द्वारा अपनाए गए और प्रचारित किए गए विचित्र और चरम दावों में बदल गया है, जिसमें बर्थरिज्म, पिज़्ज़ा गेट और क्यूएनॉन शामिल हैं। इन तेजी से काल्पनिक कथाओं के वास्तविक दुनिया में परिणाम हुए हैं। तथ्य, विज्ञान व तर्कसंगतता पर ही हमला हो रहा है। अपने पहले कार्यकाल में, ट्रम्प के सहयोगियों ने बेशर्मी से "वैकल्पिक तथ्यों" को बढ़ावा दिया जबकि वास्तविक तथ्यों को "फर्जी समाचार" करार दिया। वाशिंगटन पोस्ट ने उन चार वर्षों में 30,000 से अधिक झूठे या भ्रामक दावों की गिनती की। इस बार, उनका प्रशासन सूचना के मौजूदा स्रोतों को हटा रहा है।बीते माह वेबसाइट, डेटासेट व अन्य जानकारी संघीय स्वास्थ्य वेबसाइटों से गायब हो गई - जैसे कि रोग नियंत्रण केंद्रों के लिए , हालांकि कुछ फिर से दिखाई दिए हैं। एक वैज्ञानिक ने इसे "डिजिटल बुक बर्निंग" कहा। यूनियन ऑफ कंसर्न्ड साइंटिस्ट्स ने चेतावनी दी है कि "कई अमेरिकी एजेंसियों, संस्थानों व विश्वविद्यालयों में किए जाने वाले महत्वपूर्ण विज्ञान कार्य पर लगातार हमले हो रहे हैं"। आवश्यक राष्ट्रीय जानकारी और अभिलेखों का अस्थायी संरक्षण आमतौर पर उन लोगों का काम होता है जो विदेशी आक्रमणों, जिहादी विद्रोहों या तानाशाहों की विनाशकारी ताकत का सामना करते हैं। लेकिन जैसे-जैसे यह अलाव जल रहा है, व्यक्तियों का एक विविध लेकिन प्रतिबद्ध समूह - एक के शब्दों में "परवाह करने वाले बेवकूफ" - डेटा को नष्ट होने से पहले संरक्षित करके वापस लड़ रहे हैं। जिसके चलते तमाम अमेरिकी कहने लगे हैं कि सच्चाई की रक्षा करने के ऐसे लोगों के सराहनीय प्रयास का समर्थन किया जाना चाहिए।

## "भइल बियाह मोर करब का" वाली हालत

# 'चुनाव के दौरान किए गए वादे हमेशा पूरे नहीं होते': अजित

-ब्यूरो



**नई दिल्ली।** गावों में लोग कहते हैं- "भइल बियाह मोर करब का"। यानी मेरा काम तो हो गया, अब आप क्या कर लेंगे? महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने जो कहा है उसके चलते लोग यही कहने लगे हैं। अजीत पवार ने कहा कि मैं महाराष्ट्र की जनता को साफ संदेश दे रहा हूं कि 31 मार्च तक अपने फसल लोन को चुका दें। उन्होंने माना कि चुनावी वादे हमेशा अमल में नहीं लाए जाते हैं ,और इस समय के हालात को देखते हुए फैसले लिए जाएंगे। हालांकि अभी के लिए लोन चुकाना होगा। सकारात्मक बात यह है कि 0 फीसदी ब्याज पर लोन उपलब्ध होंगे।अजित पवार ने राज्य के एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, 'चाहे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हों या उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ,उनका ध्यान लोगों के कल्याण के लिए काम करने पर रहता है। हाल ही में, कई लोगों ने चुनाव घोषणापत्र में कर्ज माफी के वादे के बारे में चिंता जताई थी। 28 मार्च तक मैं इस कार्यक्रम के जरिये महाराष्ट्र के लोगों को साफ तौर पर बताना चाहता हूं कि वे 31 मार्च तक अपने क्रॉप लोन चुका दें। चुनावों के दौरान किए गए वादे हमेशा सीधे तौर पर अमल में नहीं लाए जाते। मौजूदा हालात को देखते हुए भविष्य में फैसले लिए जाएंगे। हालांकि, अभी और अगले साल भी लिए गए लोन को चुकाना होगा। सकारात्मक बात यह है कि 0 फीसद ब्याज पर लोन लेने की व्यवस्था की गई है।' अजित पवार ने कहा कि अकेले बिजली बिल माफ करने से सरकार को करीब 65,000 करोड़ रुपये का खर्च आता है। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी कहा गया वह सीधे तौर पर अमल में नहीं आता है क्योंकि 7.20 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करते समय करीब 65,000 करोड़ रुपये के बिजली बिल माफ किए गए हैं, यानी आपको नहीं, बल्कि हमें यानी सरकार को इसका भुगतान करना है। पवार ने लड़की बहन योजना के लिए आवंटित 45,000 करोड़ रुपये सहित कई कल्याणकारी योजनाओं के वित्तीय बोझ के बारे में भी बताया। इसके अलावा, वेतन, पेंशन और लोन के ब्याज भुगतान के लिए 3.5 लाख करोड़ रुपये की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'अगर हम 65,000 करोड़ रुपये और 3.5 लाख करोड़ रुपये जोड़ते हैं, तो करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये पहले ही खर्च हो चुके हैं। बाकी राशि से स्कूली किताबें, वर्दी, बिजली, पानी और सड़क जैसे जरूरी खर्चों को पूरा करना है।' अजित पवार के बयान के बाद विपक्ष भी हमलावर हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'जनता ने जिन लोगों को प्रचंड बहुमत देकर सत्ता में बिठाया था, वे अब मोनस्टर की तरह बातें और काम कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में कर्जमाफी का वादा करके महायुति ने राज्य के किसानों के वोट लेकर सत्ता हासिल की, लेकिन अब वे जोर देकर कह रहे हैं कि अगर 31 मार्च से पहले फसल ऋण चुका दिया तो कर्ज माफी नहीं होगी। उपमुख्यमंत्री अजित पवार का कर्ज माफी नहीं होने का बयान किसानों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है, 'दादा आपके वादे का क्या हुआ?' अब हमें यही कहना है।

### अफगानिस्तान में लगे भूकंप के झटके

**काबुल (हि.स.)।** म्यांमार के बाद शनिवार की सुबह अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह झटके भारतीय समय के मुताबिक सुबह में 05:16 बजे लगे। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.7 मापी गई है। हालांकि, भूकंप से अफगानिस्तान में किसी नुकसान या फिर हताहत होने की खबर नहीं हैं। नेशनल सेंटर फार सीस्मोलॉजी के मुताबिक अफगानिस्तान में भूकंप सुबह 05:16 बजे आया, जिसकी गहराई करीब 180 किलोमीटर मानी जा रही है।

## नेपाल में राजशाही वापसी आंदोलन के नेताओं की हो रही गिरफ्तारी

# पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह नजरबंद

**काठमांडू (हि.स.)**

नेपाल में पूर्व राजा समर्थक प्रदर्शनकारियों एवं बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हो रही है। राजा समर्थक मानी जाने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा महामंत्री को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व राजा को भी नजरबंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पूर्व राजा ज्ञानेंद्र वीर विक्रम शाह को उनके निर्मल निवास में ही नजरबंद कर लिया गया है। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प, आगजनी की दर्जनों घटनाएं, पत्रकार को जिंदा जलाए जाने की वारदात के बाद पहले गृह मंत्रालय और फिर बाद में प्रधानमंत्री ने शुक्रवार की देर रात को कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई। शुक्रवार की देर रात को प्रधानमंत्री केपी ओली की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में चारों सुरक्षा अंग नेपाली सेना, नेपाल पुलिस, सशस्त्र प्रहरी बल और खुफिया विभाग के प्रमुखों को भी बुलाया गया। इस दौरान मौजूदा परिस्थितियों और उनसे निपटने के बारे में विचार किया गया। बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता पृथ्वी सुब्बा गुरूंग ने कहा कि तोड़फोड़, आगजनी, लूटपाट और पत्रकार को जिंदा जलाने की घटना अमानवीय है। इसको किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जा सकता। आयोजकों को इसका मुख्य जिम्मेदार मानते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता छवि रिजाल ने कहा है कि इस संपूर्ण घटना के लिए आयोजक जिम्मेदार हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सभी बड़े नेताओं की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया। 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। खबर मिली है कि सरकार के निर्देश पर पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के निर्मल निवास को हथियारबंद जवानों और नेपाली सेना द्वारा घेराबंदी कर ली गई है। पुलिस के बड़े अधिकारी के मुताबिक उनको नजरबंद किया गया है । पूर्व राजा और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को निर्मल निवास से बाहर निकलने और बाहर के किसी व्यक्ति को अंदर आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि, पूर्व राजा की हैसियत से ज्ञानेंद्र शाह को अभी भी नेपाली सेना की वीवीआईपी सुरक्षा प्रदान की गई है। उधर, सूत्रों का दावा है कि नेपाल सरकार राजशाही के पक्ष में हो रहे प्रदर्शनों और शुक्रवार को हुई घटना के लिए ज्ञानेंद्र शाह को भी मुख्य जिम्मेदार मान रही है।



### नेपाल में कर्फ्यू हटा

**काठमांडू (आईएएनएस)।** नेपाल के बानेश्वर-टिंकुने और आसपास के इलाकों में शनिवार को तनाव कम होने के बाद कर्फ्यू हटा लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अब तक 51 लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है, जिनमें अधिकतर शीर्ष राजशाही समर्थक प्रदर्शनकारी हैं। इनमें राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा, महासचिव धवल शमशेर राणा, स्वागत नेपाल, शेफर्ड लिम्बू, संतोष तमांग और कुछ अन्य नेता शामिल हैं। नेपाल की पुलिस ने काठमांडू के तिनकुने में हुए राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बाद गिरफ्तारियां तेज कर कर दी हैं।

### काठमांडू में एक पत्रकार सहित दो लोगों की मौत, 110 घायल

काठमांडू में राजशाही को वापस लाने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। एक पत्रकार को जिंदा जला दिया गया, जबकि एक अन्य व्यक्त की पुलिस गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच दिनभर शुक्रवार को चली झड़प के दौरान स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से घायल एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई। वहीं, झड़प की रिपोर्टिंग करने के लिए गए एक पत्रकार की जिंदा जलकर मौत हो गई । प्रदर्शनकारियों ने जिस भवन को आग के हवाले किया, उसी भवन से एक पुरुष का शव निकला, जिसकी पहचान एक स्थानीय टीवी चैनल के कैमरामैन के रूप में की गई। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने एक वीडियो डाला है जिसमें इसी भवन से पुलिस द्वारा मंच पर अश्रु गैस प्रहार करते हुए दिखाया गया है।

# माकपा के नेतृत्व में बदलाव की अटकलें हुई तेज

- तमिलनाडु के मदुरै में 24वां पार्टी कांग्रेस अप्रैल में

**कोलकाता (हि.स.)।**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) अगले महीने तमिलनाडु के मदुरै में अपना 24वां पार्टी कांग्रेस आयोजित करने जा रही है। इस महत्वपूर्ण आयोजन से पहले पार्टी के पोलित ब्यूरो में बड़े बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में कुछ वरिष्ठ नेताओं की जगह नए चेहरे शामिल किए जा सकते हैं। साथ ही, इस कांग्रेस के समापन के बाद पूर्व महासचिव सीताराम येचुरी के उत्तराधिकारी की घोषणा भी होगी। पिछले वर्ष उनके असामयिक निधन के बाद से यह पद रिक्त है। फिलहाल, माकपा के पोलित ब्यूरो में एक सीट येचुरी के निधन के कारण खाली है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि पार्टी के आंतरिक नियमों के चलते सात अन्य वरिष्ठ नेताओं की सीटें भी खाली हो सकती हैं। जिन नेताओं के पद रिक्त होने की संभावना जताई जा रही है, उनमें पूर्व महासचिव और वर्तमान अंतरिम समन्वयक प्रकाश करात, वरिष्ठ नेता बृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्य सचिव डॉ सूर्यकांत मिश्रा शामिल हैं। हालांकि, पिनाराई विजयन का मामला थोड़ा अलग बताया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री पद पर होने के कारण उन्हें पोलित ब्यूरो में 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के रूप में बनाए रखा जा सकता है।

## कहानी फिल्म जगत की

# 'हीरामंडी' से अदिति राव हैदरी को नहीं हुआ लाभ

### फराह से बोलीं, नहीं मिले दिलचस्प ऑफर



**मुंबई (आईएएनएस)।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने खुलासा किया कि उन्हें अपने पति और एक्टर सिद्धार्थ से शादी करने के फैसले में एक सेकंड भी नहीं लगा था। इसी शो में उन्होंने हीरामंडी की सफलता से अपने करियर को खास फायदा न पहुंचने की बात का भी खुलासा किया। अदिति अपनी दोस्त फराह खान के ब्लॉग में दिखाई दीं, जहां दोनों ने एक्ट्रेस की पसंदीदा हैदराबादी डिश 'खगीना' भी बनाई। फराह ने बातचीत के दौरान अदिति से पूछा कि वह कौन सा पल था, जब उन्होंने फैसला किया कि वह सिद्धार्थ से शादी करना चाहती हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, हे भगवान, इसमें एक सेकंड भी नहीं लगा। वह बहुत ही मनोरंजक और बहुत अच्छे इंसान हैं, उनमें कुछ भी बनावटी नहीं है। आप जो देखते हैं वैसा ही पाते हैं और (वह) बहुत प्यारे हैं। अदिति ने कहा, अगर उन्हें पता चलता है कि कोई मेरे बहुत करीब है और मेरे जीवन का हिस्सा है, तो वह सबको एक साथ लाते हैं। मैं भी इसी तरह बड़ी हुई हूं और मैं वास्तव में उनसे प्यार करती हूं। अभिनेत्री ने कहा कि मुझे झूठ बोलने की जरूरत महसूस नहीं होती। वह इसलिए, क्योंकि वह सच में अच्छा गाता है, डांस करता है और अच्छा एक्टर है।

फराह ने यह भी बताया कि एक राउंड टेबल इंटरव्यू में अदिति ने कहा था कि फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' में काम करने के बाद उन्हें लगा कि वह अपने करियर में एक खास मुकाम पर पहुंच गई हैं। अदिति ने कहा, कुछ भी नहीं। हीरामंडी तो छोड़िए, स जी मंडी में भी नहीं। क्योंकि, हीरामंडी के बाद जिस तरह सबने तारीफ की, उसे इतना प्यार मिला। मुझे लगा कि अब तो ढेर सारे रोमांचक ऑफर आएंगे, लेकिन फिर मैं सोचने लगी, 'ये क्या हो रहा है?' सचमुच सूखा पड़ गया। फराह ने कहा, तभी तुमने शादी कर ली। अदिति ने कहा, वास्तव में, हमें इसे अलग-अलग समय पर करना पड़ा, ताकि हम काम पर वापस जा सकें और शादी कर सकें और फिर काम पर वापस आ सकें।








## प्रकृति का त्यौहार सरहुल महोत्सव एक अप्रैल को

# सरहुल प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का पर्व : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सेवा विभाग एवं झारखंड अभिभावक मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि सरहुल महोत्सव झारखंड राज्य में आदिवासी समुदायों द्वारा स्थानीय सरना धर्म के तहत मनाए जाने वाला एक प्रमुख पर्व है। सरहुल पर्व 1 अप्रैल को मनाया जा रहा है। यह त्यौहार हिंदू महीने चैत्र में अमावस्या के तीन दिन बाद मनाया जाता है।

संजय सर्राफ ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति और पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज की श्रद्धा और आदर को दशार्ता है। यह पर्व खासतौर पर उस समय मनाया जाता है, जब पेड़-पौधे, वन्यजीव और भूमि अपना प्राकृतिक सौंदर्य प्रदर्शित करते हैं। सरहुल शब्द का अर्थ होता है बूढ़ा हल, जो खेती के मौसम की शुरूआत और प्राकृतिक उर्वरता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

**● सरहुल पर्व की शुरूआत और महत्व :**

संजय सर्राफ ने कहा कि सरहुल महोत्सव की शुरूआत फसल कटाई के बाद की जाती है, खासकर जब जंगल में नए पेड़-पौधे और फूल खिलते हैं। आदिवासी समाज में यह पर्व प्राकृतिक शक्तियों के प्रति आभार प्रकट करने का समय होता है। खासकर संतान, स्वास्थ्य, और समृद्धि की कामना के लिए यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान, आदिवासी समुदाय अपने देवी-देवताओं के प्रति आस्था प्रकट करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। पर्व की रिवाज और विधियां सरहुल महोत्सव में आदिवासी समुदाय के लोग खासकर महिलाएं, पारंपरिक पोशाक पहनकर गांव के केंद्रीय स्थान पर इकट्ठा होते हैं। इस दौरान गांव के बुजुर्ग सरहुल वृक्ष (जिसे आदिवासी समाज का संरक्षक माना जाता है) की पूजा करते हैं। गांव के लोग पूजा के बाद एकजुट होकर गीत, नृत्य और जश्न में डूब जाते हैं। सर्राफ ने कहा कि आदिवासी नृत्य, जो विशेष रूप से प्रकृति के साथ उनके जुड़ाव को व्यक्त करता है, इस पर्व की प्रमुख विशेषता है। प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक सरहुल महोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह आदिवासी संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। यह पर्व उनके जंगल, पहाड़, नदियों और समग्र प्रकृति के प्रति सम्मान को दशार्ता है। आदिवासी समाज अपने पूर्वजों के ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों के साथ जीवन जीने की कला को संरक्षित करने का प्रयास करता है।

**●समाज में एकता और भाईचारे का संदेश :**

संजय सर्राफ ने कहा कि सरहुल महोत्सव आदिवासी समाज में एकता, भाईचारे और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने का संदेश देता है। यह पर्व न केवल उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को सशक्त करता है, बल्कि हमें भी यह याद दिलाता है कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

सरहुल महोत्सव प्रकृति और संस्कृति की एक अद्वितीय मूरत है, जो जीवन के हर पहलू को सम्मान देता है और हमें प्रकृति से जोड़ने का काम करता है। यह पर्व हमें यह समझने का अवसर देता है कि मनुष्य और प्रकृति का रिश्ता अटूट और अविभाज्य है। यह त्यौहार आदिवासी समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है झारखंड में सरहुल प्रकृति का उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन आदिवासी लोग तालाब में मछली और केकड़ा पकड़ने का कार्य करते हैं।

## झामुमो ने किया तीन जिला समितियों का गठन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने शनिवार को तीन जिला समिति का गठन किया है। पार्टी की ओर से जिन जिलों में समितियों का गठन किया गया है, उनमें से देवघर, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा शामिल हैं। देवघर जिला में अध्यक्ष के तौर पर संजय कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष के रूप में नवल हेंब्रम और इश्तियाक मिर्जा और तेजनारायण वर्मा का नाम शामिल है। वहीं, सचिव के पद पर दिनेश्वर किस्कू और कोषाध्यक्ष के पद पर मनोज दास को जिम्मेवारी दी गई है। पश्चिमी सिंहभूम में अध्यक्ष के रूप में सोनाराम देवगम, उपाध्यक्ष के रूप में इकबाल और दीपक प्रधान, विकास कुमार गुप्ता, दिनेश चंद्र महतो और अकबर खान का नाम शामिल है। वहीं, सचिव के रूप में राहुल आदित्य, सह सचिव के लिए बंधना उरांव और विश्वनाथ बाड़ा, कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाष बनर्जी और प्रवक्ता के रूप में बुधराम लुगरी को जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### ईद, सरहुल और रामनवमी त्यौहारों पर सख्त निगरानी के निर्देश

## झारखंड में पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने आगामी त्योहारों ईद, सरहुल और रामनवमी के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी हैं। इस संबंध में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने शनिवार को आदेश जारी किया। जारी आदेश के अनुसार, विशेष परिस्थितियों में ही संबंधित एसपी, कमांडेंट, डीआईजी और आईजी की अनुमति से अवकाश दिया जाएगा। झारखंड के सात जिले सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अतिसंवेदशील हैं। इनमें रांची, पलामू, हजारीबाग, जमशेदपुर, गिरिडीह, बोकारो, पलामू जिला शामिल है। इन जिलों पर पुलिस की विशेष नजर है।

### माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया था। इस बैठक में जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, और जिले के एसएसपी तथा एसपी शामिल हुए थे। डीजीपी ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए थे। असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर निगरानी रखने और उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करने को भी कहा था। डीजीपी ने जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन करने, धार्मिक स्थलों और जुलूस की ड्रोन से मॉनीटरिंग करने, जिन जिलों में पहले सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतने, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने और किसी भी अफवाह के फैलने पर तुरंत उसका सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा

## झामुमो में शामिल हुई सिमडेगा जिप अध्यक्ष

**रांची।** रांची के हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कैंप कार्यालय में शनिवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए सिमडेगा की जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन ने शनिवार को सदस्यता ग्रहण की। मौके महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने प्रतिमा सोरेन समेत अन्यन लोगों को अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल किया।

# बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच को मिली कैद की सजा

### सात को किया गया बरी, बहुचर्चित बिटुमिन घोटाले का 28 साल पुराना मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बहुचर्चित बिटुमिन घोटाले से जुड़े 28 साल पुराने मामले में एकीकृत बिहार के पूर्व मंत्री इलियास हुसैन समेत पांच अभियुक्तों को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने शनिवार को दोषी करार कर तीन-तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, पांच अभियुक्तों पर 15-15 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने 27.70 लाख रुपए के घोटाले में इलियास हुसैन के साथ शहाबुद्दीन बेग, पवन कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल एवं विनय कुमार सिन्हा को सजा सुनाई है। वहीं, मामले में ट्रायल फेस कर सात आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में 28 साल बाद मुकदमे से बरी किया गया। अदालत ने केदार पासवान, गणपति रामनाथ, शीतल प्रसाद माथुर, तरुण कुमार गांगुली, रंजन प्रधान, शोभा सिन्हा और महेश चंद्र अग्रवाल को बरी किया। अदालत ने बीते 22 मार्च को दोनों पक्षों की अंतिम बहस पूरी होने के बाद फैसले की तारीख निर्धारित की थी। वर्ष 1994 के घोटाले का पदार्फाश वर्ष 1997 में हुआ था। इसके बाद सीबीआई ने मंत्री समेत दो दर्जन अधिकारियों और आपूर्तिकताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर तफ्तीश प्रारंभ की थी। मामला हजारीबाग का रोड निर्माण से जुड़ा हुआ था।



## रिश्वत मामले में दोषी डोरंडा कोषागार के पूर्व अधिकारी को पांच साल की कैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के एसीबी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने रिश्वत लेने के 12 साल पुराने मामले में दोषी करार अभियुक्त डोरंडा कोषागार के तत्कालीन कोषागार अधिकारी पवन कुमार केडिया को शनिवार को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, उस पर 30 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने उन्हें इस मामले में विगत 24 मार्च को दोषी करार दिया था। उन पर 30 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप है। यह रिश्वत विभाग में कार्यरत लिपिक प्रशांत कुमार दास से ले रहे थे। प्रशांत कुमार दास कोषागार में बिल पास करने का काम करते थे। वे कोषागार अधिकारी से दूसरा काम आवंटन करने की गुहार लगा रहे थे। दूसरा काम आवंटित करने के एवज में पवन केडिया ने 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकातयत निगरानी ब्यूरो में 27 मई 2013 को की गई थी। निगरानी ब्यूरो ने टीम गठित कर रिश्वत की राशि के साथ उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### रोजगार के मुद्दे पर बाबूलाल मरांडी ने किया हेमंत सरकार पर हमला, कहा

# युवाओं को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता में नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर रोजगार के मुद्दे पर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता में शामिल नहीं है, बल्कि उनके शोषण का तंत्र बना हुआ है।

मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ण पर लिखा है कि पिछले दरवाजे से एजेंसियों के जरिए बाहरी लोगों को नौकरी पर रखा जा रहा है। झामुमो के नेता तो आदिवासी युवाओं से अनुबंध अधारित चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए भी पैसे की उगाही कर रहे हैं। इस सरकार का पूरा तंत्र ही युवाओं के शोषण में लगा हुआ है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। प्रोटोकॉल के मुताबिक, अध्यक्ष को सारी सुविधाएं भी मिलनी शुरू हो गई हैं, लेकिन युवाओं की



नियुक्ति की फाइल टस से मस नहीं हुई है।

बाबूलाल मरांडी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जब तक मुख्यमंत्री अपनी हिस्सेदारी तय नहीं कर लेते, तब तक न परीक्षा कैलेंडर जारी होगा, न भर्ती परीक्षा होगी और न ही कोई परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि वे गरीब और आदिवासी युवाओं को मुर्गी, अंडा और सुअर बेचने का सुझाव दोबारा दे दें, ताकि वे जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं की तैयारी में समय न गंवाएं।

## वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 20 हजार करोड़ सरेंडर करना पड़ा : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 20 हजार करोड़ रुपए विकास योजनाओं में लगने के बजाय सरेंडर करने की शर्मनाक स्थिति का सामना कर रहा है।

यदि बजटीय धनराशि का सही उपयोग किया जाता, तो राज्य में अधूरी पड़ी सड़क परियोजनाएं पूरी हो सकती थीं। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाया जा सकता था, युवाओं के लिए नए रोजगार सृजित किए जा सकते थे। मरांडी ने सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ण पर शनिवार को लिखा है कि आज ही अखबारों में बड़े-बड़े इश्तिहार देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बजट का बखान कर जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया है। लेकिन, उन्हीं अखबार के पन्नों में दबी बजट के 20 हजार करोड़ रुपए की राशि सरेंडर करने की खबर बताती है कि सरकार की प्राथमिकता विकास और रोजगार जैसे मुद्दे नहीं, सिर्फ भ्रष्टाचार करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं में दूरदृष्टि और प्रभावी कार्यान्वयन की कमी के कारण इतनी बड़ी बजटीय राशि का सरेंडर होना निराशाजनक है।

### सीसीएल में 'सरहुल पूर्व संध्या समारोह' का हुआ भव्य आयोजन

# पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलाता है सरहुल : पवन मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल द्वारा दरभंगा हाउस स्थित गंगोत्री कनवेंशन सेंटर के संगम ऑडिटोरियम में 'सरहुल पूर्व संध्या समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे। यह पर्व प्रकृति को समर्पित पर्व के रूप में जाना जाता है और इस दौरान अनेक लोग पारंपरिक परिधानों में नजर आए। प्रकृति पर्व सरहुल झारखंड के प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जो वनों, जलस्रोतों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति आदर और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है।

- मुख्य अतिथि थे सीसीएल के वित्त निदेशक, विशिष्ट अतिथि थे धर्मगुरु बंधन तिग्गा
- इस आयोजन की शोभा झारखंड के पारंपरिक नृत्य और गीतों ने बढ़ाई



कार्यक्रम में सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, विभिन्न ट्रेड यूनियनों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद रहे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समिति के अध्यक्ष बृज किशोर राम ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन की शोभा झारखंड के पारंपरिक नृत्य और गीतों ने बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ आदि प्रार्थना से हुआ। धर्मगुरु बंधन तिग्गा विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। उनके आध्यात्मिक संदेश ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

विभिन्न गण्यमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन में हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर 'जल, जंगल और जमीन' के संरक्षण की शपथ लेने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम सीसीएल की सरना समिति द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर वक्ताओं ने पारंपरिक संस्कृति को संरक्षित रखने के महत्व पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को समर्पित है और यह हमें अपने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी प्राकृतिक संपदा को बचाने के लिए हमें पौधरोपण को बढ़ावा देना चाहिए और जल संरक्षण के उपायों को अपनाना चाहिए।

इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों में प्रकृति प्रेम और संरक्षण के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार किया और सरहुल पर्व की सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पारंपरिक गीतों और नृत्यों के साथ इस आयोजन का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उल्लास और सांस्कृतिक सौहार्द्र का वातावरण बना रहा। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी सिद्ध हुआ।

## महिलाओं ने जलाया हिंदू राष्ट्र के नाम पर दीया

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ समर्पण और रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शनिवार को मोरहाबादी स्थित कुशुम विहार के स्वपन्न सिंधु में एक दीया हिन्दू राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, बॉलीवुड अभिनेत्री अंतरा दुबे, सामाजिक कार्यकर्ता सिंधु बाला और रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से कहा कि वैसे तो दुनिया भर में नया साल एक जनवरी से नहीं, बल्कि चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा से होता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**टीएसपीसी के नाम पर लेवी...**

अपराधी माइंस और क्रशर के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने जंगल में छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान शाहिद अंसारी, अशोक सिंह, मकसद अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से 315 बोर का देसी कट्टा, लूट गए मोबाइल, नक्सली पर्चा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। मुख्य आरोपी शाहिद अंसारी खुद को टीएसपीसी का एरिया कमांडर बता कर लेवी वसूलने की कोशिश कर रहा था। इससे पहले भी वह कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। गढ़वा पुलिस ने इस कार्रवाई को बड़ी सफलता बताया है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है।

**स्कूल में गया आंसू गैस का...**

जाकर मॉक ड्रिल करनी चाहिए।

**रांची के सिटी एसपी ने कहा :** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि तमाम सुरक्षा मानकों का ख्याल रखकर ही मॉक ड्रिल की जाती है। इसी बीच अचानक तेज हवा चलने की वजह से आंसू गैस का धुआं स्कूल कैंपस तक पहुंच गया। उन्होंने बताया कि स्कूल के ऊपरी तल्ले के क्लास रूम की खिड़कियां खुली हुई थीं। इसी वजह से वहां तक स्मेल पहुंच गया। सिटी एसपी ने बताया कि सभी बच्चे ठीक हैं। उन्हें थोड़ा भी अंदेशा नहीं था कि मॉक ड्रिल स्थल से करीब 100 मीटर दूर मौजूद स्कूल तक गैस का असर पहुंच जाएगा।

### रांची की यातायात व्यवस्था की सुधार पर बोले हाईकोर्ट केअधिवक्ता अरविंद लाल

# जनता को सुधारने से पहले सरकार व्यवस्था सुधारे

**काजल मेहता**

**रांची।** राजधानी रांची में राज्य के कोने कोने से लोग आते हैं। दूसरे देशों से भी पर्यटक आते हैं। लेकिन, रांची की छवि उनके नजर में खराब होती है। इसकी वजह है कि राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था लचर है। इसी बीच चर्चा हो रही है की नए मोटर व्हीकल नियम लागू होने वाला है। इसी संदर्भ में अधिवक्ता अरविंद लाल से बातचीत हुई। उन बातों के प्रमुख अंश।

● **प्रश्न (नवीन मेल) :** रश ड्राइविंग करने वाले सरकारी वाहनों का चालान क्यों नहीं कटता?

**उत्तर (अरविंद लाल) :** यातायात नियमों का पालन करना सड़क सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें सीट बेल्ट लगाना, हेलमेट लगाना, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना, तेज रफ़्तार से बचना और नशे गाड़ी न चलाना शामिल हैं। भारत में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है और हर दिन सैकड़ों लोगों की जान सड़क हादसों में जाती है और इनके पीछे लापरवाही सबसे बड़ी वजह होती है। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। ऐसे में ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वालों पर सख्त जुमार्ना लगाया जाता है। आम जनता के साथ सरकारी वाहनों पर जुमार्ना लगता है। सरकारी वाहनों के कागज पूरे होते हैं, वीआइपी वाहन जो तेज रफ़्तार के साथ सिग्नल से गुजर जाते




हैं, उनसे जुमार्ना वसूला जाता है।

● **प्रश्न :** यातायात नियमों का पालन क्यों नहीं होता?

**उत्तर :** वैसे तो यातायात के कई नियम हैं, लेकिन पालन नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा नियम का पालन तब होगा, जब आम जनों को नियमों का ज्ञान होगा। विद्यालयों में बच्चों को सिखाना चाहिए, और आमजनों के बीच यह यातायात नियमों का अवेअरनेस बढ़ाना चाहिए कि सिग्नल पर कैसे रेड लाइट में वाहन रोकना है, पीली बत्ती जलने पर वाहन तैयार करना है और हरी बत्ती पर वाहन को चलाना है। सिग्नल्स के पास सड़क पर स्टॉप लिखा होता है, लेकिन उसका मतलब भी अधिकतर लोगों को नहीं पता है।

● **प्रश्न :** वीआईपी गतिविधि के दौरान तेज रफ़्तार सरकारी गाड़ियां क्यों चलाई जाती हैं?

**उत्तर :** (अधिवक्ता ने सवालिया अंदाज में कहा) क्या सरकारी वाहनों, अधिकारियों से जुमार्ना वसूला जाता है? जनता को सुधारने से पहले सरकारी वाहनों को चलाने वालों को सुधारना चाहिए। अधिकतर सरकारी वाहनों में नंबर प्लेट नहीं लगे होते हैं, इसलिए सबसे पहले सरकारी वहनों को चेक करना शुरू करना चाहिए निजी वहान खुद सुधर जाएंगे।

● **प्रश्न :** ट्रैफिक समस्या का समाधान क्या है?

**उत्तर :** लाइसेंस बनाने या रिन्यूअल करने में भी दलाली हो रही है। जिस से आम जन परेशान होती है। क्या ट्रैफिक पुलिस को यातायात के सभी नियमों की जानकारी है? सरकार द्वारा महिला ट्रैफिक पुलिस को ट्रेनिंग दी गई है। राजधानी में जितने ट्रैफिक पुलिस की जरूरत है, उतने नहीं हैं। सिर्फ वीआइपी गतिविधियों के वक्त सड़कों पर यातायात पुलिस की भीड़ नजर आती है। वहीं, राजधानी के कोने कोने में सड़कें खराब हैं। जिस तरह से जनता की सुरक्षा के लिए कड़ाई बढ़ाई जा रही है, उसी प्रकार सरकारी वाहनों की सुरक्षा और उसके कारण आम जनता को होने वाली परेशानियों का समाधान निकालना चाहिए।

## नवरात्र व राम नवमी पर मांस मछली बिक्री पर रोक की मांग



- अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने सरकार से किया आग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नवरात्र एवं श्रीराम जन्मोत्सव पर झारखंड में मांस, मछली और शराब की बिक्री बंद करने की मांग उठी है। अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने शनिवार को झारखंड सरकार से इस संबंध में आग्रह किया। स्वामी दिव्यानंद ने कहा कि राज्य की कुल जनसंख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ से भी ज्यादा है, जिसमें लगभग सत्तर प्रतिशत हिन्दू हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि हिंदुओं की भवनाओं का ख्याल रखते हुए, मात्र नवरात्र के कालखंड में मांस, मछली एवं शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए। इस समय पूरे वातावरण में एक दिव्यता, भव्यता एवं पवित्रता का भाव रहता है।

संत समिति ने मांस-मछली व्यवसाय से जुड़े लोगों से भी अपील की कि वे इस पावन समय में हिंदू समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए सहयोग करें।

## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स Vs सनराइजर्स हैदराबाद
दिनांक: 30 मार्च रविवार | स्थान: विशाखा.. | 3:30 बजे से

राजस्थान रॉयल्स Vs चेन्नई सुपर किंग्स
दिनांक: 30 मार्च रविवार | स्थान: गुवाहाटी | 7:30 बजे से

## IPL 2025-अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 02 | 01 | 01 | 02 |
| आरसीबी | 02 | 02 | 00 | 04 |
| पीके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| सीएसके | 02 | 01 | 01 | 02 |
| डीडी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| एलएसजी | 02 | 01 | 01 | 02 |
| एमआइ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| जीटी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| केकेआर | 02 | 01 | 00 | 02 |
| आरआर | 02 | 00 | 02 | 00 |

# मनीषा ने पहला स्वर्ण पदक जीता



**अम्मान (जॉर्डन)।** भारतीय महिला पहलवानों ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, क्योंकि मनीषा ने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां 2025 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा में वापसी करते हुए कांस्य पदक जीता।

जॉर्डन की राजधानी में आयोजित इस प्रतियोगिता का तीसरा दिन भारतीय कुश्ती के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, क्योंकि भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 1 स्वर्ण, 1 रजत और 5 कांस्य हो गई।

दिन का मुख्य आकर्षण मनीषा (62 किग्रा) रहीं, जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को चैंपियनशिप का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने कुछ सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल तक अपना दबदबा बनाया।

कजाकिस्तान की टाइनिस डुबेक (विश्व रैंकिंग 9) को 11-0 से हराने के बाद, विश्व रैंकिंग में नंबर 10 भारतीय ने कोरिया की हनबिट ली को हराया, इसके बाद 2023 एशियाई चैंपियन कलमीरा बिलिमबेकोवा को 5-1 से हराया। एक करीबी मुकाबले में, मनीषा ने डीपीआर कोरिया की ओक जे किम को 8-7 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

इस बीच, 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वापसी कर रही अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चीन की जिन झांग (2024 विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता) पर 10-6 से जीत के साथ जोरदार शुरूआत की।

# सुदर्शन के अर्धशतक से गुजरात का मजबूत स्कोर



**अहमदाबाद।** समाचार लिखे जाने तक सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (63) के बेहतरीन अर्धशतक से गुजरात टाइटंस ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 20 ओवर में आठ विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (38) ने पहले विकेट के लिए 8.3 ओवर में 78 रन की तूफानी ओपनिंग साझेदारी दी। गिल ने 27 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाया। सुदर्शन ने फिर जोस बटलर (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 जोड़े। बटलर ने 24 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाया। सुदर्शन ने 41 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाए और चौथे बल्लेबाज के रूप में 179 के स्कोर पर पवेलियन लौटे। शरफेन रदरफोर्ड ने 11 गेंदों में दो छक्कों के सहारे 18 रन बनाये। राहुल तेवतिया खाता खोले बिना आउट हुए। निचले क्रम में राशिद खान और कैगिसो रबाडा ने एक-एक छक्का लगाते हुए गुजरात को 196 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचा दिया। हालांकि गुजरात ने आखिरी पांच ओवर में 56 रन जोड़कर पांच विकेट गंवाए। वरना स्कोर 200 के पार होता। 230 को सम्मानजनक स्कोर माने जाने वाले युग में यह स्कोर थोड़ा कम दिख सकता है। हालांकि यह पिच जिस तरह की है, उस पर यह स्कोर काफी अच्छा है। पहली पारी में यह पिच पहले छह ओवरों तक बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। उस दौरान तेजी से रन भी बने लेकिन फिर पिच धीमी होने लगी। अगर मुंबई ने फील्डिंग में गलतियां नहीं की होतीं तो शायद 10 रन कम बनते। तेज गेंदबाजों की धीमी गेंदों को मारना काफी मुश्किल हो रहा था। हालांकि एक बात यह भी है कि मैदान पर काफी ओस देखने को मिल रही है।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और जमशेदपुर एफसी सेमीफाइनल के लिए संघर्ष करेंगी

**शिलांग।** नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे यहां अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 प्लेऑफ के दूसरे वन-लेग नॉकआउट मुकाबले में जमशेदपुर एफसी से भिड़ेगी, तो दोनों टीमों का लक्ष्य जीत से सेमीफाइनल में पहुंचना होगा। हाईलैंडर्स 24 मैचों में 10 जीत, आठ ड्रा और छह हार से 38 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर रहे। जमशेदपुर एफसी ने 24 मैचों में 10 जीत, आठ ड्रा और छह हार से 38 अंक लेकर तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया। हाईलैंडर्स जमशेदपुर एफसी (3 जीत, एक ड्रा) के खिलाफ चार मैचों से अपराजित चल रहे हैं। ये दोनों टीमों आईएसएल के इतिहास में पहली बार प्लेऑफ खेलेंगी।

## एक नजर

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ बने नेपाल क्रिकेट टीम के हेड कोच



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्टुअर्ट लॉ को अगले 2 वर्षों के लिए नेपाल पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन (सीएएन) ने इसकी जानकारी दी है। लॉ से पहले मोंटी देसाई नेपाल टीम के कोच थे। उनका कार्यकाल इस साल फरवरी में समाप्त हो गया था। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टुअर्ट लॉ अगले दो वर्षों के लिए नेपाल पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। 56 साल के स्टुअर्ट लॉ ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए वर्ष 1994 से 1999 के बीच क्रिकेट खेला।

### निक नाइट ने सीएसके के रणनीतिगत बदलाव पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने आईपीएल 2025 में रुतुराज गायकवाड़ और डेवोन कॉनवे की सफल ओपनिंग साझेदारी को तोड़ने के चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के फैसले की आलोचना की है। 2023 में सीएसके के खिताब जीतने वाले अभियान के दौरान कॉनवे के साथ ओपनिंग करने वाले गायकवाड़ को पहले दो मैचों में नंबर 3 पर धकेल दिया गया है, जिसमें राहुल त्रिपाठी शीर्ष पर रचिन रवींद्र के साथ जोड़ी बना रहे हैं। हालांकि, गायकवाड़ जल्दी आ रहे हैं, अक्सर दूसरे ओवर में, जिससे नाइट को लगता है कि सीएसके ने कुछ ऐसा ठीक करने की कोशिश की है जो टूटा नहीं था।

## नूपुर श्योराण का भिवानी में जोरदार स्वागत



**भिवानी।** हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हरियाणा की बेटियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 वेट कैटेगरी थीं, जिनमें से 9 गोल्ड मेडल हरियाणा की बेटियों ने जीते और इनमें से 5 गोल्ड मेडल अकेले भिवानी की बेटियों के नाम रहे। इन विजेताओं में एक प्रमुख नाम था, नूपुर श्योराण, जिन्होंने 80+ वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता और पांचवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। नूपुर श्योराण के भिवानी लौटने पर शनिवार को उनका शानदार स्वागत किया गया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा कि यह मेरी पांचवीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप है और मुझे इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। अब मेरी नजरें वर्ल्ड चैंपियनशिप पर हैं, जो सितंबर में इंग्लैंड में होगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा की बेटियां विशेष होती हैं, लड़ना और जीतना हमारे डीएनए में है।

## मेरी प्रक्रिया अच्छी रही, तो नतीजे मेरे पक्ष में होंगे: कुलदीप सेन



**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के मध्यम तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने कहा है कि वह भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचते । उन्हें अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर उनकी प्रक्रिया अच्छी है, तो नतीजे उनके पक्ष में होंगे। वह बस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। भारतीय टी20 टीम में वापसी के बारे में पूछे जाने पर कुलदीप सेन ने 'आईएएनएस' से कहा, मैं अब ठीक हूं। मेरा बस एक ही विचार है- मैं भारत के लिए खेलने के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचता। मुझे अपनी प्रक्रिया पर भरोसा है। अगर मेरी प्रक्रिया अच्छी है, तो मेरे नतीजे मेरे पक्ष में होंगे। मैं बस प्रक्रिया का पालन कर रहा हूं। जब भी मुझे मौका मिलेगा, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। मैं भारत के लिए खेलने के बारे में नहीं सोचता। अगर मैं अच्छा करता हूं, तो मैं खेलूंगा। यही मेरी सोच है। मैं बस प्रक्रिया पर भरोसा करता हूं और उस पर विश्वास करता हूं।

## टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा : पूजा मलिक



**रांची।** राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के अंतिम चरण का खिताब जीतने वाली हॉकी हरियाणा की कप्तान पूजा मलिक ने टूर्नामेंट को लेकर टीम का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमने अंत का लड़ाई लड़ी जिससे हमने फाइनल में जीत दर्ज की। हॉकी हरियाणा ने झारखंड के रांची स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ पर एक करीबी मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा को 3-2 से हराकर राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 (अंतिम चरण) का खिताब जीता। चार जीत, दो हार और एक शूटआउट जीत के साथ हॉकी हरियाणा ने सात मैचों में 15 अंक दर्ज किए और पूल चरण में तालिका में शीर्ष पर रही। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने भी इतने ही अंक हासिल किए। हालांकि हॉकी हरियाणा का गोल अंतर बेहतर रहा। फाइनल में अहाल्या लाकड़ा और दीपिका बारवा ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए गोल किया, जबकि हॉकी हरियाणा के लिए काजल ने दो गोल और सावी ने एक गोल करके जीत सुनिश्चित की। टूर्नामेंट के बारे में बात करते हुए हॉकी हरियाणा की कप्तान पूजा मलिक ने हॉकी इंडिया की ओर से शनिवार को बयान में कहा कि टूर्नामेंट में हमारा अनुभव बहुत अच्छा रहा। हमने कुछ मैच हारे लेकिन हमने अंत तक संघर्ष किया और फाइनल जीता। हम हमेशा आक्रामक हॉकी खेलने की कोशिश करते हैं। हम शुरू से ही दबाव बनाना चाहते थे ताकि हम आगे से हमला कर सकें।

## हमारा अगला बड़ा लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में भारत के लिए पदक जीतना है : हेमराज

**नई दिल्ली।** भारतीय सेपक टकरा टीम के मुख्य कोच हेमराज ने हाल ही में खेले गए सेपक टकरा विश्व कप 2025 में टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की भूमिका पर बात की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हमारा अगला बड़ा लक्ष्य 2026 एशियाई खेलों में भारत के लिए पदक जीतना है। बिहार के पटना में सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय पुरुष रेगु टीम ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। 20 से 25 मार्च तक पाटलिपुत्र इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जापान को 2-1 से हराया। प्रतियोगिता में भारतीय दल ने एक स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य सहित कुल सात पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिलाओं की युगल टीम ने रजत पदक जीता। पुरुषों की युगल टीम, महिलाओं की रेगु टीम, मिश्रित क्वाड टीम, महिलाओं की क्वाड टीम और पुरुषों की क्वाड टीम ने कांस्य पदक जीते।

## डिविलियर्स को आ रही खिताबी जीत की सुगंध, बोले : 10 गुणा बेहतर है मेरी टीम



**चेन्नई ।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की शानदार शुरूआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि इस बार टीम पिछले सत्रों की तुलना में दस गुना बेहतर लग रही है और उम्दा शुरूआत से आगे उसका काम आसान हो जाएगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।आरसीबी के लिए खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट ह्यएबी डिविलियर्स 360' में कहा कि इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है। उन्होंने कहा कि पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैंने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था।



## घरेलू स्टार्टअप ने इस सप्ताह 150 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए




**नई दिल्ली।** घरेलू स्टार्टअप इकोसिस्टम ने इस सप्ताह 150 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए, जो चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि दशार्ता है। मार्च के अंतिम सप्ताह में, 23 भारतीय स्टार्टअप ने कुल 150 मिलियन डॉलर जुटाए, जिसमें पांच विकास-चरण और 17 प्रारंभिक-चरण सौदे शामिल हैं। सप्ताह के दौरान हुए फंडिंग सौदों की संख्या 16 रही। भारत के सबसे बड़े मॉडल पोर्टफोलियो प्लेटफॉर्म स्मॉलकेस ने अपने सीरीज डी फंडिंग राउंड में 50 मिलियन डॉलर जुटाए, जिसमें प्राथमिक और द्वितीयक दोनों तरह के निवेश शामिल हैं। इसे एलेव8 वेंचर पार्टनर्स ने लीड किया, जिसमें नए और मौजूदा निवेशकों की भागीदारी रही।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 138वीं बोर्ड बैठक में 5,600 करोड़ के बजट पर मुहर

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की 138 वीं बैठक शनिवार को संपन्न हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5,600 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्य सचिव एवं प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने की। इस बजट में जमीन अधिग्रहण, विकास एवं निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बजट में जो मुख्य बातें सामने आई हैं, उनके मुताबिक 5,600 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया है। 1,400 करोड़ रुपए जमीन अधिग्रहण पर खर्च होंगे। 1,973 करोड़ रुपए विकास कार्यों के लिए आवंटित होंगे।

# यूपीआई के नए नियम एक अप्रैल से होंगे लागू

### इनएक्टिव मोबाइल नंबर वाले यूजर्स को आ सकती है परेशानी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे।

इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा।

**नए दिशा-निर्देशों के अनुसार,**

इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा।

ऐसे में यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल करने वाले हर यूजर को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि उसके बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एक्टिव हो।

सही मोबाइल नंबर के साथ बैंक रिकॉर्ड अपडेट रखे जाने पर ही यूपीआई सर्विस का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल किया जा सकेगा। इनएक्टिव या दोबारा असाइन किए गए मोबाइल नंबर को लेकर उनसे जुड़ी यूपीआई सर्विस को लेकर परेशानी आ सकती है।

टेलीकॉम डिपार्टमेंट के नियमों के अनुसार, डिसकनेक्ट होने पर मोबाइल नंबर 90 दिन बाद एक नए यूजर को असाइन किया जा सकता है। अगर किसी ग्राहक का मोबाइल नंबर कॉल, मैसेज या डेटा के साथ इस्तेमाल न किया जा रहा हो तो ऐसे नंबर को टेलीकॉम प्रोवाइडर्स डिएक्टिवेट कर देते हैं। इन नंबरों को रिसाइकल या चर्न्ड नंबर कहा जाता है।

नए दिशा-निर्देशों के तहत यूजर का बैंक-वेरिफाइड मोबाइल नंबर यूजर के यूपीआई आइडेंटिटीफायर के रूप में काम करेगा। जिसके साथ यूजर अलग-अलग यूपीआई ऐप्स का इस्तेमाल कर सकता है।

दूसरी ओर बैंक और यूपीआई एप्लीकेशन को भी अपने मोबाइल नंबर रिकॉड्र्स को हर हफ्ते अपडेट करने की जरूरत होगी, जिससे रिसाइकिल या मॉडिफाइड नंबर से होने वाली गलतियों से बचा सके।

किसी स्थिति में अगर एनपीसीआई के वेरिफिकेशन में कुछ देरी होती है तो यूपीआई एप्लिकेशन अस्थायी रूप से न्यूमेरिक यूपीआई आईडी से जुड़ी समस्याओं को इंटरनली हल कर सकते हैं। इन मामलों का डॉक्यूमेंटेशन किया जाना जरूरी होगा और निरीक्षण उद्देश्यों के तहत हर महीने एनपीसीआई को रिपोर्ट किया जाना जरूरी होगा।




## तेजी से बढ़ रही ऊर्जा आपूर्ति और खपत : केंद्र



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि देश ऊर्जा आपूर्ति और खपत दोनों में स्थिर और स्वस्थ वृद्धि का अनुभव कर रहा है। इसी के साथ भारत में रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की अपार संभावनाएं हैं, जो मार्च 2024 तक 21,09,655 मेगावाट थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार, पवन ऊर्जा से ऊर्जा उत्पादन की क्षमता का प्रमुख हिस्सा लगभग 55 प्रतिशत 11,63,856 मेगावाट था। इसके बाद सौर ऊर्जा का 7,48,990 मेगावाट और लार्ज हाइड्रो से 1,33,410 मेगावाट हिस्सा है। रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन की आधी से अधिक क्षमता चार राज्यों 20.3 प्रतिशत राजस्थान, 11.8 प्रतिशत महाराष्ट्र, 10.5 प्रतिशत गुजरात और 9.8 प्रतिशत कर्नाटक में केंद्रित है।

बिजली उत्पादन में भी पिछले कुछ वर्षों में शानदार वृद्धि हुई है। 31 मार्च, 2015 तक 81,593 मेगावाट से बढ़कर यह 31 मार्च, 2024 तक 1,98,213 मेगावाट हो गया है, जो पिछले कुछ वर्षों में 10.36 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि है।

रिन्यूएबल रिसोर्सेस (उपयोगिता और गैर-उपयोगिता दोनों को मिलाकर) से बिजली का सकल उत्पादन भी पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान उत्पादित 2,05,608 गीगावॉट बिजली से यह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 3,70,320 गीगावॉट हो गया है, जो पिछले कुछ वर्षों में 6.76 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि है।

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में ऊर्जा की प्रति व्यक्ति खपत में भी पर्याप्त वृद्धि देखी है। वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान यह 14,682 मेगा जूल/व्यक्ति से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 18,410 मेगा जूल/व्यक्ति हो गया है, जो पिछले वर्षों में 2.55 प्रतिशत की सीएजीआर वृद्धि है।

## भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों का सकारात्मक रुख जारी: बाजार विशेषज्ञ

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों में यह सप्ताह मिलाजुला रहा। इस सप्ताह निफ्टी 50 और सेंसेक्स 30 सूचकांकों में मामूली बढ़त दर्ज की गई, जबकि बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों ने कमजोर प्रदर्शन किया और नकारात्मक दायरे में बंद हुए। कमजोर वैश्विक संकेतों और आगामी अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के बावजूद, बाजार में विदेशी निवेशकों की सकारात्मक धारणा जारी रही। विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि हाल के महीनों में लगातार बिकवाली के बाद, पिछले कुछ सत्रों में एफआईआई शुद्ध खरीदार बन गए हैं। नई (अप्रैल) सीरीज के पहले दिन 28 मार्च को बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स 191.51 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,414.92 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 72.60 अंक या 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,519.35 पर बंद हुआ। बाजार सपाट खुला और पहले हाफ में सुस्त रहा, लेकिन ऑटो और आईटी शेयरों में बिकवाली के दबाव ने दूसरे हाफ में सूचकांकों को नीचे खींच लिया। हालांकि, आखिरी घंटे की खरीदारी ने निफ्टी को 23,500 अंक से ऊपर बंद होने में मदद की। चॉइस ब्रोकिंग के एक नोट के अनुसार, सप्ताह के लिए, सेंसेक्स और निफ्टी में 0.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।